संक्षिप्त समाचार | बिलग्राम पुलिस द्वारा पत्नी की हत्या करने वाला पति हुआ गिरफ्तार..04 | पुलिस की अच्छी सीख : महिला थाना की पहल से टूटा परिवार फिर जुड़ा, साथ ..05

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आपका अपना अखबार, उत्तम हिंदुस्तान

# उत्तम हिन्दुस्तान

उत्तम हिन्दुस्तान हिन्दी दैनिक

मौसम
अधि. 29 | सूर्योदय 05:48
न्यून. 18 | सूर्यास्त 06:27
सोना 1,54,825.00
चांदी 2,60,000

@uttamhindustan @uttamhindustan @uttamhindustan @uttamhindustan

RNI NO- UPHIN/2023/84178

◆ लखनऊ
◆ वर्ष .03 ◆ अंक . 280
◆ मूल्य.1.00/-
◆ पेज .08
◆ लखनऊ,सोमवार 13 अप्रैल,2026

संक्षिप्त समाचार

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर फंसे हैं 20,000 भारतीय नाविक

### ईरान युद्ध के बीच भारत ने लॉन्च किया स्पेशल ऑपरेशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में बातचीत फेल होते ही भारत अलर्ट मोड में आ गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में फंसे 18 जहाजों को निकालने के लिए भारत ने ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इन जहाजों पर लदा माल भारत आना है। भारत के इस ऑपरेशन का उद्देश्य एनर्जी सिक्योरिटी को बहाल करना और भारत के बंदरगाहों पर जमा माल साफ करना है। जंग फिर से शुरू होने की अटकलों के बीच भारत सरकार ने यह ऑपरेशन इसलिए लॉन्च किया, ताकी तेल टैंकर, एलपीजी और पीएनजी से लदे जहाज सुरक्षित रूप से लौट सकें। बता दें कि ईरान बनाम इजरायल और अमेरिका के युद्ध के कारण भारतीय बंदरगाहों पर गंभीर रुकावटें आ रही हैं।



### एलपीजी जहाज ने पार किया होर्मुज

बंदरगाहों को इन जहाज़ों को बर्थिंग में प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार एलपीजी जहाज ग्रीन आशा ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है और मुंबई स्थित पोर्ट की ओर बढ़ रहा है। भारत के अभियान से बंदरगाहों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, जहां करीब 106,890 केजी के कंटेनर और बड़ी मात्रा में खराब होने वाला माल फंसा हुआ है।

## असम के बाद अब बंगाल का रुख करेंगे हेमंत सोरेन

### टीएमसी के लिए मांगेंगे वोट, आदिवासी इलाकों पर फोकस

**रांची (एजेंसी)।** असम में अपने दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवारों के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार करने के बाद अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल्द ही बंगाल का रुख करने जा रहे हैं। वहां वे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में चुनावी अभियान को धार देंगे। उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जबकि झामुमो के वरिष्ठ नेता पहले ही बंगाल पहुंचकर समन्वय की रूपरेखा तैयार करेंगे। ममता बनर्जी के समर्थन में झामुमो पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भी हेमंत सोरेन ने तृणमूल के पक्ष में प्रचार किया था, जिसका असर खासकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में देखने को मिला था। इस बार भी मुख्य फोकस बंगाल के आदिवासी बहुल इलाके होंगे। झारखंड से सटे जंगलमहल क्षेत्र के अलावा उत्तर बंगाल के जिलों में भी उनकी सभाएं प्रस्तावित हैं। इन इलाकों में झामुमो की विचारधारा और सामाजिक आधार को विस्तार देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।






# दुश्मनों के लिए काल बनेगी ध्रुवास्त्र मिसाइल

### एपीजे अब्दुल कलाम ने की थी कल्पना,अब सेना में होगी शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा विकसित ध्रुवास्त्र मिसाइल भारतीय सेना के बेड़े में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह हेलीकॉप्टर से दागी जाने वाली नाग एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का आधुनिक संस्करण है, जिसे पहले हेलिना के नाम से जाना जाता था। यह मिसाइल न केवल भारत की आत्मनिर्भर भारत मुहिम को मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि युद्ध के मैदान में खासकर ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भारतीय वायुसेना और थल सेना की मारक क्षमता को कई गुना बढ़ा देगी।

### थर्ड-जनरेशन फायर एंड फॉरगेट प्रणाली शामिल

ध्रुवास्त्र भारत के इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम का हिस्सा है। इसकी परिकल्पना 1980 के दशक में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नेतृत्व में की गई थी। नाग मिसाइल परिवार के तहत अब तक जमीन से दागी जाने वाली नाग, कैरियर और मैन-पोर्टेबल जैसे कई संस्करण तैयार किए जा चुके हैं। ध्रुवास्त्र इसी कड़ी का हवाई संस्करण है। ध्रुवास्त्र की सबसे बड़ी ताकत इसकी थर्ड-जनरेशन फायर एंड फॉरगेट प्रणाली है। एक बार लक्ष्य पर लॉक होने के बाद, मिसाइल ऑटोमैटिक रूप से उसे ट्रैक कर नष्ट कर देती है।




### स्वदेशी हेलीकॉप्टरों की ताकत

ध्रुवास्त्र को विशेष रूप से लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए तैयार किया गया है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित रुद्र और प्रचंड जैसे अटैक हेलीकॉप्टरों से दागा जा सकता है। हाल ही में सरकार ने 156 प्रचंड हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर दिए हैं। इन हेलीकॉप्टरों पर ध्रुवास्त्र की तैनाती से भारतीय सेना को सीमा पर दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के खिलाफ एक निर्णायक बढ़त मिलेगी। सरकार ने सितंबर 2023 में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से 200 से अधिक ध्रुवास्त्र मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दी थी। एक मिसाइल की लागत 1 करोड़ रुपये से भी कम रहने का अनुमान है। इसकी तैनाती के बाद भारत को रूस या यूरोप से कोंकुर्स और मिलान जैसी पुरानी मिसाइलें आयात करने की जरूरत कम हो जाएगी। ध्रुवास्त्र की सफलता के बाद डीआरडीओ मिशन में काम कर रहा है।

## प्रेमी ने नहीं की बात तो टावर पर चढ़ी प्रेमिका

### चार दिन से रुठा था लवर, टावर पर चढ़ देने लगी जोर-जोर से आवाज

**टीकमगढ़ (नप्र)।** टीकमगढ़ जिले के बैरवार गांव में रविवार को प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक मामला सामने आया। यहां एक युवती अपने प्रेमी से चार दिन से बात न होने से नाराज होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई।



इस्लामाबाद में 21 घंटे तक चली बातचीत बेनतीजा रही

# ईरान-अमेरिका के बीच नहीं बन पाई बात



अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- हमने उन्हें फाइनल ऑफर दिया



ईरान बोला-ट्रम्प की शर्तें ज्यादा सख्त,उन्हें मानना असंभव

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शांति को लेकर चल रही बातचीत बेनतीजा रही। यह 21 घंटे से ज्यादा समय तक चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है। वेंस अपनी टीम के साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। लौटने से पहले उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अमेरिका बिना डील के लौट रहा है। यह अमेरिका से ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समझौते के लिए जरूरी है कि ईरान ये वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। अमेरिका की शर्तें स्पष्ट थीं, लेकिन ईरान ने उन्हें नहीं माना। वेंस ने यह भी कहा कि आगे समझौते की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हम उन्हें फाइनल ऑफर देकर जा रहे हैं। अब देखना है कि ईरान इसे मानता है या नहीं। वहीं, ईरान ने कहा कि अमेरिका की शर्तें जरूरत से ज्यादा सख्त थीं। इस वजह से समझौते का रास्ता नहीं निकल पाया।

# टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए

- पीएम बोले-अब 15 साल का हिसाब देना होगा
- कहा-सिलीगुड़ी की जनसभा उनकी नींद उड़ा देगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि चुनाव के बाद बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आज सिलीगुड़ी की यह जनसभा टीएमसी की नींद उड़ा देगी। पीएम का रविवार को पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन था। वे सिलीगुड़ी में जनसभा कर रहे थे। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा- टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए, लेकिन यहां के विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने टीएमसी के निर्मम शासन काल में इतने सालों में पश्चिम बंगाल की बर्बादी देखी है। उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा। सभा के दौरान पीएम ने सीएए (नागरिकता (संशोधन) अधिनियम) का भी जिक्र किया। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि टीएमसी की सरकार निर्मम है, लेकिन हमने मदद की है।



### देश में एक 'टुकड़े-टुकड़े गिरोह' सक्रिय है

देश में एक टुकड़े-टुकड़े गिरोह सक्रिय है, जिसने सिलीगुड़ी कॉरिडोर को बंद करने की धमकी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलीगुड़ी की जनसभा में कहा कि टीएमसी ने काम नहीं केवल काले कारनामे किए हैं। उन्होंने ने नॉर्थ बंगाल की संरचना को पीछे रखा हुआ है। सिलीगुड़ी में जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी सरकार से पाई-पाई का हिसाब मांग रही है।

# महिला आरक्षण विधेयक पर सरकार की पूरी तैयारी

### बीजेपी ने सांसदों को जारी किया 3 लाइन की व्हिप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर उनसे गुरुवार से शुरू होने वाले संसद के विस्तारित बजट सत्र के दौरान अपने-अपने सदन में उपस्थित रहने को कहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया है। इस दौरान महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर विचार करने एवं इन्हें पारित करने के लिए पेश किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत बुधवार (आठ अप्रैल) को उन प्रारूप विधेयकों को मंजूरी दे दी जिनका उद्देश्य 2029 के संसदीय चुनाव से पहले महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करना है। इनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। भाजपा ने अपने सभी सांसदों को भेजे संदेश में कहा, 16 से 18 अप्रैल 2026 तक यानी आगामी गुरुवार से शनिवार तक लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा के सभी सदस्यों को तीन-लाइन का व्हिप जारी किया जा रहा है। इसने कहा, सभी माननीय केंद्रीय मंत्रियों और सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त तीनों तिथियों पर सदन में उपस्थित रहें। संदेश में कहा गया, सदन में उपस्थिति अनिवार्य है। कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। सदस्यों से अनुरोध है कि वे व्हिप का सख्ती से पालन करें और सदन में अपनी निर्बाध उपस्थिति सुनिश्चित करें।



### परिसीमन कानून में संशोधन के लिए अलग बिल लाएगी सरकार

राज्यों की विधानसभाओं में भी इसी अनुपात में सीटों का आरक्षण होगा। सरकार एक संशोधन बिल के एक संविधान साथ-साथ परिसीमन कानून में संशोधन के लिए अलग साधारण बिल भी लाएगी। ताकि नए सिरे से सीटों का निर्धारण हो सके। नई सीटों का निर्धारण 2027 की जनगणना के बजाय 2011 की जनगणना के आधार पर किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री ने सभी दलों को चिट्ठी लिखी

पीएम मोदी ने लिखा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। महिलाओं को राजनीति में ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की इच्छा सभी पार्टियों ने लंबे समय से जताई है, अब इसे हकीकत में बदलने का समय है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र के जवाब में पत्र लिखकर कहा कि राज्य चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना यह दिखाता है कि सरकार इस कानून को राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में लागू करना चाहती है। खड़गे ने यह भी मांग की कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और परिसीमन से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाए। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

# हेडगेवार ने एकता और आजादी के लिए आरएसएस बनाया था

### भागवत बोले-हिंदू समाज में एकता की कमी,ये बार-बार गुलामी की बड़ी वजह

**निजामाबाद (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से आरएसएस की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था। भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि समाज के भीतर भी एक कमी थी। भागवत शनिवार को तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कंडाकुर्थी गांव में श्री केशव स्फूर्ति मंदिर के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। यह गांव हेडगेवार का पैतृक गांव है। उन्होंने कहा- हममें कोई कमी थी, जिसकी वजह से हमें बार-बार हार का सामना करना पड़ा। इसलिए उस कमी को दूर करना जरूरी था। हिंदुत्व का मतलब दूसरों के साथ मिलकर रहना है।



# युद्धविराम 'वेंटिलेटर' पर

अमरीका-ईरान में युद्धविराम 'वेंटिलेटर' पर है। जिंदा है, सांस चल रही है, लेकिन कभी भी दम तोड़ सकता है। यह युद्धविराम के मात्र दो दिन का सारांश है। यदि इन दोनों देशों के बीच शांति-समझौता नहीं हो पाया अथवा युद्धविराम 'ईमानदार' ही नहीं रहा, तो उसके बाद 'महाविनाश का युद्ध' लगभग तय मानना चाहिए, क्योंकि अमरीका के विराट युद्धपोत, लड़ाकू विमान, मिसाइलें, ड्रोन समेत सैनिक मध्य-पूर्व में ही मौजूद हैं। युद्धविराम के कुछ ही घंटों में इजरायल ने लेबनान के कुछ शहरों में, 10 मिनट के अंतराल में ही, करीब 160 बम बरसाए, नतीजतन 303 से अधिक मासूम, बेगुनाह लोग मारे गए और 1500 से अधिक घायल हुए। इनके अलावा, बहुमंजिला इमारतें ध्वस्त कर दी गईं। यह सरकारी डाटा है। लेबनान की सडक़ों पर हृदयविदारक चीख-पुकार ने मन के भीतर बार-बार सवाल पैदा किए कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू 'सामूहिक नरसंहार' पर आमादा क्यों हैं? क्या वह मनुष्य नहीं हैं? अथवा एक राक्षस ने मनुष्य का मुखौटा पहन रखा है? यदि ऐसे नरसंहारों के प्रभाव में नेतन्याहू चुनाव जीत कर फिर प्रधानमंत्री बन जाते हैं, तो मानवता उस पर थूकती है। वक्त इस हत्यारे का भी आएगा, जब लाश बनने में कुछ पल ही लगेंगे! इजरायल भारत का मित्र-देश है,



लेकिन भारत नरसंहारों को कभी भी समर्थन नहीं देता। सवाल यह नहीं है कि युद्धविराम की परिधि में लेबनान है या नहीं है।

चिंता और सरोकार यह है कि इस नरसंहार के बाद युद्धविराम 'वेंटिलेटर' पर पहुंच गया है। ईरान तिलमिला उठा है। ईरानी संसद के स्पीकर कालीबाफ का मानना है कि युद्धविराम के 10 सूत्रों में से 3 सूत्रों का घोर उल्लंघन हुआ है, लिहाजा किसी शांति-वार्ता या समझौते का कोई मतलब नहीं रहा है। ईरान का आरोप है कि अमरीका इजरायल के जरिए जंग में है और जंगबंदी का ऐलान किया गया है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, खासकर यूरेनियम के संवर्धन और अंततः परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनने के सबसे अहम मुद्दे पर अमरीका-ईरान के दरमियान विरोधाभास पूर्ववत हैं। ईरान परमाणु कार्यक्रम को अपना संप्रभु अधिकार मानता है, जबकि अमरीका उसका संवर्धित यूरेनियम नष्ट कर देना अथवा उसे अपने देश ले जाने पर आमादा है। क्या यही युद्धविराम की आधार-स्थिति है? क्या राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया के 'लठैत चौधरी' हैं? इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग इतनी देर ही खुल पाया कि तेल-गैस का एक ही टैंकर गुजर पाया। ईरान ने लेबनान नरसंहार के बाद होर्मुज को फिर बंद कर दिया है और युद्धविराम से बाहर आने के संकेत भी दिए हैं। ईरान युद्ध के 40 दिनों में वैश्विक स्तर पर 590 अरब डॉलर (करीब 49 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान आंका गया है। ईरान के 13 लाख करोड़ रुपए बर्बाद हो चुके हैं। ईरान के पुनर्निर्माण में 10 साल से अधिक का समय लगेगा। वहां करीब 120 फीसदी मुद्रास्फीति है और करीब 4 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के नीचे जा सकते हैं। ईरान की जीडीपी में करीब 20 फीसदी तक गिरावट संभव है और तेल-निर्यात अवरुद्ध होने से उसे 33,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। ऊर्जा की कीमतों में उछाल से 30 से अधिक बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भी दबाव में हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी की चेतावनी है कि युद्ध के कारण विश्व में ऊर्जा ही नहीं, खाद्य संकट भी गहरा सकता है। भारत को भी ईरान युद्ध के चौतरफा नुकसान झेलने पड़े हैं।

# नहीं छीन सकते मताधिकार

यह भारत के प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकार-मताधिकार-का सवाल है। इसे न तो कोई छीन सकता है और न ही स्थगित कर सकता है। स्थगित के मायने हैं कि कोई बात नहीं, आप पांच साल के बाद वाले चुनाव में मतदान कर लेना। नहीं, यह बिल्कुल गलत, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ऐसा हुआ है और हडक़ंप मचा है। लोगों में भय और आशंका है कि अंततः उनकी नागरिकता रद्द कर दी जाएगी! चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कई राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में किए हैं। बेशक बिहार में तूफान मचा और इसे राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन नाकाम रहीं। चुनाव सम्पन्न हो गया और भाजपा-एनडीए की सरकार बरकरार रही। बंगाल में 'तार्किक विसंगति श्रेणी' की प्रक्रिया के बाद भी 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए। कुल 90.83 लाख से अधिक नाम काटे गए हैं। क्या वे सभी घुसपैठिए या फर्जी मतदाता थे? आयोग ने आज तक यह स्पष्ट क्यों नहीं किया? जिनकी मृत्यु हो गई, उनका आंकड़ा छोड़ दीजिए, उनके अलावा यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। इतने लोगों के मताधिकार छीने गए हैं। चुनाव आयोग के पास मताधिकार छीनने की कोई संवैधानिक शक्ति नहीं है। यदि लाखों नाम काटे गए हैं, तो उनका ब्यौरा भी देना पड़ेगा, क्योंकि यह मौलिक अधिकार का सवाल है। यह आंकड़ा 4 लोकसभा सीट के मतदाताओं की कुल संख्या से भी अधिक है, नतीजतन इस बार के विधानसभा चुनाव में कुल 6,75,54,184 मतदाता ही वोट डाल सकेंगे। बंगाल में एसआईआर से पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से अधिक थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी 7.61 करोड़ से ज्यादा पात्र मतदाता थे। जिन 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम अधर में लटके हैं अथवा जो नाम अब भी संदिग्ध हैं, वे निश्चित तौर पर 23 और 29 अप्रैल के मतदान में मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे, क्योंकि नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मतदाता सूचियां 'फ्रीज' कर दी गई हैं। यानी उनमें अब कोई संशोधन नहीं किया जा सकता। हालांकि ये लाखों मतदाता ट्रिब्यूनल के सामने अपनी शिकायतें, आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं, लेकिन ट्रिब्यूनल ही लूले-लंगड़े हैं। उनके पास कमरा, कुर्सी, मेज, डिजिटल नेटवर्क की सुविधाएं ही नहीं हैं। सर्वोच्च अदालत के आदेश पर जिन न्यायिक समितियों को मतदाताओं के मामलों की जांच करनी थी, उनमें से कई समितियां तो गठित ही नहीं हुई हैं। मतदाताओं को 'न्याय' कौन और कैसे देगा? मान लीजिए कि तार्किक विसंगति के मामलों की जांच के बाद 10 लाख नाम सही पाए गए और उनकी एक पूरक मतदाता सूची चुनाव आयोग ने प्रकाशित भी कर दी, तो उन्हें कौन वोट डालने देगा? क्या चुनाव अधिकारियों को 'पूरक सूची' संबंधी निर्देश दिए गए हैं? वे वोट कैसे डाल सकेंगे, जबकि मतदाता सूचियां तो 'फ्रीज' हो चुकी हैं। पात्र मतदाता भी वोट कैसे डाल सकेगा? इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत के जस्टिस बागची का फैसला 'संवैधानिक' नहीं लगता। उन्होंने कहा है कि ऐसे मतदाता भविष्य की मतदाता-सूची में स्थान पा सकते हैं। वे भविष्य के चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। बेशक हम न्यायाधीश के फैसले पर सवाल नहीं कर सकते, लेकिन यह सवाल जरूर करेंगे कि यह अधिकार किसने दिया कि पांच साल बाद मतदान कर लेना? मताधिकार तो चिरस्थायी, सार्वकालिक, निरंतर है। चुनाव जब भी होंगे, तो देश के नागरिक को अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार 'सदैव' है। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग के संवैधानिक दायित्वों में आता है, लेकिन यह जनता-विरोधी साबित नहीं होना चाहिए। बंगाल में 75-80 फीसदी मुसलमानों के नाम काटे गए हैं और कुछ हिंदुओं या गैर-मुस्लिमों पर भी छुरी चली है, ताकि तटस्थता की बानगी पेश की जा सके। सवाल है कि जिस व्यक्ति ने संविधान के भीतर खूबसूरत, सांस्कृतिक चित्र बनाए, उसके परिजनों को 'मतदाता' क्यों नहीं माना गया? एक पासपोर्ट धारक का नाम सूची से गायब क्यों है? बीएसएफ का जो जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर रहा है, उसे पात्र मतदाता क्यों नहीं माना गया? ऐसी असंख्य विसंगतियां अब भी मौजूद हैं। यदि कोई प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने जाता है, तो उसके साथ दुर्व्यवहार क्यों किया जाता है? क्या वह ही 'महामहिम' हैं? बहरहाल इन मुद्दों पर आंदोलित होना चाहिए। आशा है कि विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होंगे।

# आधी आबादी को पूरा अधिकार, महिला आरक्षण से बदलेगा भारतीय लोकतंत्र का चेहरा

नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीति में कम हिस्सेदारी को सुधारने का प्रयास है। आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा और राजनीति में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5% थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए।

कमजोर प्रतिनिधित्व: आंकड़े बताते हैं कि राजनीति में महिलाएं महत्वपूर्ण तो रहीं, पर ज्यादातर वोट बैंक के नजरिये से। उनको उचित



प्रतिधिनित्व आज भी नहीं मिल पाया है, जबकि हर क्षेत्र में समान अधिकार की बात की जाती है। मौजूदा लोकसभा में महज 14% महिला सांसद हैं, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में तो स्थिति और खराब है – महज 10% महिला विधायक। और जब महिलाओं को मौका ही नहीं मिलेगा, तो यह सुधरेगा कैसे।

लंबा इंतजार: भारत ने अपनी आजादी के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर वोटिंग का अधिकार देकर दुनिया के सामने नजीर पेश की थी, पर इसके अगले चरण – राजनीति में उनकी बराबर भागीदारी में देश पीछे रह गया। साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है।

लोकतंत्र में संतुलन: पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में महिलाओं से विपक्षी दलों पर दबाव बनाने की अपील की, ताकि संसद में महिला आरक्षण बिल बिना किसी विरोध के पास हो सके। आदर्श स्थिति तो यह होगी कि बिल को हर दल का साथ मिले, दबाव बनाने और विरोध की नौबत ही न आए। देर से ही सही, कम से कम अब इस काम को अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए।

नीतियों पर असर: जब सदन में ज्यादा महिलाएं होंगी, तो आधी आबादी से जुड़े मुद्दों को ज्यादा आवाज मिलेगी। उनकी समस्याओं पर ज्यादा सटीक और संवेदनशील चर्चा हो सकेगी, जिससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं की अनगिनत उपलब्धियों के बावजूद राजनीति उन कुछ क्षेत्रों में है, जहां उन्हें बराबर मौके नहीं मिल पाते। महिला आरक्षण बिल इस कमी को दूर करेगा। इस बदलाव का असर पूरे समाज पर पड़ेगा

। महिला आरक्षण का सवाल सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, भारत के लोकतंत्र को और संतुलित व न्यायपूर्ण बनाने का मुद्दा है।

# पंचायत चुनावों के बंद लिफाफे

पंचायत चुनाव से हिमाचल कितना बाहर आएगा, ये कयास सियासत को गर्म होने का मौका अवश्य देंगे। लोकतंत्र के महायज्ञ में स्थानीय निकायों का योगदान, दरअसल समाज और राजनीति शास्त्र के बीच की सन्निकटता या दूरियों को प्रदर्शित करता है। लोक कल्याणकारी नीतियों का रथ अक्सर गांव के दलदल में अपना प्रयास देखता है, तो राष्ट्र के अमृत महोत्सव की बानगी में भाजपा का प्रचार तंत्र सक्रिय दिखाई देता है। रोस्टर की बनावट, रोस्टर की सजावट और अब रोस्टर के बदौलत चुनाव कितने कोस चलते हैं, यह देखना होगा। सच तो यह है कि राजनीति में महिला जागरूकता के आलेख, इस दौरान प्रमाणित व स्वीकृत होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर महिला आरक्षण का रोस्टर मजबूत होने की बाट जोह रहा है, तो हिमाचल की नारी का संग्राम मौजूदा पंचायत चुनावों की परिधि में कुछ गुणात्मक परिवर्तन जरूर लाएगा। पार्टियों के आचरण में तसदीक हो रहा है कि महिला आधार आगे चलकर राष्ट्रीय फलक पर अपना करिश्मा दिखा पाएगा। हम राजनीति की गागर भरने के लिए पंचायत चुनावों के सागर में डुबकी लगा रहे हैं, लेकिन क्या लोकतंत्र के संदर्भों में देश और समाज की आशाएं पूरी होंगी। दिव्य हिमाचल ने अपने सर्वेक्षण के सवाल पर यह पाया कि प्रदेश के 76 प्रतिशत लोग, अपनी अपेक्षाओं और लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप जनप्रतिनिधि नहीं चुन पा रहे हैं। जाति, धर्म, वर्ग और धन बल के आधार पर अगर चुनावों की परिपाटी बन रही है, तो पंचायत से लेकर लोकसभा के सफर तक न जाने कितने कांटे बोए जा चुके हैं।

स्थानीय निकाय चुनावों में रिहर्सल से पहले एक दौर विवादों का रहा है, तो तैयारियों के बीच आपसी रंजिश और नफरत के उबाल क्या पवित्रता से समाज को किसी सूत्र में बांध पाएंगे। निकलेंगी एक-दो पंचायतें जहां सर्वानुमति से कुछ पद सुशोभित होंगे, वरना हाथ मलते ये चुनाव भी निकल जाएंगे। पिछली बार पंचायत चुनावों में युवा शक्ति ने राजनीति का दामन पकड़ते हुए, कुछ लहरें पैदा कीं, लेकिन घाघ चेहरों के समीकरण, हमेशा समाज को संकीर्णता और स्वार्थ से भर देते हैं। हिमाचल में पूरे पंचायती राज की परिभाषा में नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता तो दर्ज होती है, लेकिन पूरे ढांचे की सक्रियता में अभी भी दोष बाकी हैं, इसी के साथ नगर निकायों के बंद लिफाफे भी खुलते हैं, तो क्या हमारे परिवेश का आवरण बदल जाएगा। इस दौरान नए-नए बने नगर निकाय और बड़े होते नगर निगमों के द्वारपाल बने गांवों की क्या स्थिति होगी। क्या नगरों में शामिल पंचायतों की हदबंदी सिमट जाएगी या नई पंचायतों के सूत्रधार पैदा हो जाएंगे। राज्य के परिप्रेक्ष्य में कितनी पंचायतें नगर निकायों की बंदगी में अपना आचरण बदल पाती हैं या पंचायती राज की अभिलाषा में नई हदबंदी हो पाती है, यह देखना होगा। क्या हिमाचल स्थानीय निकाय चुनावों के मुख्य एजेंडा में केवल सियासी एजेंट बन कर ही सोचता रहे या चुनावी कदमताल में सियासी अर्जियां ही काबिज रहेंगी। ग्रामीण दृष्टि का हिमाचल आखिर है कहां। क्या परिवेश में हम गांव को स्थिर-स्थायी बनाने में सफल होने के लिए इन चुनावों में शिरकत करेंगे या राजनीतिक प्रभुत्व की आंच में सत्ता और विपक्ष अपना-अपना खेल खेलेंगे। गांव से शहर तक के सुशासन में कौनसी नई इबारत ये चुनाव लिखेंगे, क्योंकि समाज की पैरवी में अगर जनप्रतिनिधि नहीं खोज पाए, तो इस मुकाबले में सिर्फ ढीठ राजनीतिक प्रवृत्ति ही आमने-सामने होगी।

# ईरान से सुरक्षित लौटा अमेरिकी पायलट, मां के आंसू थमे; 1600 ईरानी माताओं का दर्द कौन समझे?

सोशल मीडिया पर बीते दिनों एक मां का संदेश आया। वह अपने फाइटर पायलट बेटे के लिए परेशान थीं। उन्होंने ङ्क (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा – आज की रात प्रार्थनाओं में उन दो स्न-15 पायलटों को याद रखें, जिनके विमान ईरान में गिरा दिए गए हैं। मां साझा होती हैं और उनकी प्रार्थनाएं सभी पर असर करती हैं। अमेरिका ने तलाशी अभियान चलाकर अपने पायलट बचा लिए, उस मां के बेटे को भी। लेकिन यह सिर्फ एक पहलू है, दूसरी तरफ ईरान की सैकड़ों मां आंसुओं में डूबी हैं।

हजारों मौतें: इस युद्ध में अब तक साढ़े तीन हजार से ज्यादा ईरानियों की मौत हो चुकी है। 1600 से अधिक आम नागरिक मारे गए हैं और करीब 250 बच्चे। संघर्ष के पहले ही दिन तेहरान के पास मिनाब में एक स्कूल पर अमेरिकी मिसाइल गिरी, जिसमें सौ से ज्यादा बच्चों की जान चली गई। ईरान की जिन मां ने अपने बच्चों को गंवाया है, क्या उनके दुख की कल्पना भी की जा सकती है! फिर



पश्चिम एशिया के उन लोगों की भी सोचिए, जो बमों-मिसाइलों के धमाकों की दहशत में दिन-रात गुजार रहे हैं। कहीं यह युद्ध उन्हें हमेशा के लिए बदल न दे।

महात्मा का दर्शन: अमेरिका और इस्राइल इस युद्ध को जरूरी बता रहे हैं, पर यह झूठ है। युद्ध से कोई समाधान नहीं निकलता। हिंसा हमेशा प्रतिहिंसा को जन्म देती है, जिसमें मानवता की आहूति दी जाती है। युद्ध से फायदा होता है तो सिर्फ हथियार बेचने वाली कंपनियों को और उन सत्ताधीशों को, जो इसकी आड़ में राष्ट्रवाद का ज्वार बढ़ाकर अपनी सत्ता बचाने की कोशिश करते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हिंसा का हमेशा इसलिए विरोध करते थे, क्योंकि उनके मुताबिक, अगर इससे कुछ अच्छा दिखता भी है, तो वह अस्थायी होता है, लेकिन उसका बुरा असर स्थायी।

जंग की कीमत: युद्ध इसलिए भी कभी जरूरी नहीं हो सकता, क्योंकि उसके पीछे छूट जाते हैं दुख, प्रतिशोध, अशांति और तबाही। इनसे उबरने में बरसों लग जाते हैं। अगर रूस-यूक्रेन युद्ध की बात करें तो उसमें जितना नुकसान यूक्रेन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुआ है, उसे दोबारा खड़ा करने में करीब 600 अरब डॉलर लगेंगे। एक करोड़ यूक्रेन वासियों को अपना घर छोड़ना पड़ा है, 60 लाख तो देश ही छोड़कर चले गए। इस युद्ध ने भी कई माताओं की गोद सूनी कर दी है। पश्चिम एशिया और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है। शांति से समृद्धि का द्वार खुलता है और युद्ध से विनाश का। इसलिए दुनिया को शांति के रास्ते पर चलना चाहिए।

# विचार: अविश्वास के बीच शांति की तलाश

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच करीब 40 दिन तक जारी लड़ाई को थामने के लिए जो युद्धविराम हुआ, वह बहुत ही नाजुक है। यह आशंका बनी हुई है कि यह कभी भी टूट सकता है। युद्ध विराम की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्ला को निशाना बनाने के लिए एक बड़ा हमला किया, जिसमें करीब दो सौ से अधिक लोग मारे गए। जो युद्ध विराम हुआ, वह कथित तौर पर पाकिस्तान की मध्यस्थता के चलते हुआ।

वह इस मध्यस्थता का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है और अपने को शांति का वाहक भी बता रहा है, लेकिन वह विवादों के घेरे में आया और उपहास का पात्र भी बना। पाकिस्तान के हिसाब से युद्धविराम के दायरे में लेबनान भी था, लेकिन इजरायल ने इससे इन्कार किया और अमेरिका ने भी। इससे ईरान भड़क गया और उसने समुद्री मार्ग होर्मुज बंद रखने की चेतावनी दी। पाकिस्तान कुछ भी दावा करे, यह साफ है कि वह मध्यस्थ के स्थान पर संदेश वाहक की भूमिका में था।

यह उस पोस्ट से साबित हुआ, जिसमें लिखा था कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के लिए जारी की जानी वाली पोस्ट। बाद में यह उजागर भी हुआ कि इस पोस्ट को अमेरिका ने तैयार कर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को भेजा था और इसे खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने देखा था। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान न केवल अमेरिका और ईरान के बीच संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा था, बल्कि चीन के भी संपर्क में था।

चूंकि पाकिस्तान की सीमाएं ईरान से लगती हैं, इसलिए वह यह नहीं चाहता था कि इस युद्ध की आंच उस तक आए या फिर उसकी जमीन का इस्तेमाल अमेरिका करे या उसे सऊदी अरब के बचाव में आगे आना पड़े। दोनों ही सूरतों में उसके ईरान से रिश्ते बिगड़ जाते। पाकिस्तान परमाणु हथियार संपन्न देश अवश्य है, पर उसका कूटनीतिक प्रभाव और प्रतिष्ठा इतनी नहीं कि वह ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच कोई सुलह-समझौता करा पाए।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने इजरायल के खिलाफ एक आपत्तिजनक पोस्ट की, जिसमें लिखा था कि मैं उम्मीद करता हूं कि जिन लोगों ने यूरोपीय यहूदियों से छुटकारा पाने के लिए फलस्तीन जमीन पर कैंसर जैसी विनाशकारी सत्ता (यानी इजरायल) को खड़ा किया, वे नरक में जलें। इजरायल की कड़ी आपत्ति के बाद पाकिस्तानी रक्षा मंत्री को यह पोस्ट डिलीट करनी पड़ी। इस सबके बीच ही पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता हो रही है।

पाकिस्तान के लिए संतोष की बात केवल यह है कि जो युद्ध पश्चिम एशिया के साथ उसे भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा था, उसे खत्म करने और किसी समझौते तक पहुंचने के लिए होने वाली बातचीत उसके यहां हो रही है। यदि इस वार्ता में अमेरिका और ईरान के बीच कोई स्थायी समझौता होता है तो उसमें एक बड़ी भूमिका चीन की हो सकती है, क्योंकि उसका ईरान पर अच्छा-खासा प्रभाव है। माना जाता है कि चीन के कहने पर ही ईरान वार्ता के लिए आगे आया। चीन ने अच्छा-खासा निवेश यूएई और खाड़ी के अन्य देशों में किया हुआ है। युद्ध के चलते उसका यह निवेश खतरे में था। इससे चीन चिंतित था और अपने निवेश को सुरक्षित रखने के लिए पर्दे के पीछे से युद्ध विराम के लिए तत्पर था।

फिलहाल इसका आकलन करना कठिन है कि अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर जो हमला किया, उससे उसे हासिल क्या हुआ, क्योंकि ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन हुआ और न ही उसकी सेना पस्त पड़ी। उलटे वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों में हमले करने में जुटा रहा। इससे खाड़ी देश तो संकट में पड़े ही, अमेरिका की भी परेशानी बढ़ी। युद्ध विराम की घोषणा के बाद भी इजरायल लेबनान को इसलिए निशाना बना रहा है, क्योंकि वहां ईरान समर्थित हिजबुल्ला सक्रिय है। वह इजरायल को निशाना बनाता रहता है। पश्चिम एशिया में यहूदियों और मुसलमानों के बीच एक अर्से से बैर व्याप्त है।

ईरान तो इजरायल को दुनिया के नक्शे से ही मिटाने की बात करता है। उसके साथ-साथ पाकिस्तान जैसे अनेक इस्लामी देश इजरायल से घृणा करते हैं, लेकिन कई अरब देशों का उसके प्रति रवैया बदला है। भले ही इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू लेबनान से बातचीत को तैयार हों, लेकिन कहना कठिन है कि वे हिजबुल्ला के प्रति नरमी बरतेंगे। जहां तक अमेरिका की बात है, चूंकि ईरान युद्ध ट्रंप के गले की फांस बन गया है, इसलिए वे इस सैन्य टकराव से निकलने के लिए कोई सम्मानजनक रास्ता तलाश रहे हैं। इसका ही फायदा ईरान उठा रहा है।

ट्रंप के

किसी तरह युद्ध से निकलने के संकेत इससे मिलते हैं कि वे लंबे खिंचते इस युद्ध के कारण इतने कुंठित हो गए कि ईरान को गालियां देने पर उतर आए। ट्रंप इसलिए मुश्किल में फंस गए हैं, क्योंकि वे न तो ईरान में सत्ता परिवर्तन करा पाए और न ही यह सुनिश्चित कर सके कि उसकी परमाणु हथियार बनाने की क्षमता खत्म हो गई है। अमेरिका के सामने आर्थिक चुनौती भी खड़ी होती जा रही है। ईरान युद्ध पर पैसा खर्च करने के पहले वह यूक्रेन को आर्थिक मदद दे रहा था। उसने गाजा में इजरायल के हमलों के दौरान भी उसकी मदद की। यह भी ध्यान रहे कि ग्रीनलैंड और ईरान युद्ध के चलते उसके नाटो से रिश्ते भी खराब हो गए हैं।

# मालदा घटना से गरमाया बंगाल, चुनाव बना कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए अग्निपरीक्षा

मालदा की घटना और उस पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी बताती है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए परीक्षा बन चुका है। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इससे पहले जिस तरह के हालात बने हैं, उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए बिल्कुल शुभ नहीं माना जा सकता।

स्ङ्क्र पर असंतोष। मालदा के कालियाचक में भीड़ ने 7 न्यायिक अधिकारियों को 9 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। घेराव, लगातार विरोध-प्रदर्शन और चक्का जाम जैसी घटनाओं से जाहिर है कि जमीनी स्तर पर लोगों में स्श्चद्गष्ठ्ठड्डद्य ङ्खठ्ठह्लद्गठ्ठह्यद्ब1द्ग ऋ1द्बह्यद्बशठ्ठ (स्ङ्क्र) को लेकर गंभीर असंतोष है। हालांकि मालदा में उनके गुस्से ने कानून की सीमा को पार कर दिया, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।

प्रशासनिक नाकामी। यह घटना निश्चित तौर पर कानून व्यवस्था की नाकामी का नतीजा है और इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को इतने सख्त शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ा। राज्य में हालात लंबे समय से तनावपूर्ण हैं और पहले भी स्ङ्क्रड्यूटी में लगे



कर्मचारियों को असुरक्षित स्थितियों का सामना करना पड़ा है। अगर जिम्मेदार अधिकारी हालात की गंभीरता का अंदाजा नहीं लगा पाए, तो यह उनकी नाकामी है। गौर करने वाली बात है कि चुनावों के ऐलान के बाद राज्य में ऊपर से नीचे तक बड़े पैमाने पर अफसरों के तबादले हुए हैं।

जनता में अविश्वास। इस घटना के बीच जनता की चिंताओं को भी समझने की जरूरत है। बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के पहले लगभग 7.6 करोड़ वोटर थे और अब करीब 10% कम हो गए हैं। फाइनल लिस्ट के बाद 60 लाख को तार्किक विसंगति में चिह्नित किया गया था। इनमें से अब तक 47 लाख आपत्तियों का निपटारा हो चुका है। हालांकि रिजेक्शन रेट बेहद ज्यादा बताया जा रहा है – 35 से 40% तक। लोगों का आरोप है कि उनके नाम काटे जा रहे हैं। इससे अविश्वास का माहौल है।

दलों की भूमिका। चुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटने नहीं पाएगा। सुप्रीम कोर्ट भी लगातार नजर रखे हुए है और मामले के समाधान के लिए उसने स्ङ्क्र प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों को लगाकर अभूतपूर्व रास्ता निकाला था। इनके बीच जनता और सरकारी मशीनरी के बीच यकीन कायम होना बेहद जरूरी है। यहां राजनीतिक दलों की भूमिका भी बढ़ जाती है। उन्हें इस मुद्दे पर ज्यादा संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। चुनावी प्रक्रिया पर अगर जनता को संदेह होता है, तो इसमें सभी का नुकसान ही है।

उत्तम हिन्दुस्तान हिन्दी दैनिक RNI N0 - UPHIN/2023/84178 स्वामी, प्रकाशक, एवं मुद्रक अशोक कुमार द्विवेदी द्वारा श्री बालाजी प्रकाशन प्रिंटर्स 24 /31 चकमॉकी दुगॉवा नियर राधिका धर्मशाला लखनऊ –226004 (उ0प्र0) से मुद्रित एवं 529 गली नंबर 5 सरोजनी नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाशित संपादक अशोक कुमार द्विवेदी ,समाचार पत्र से संबंधित समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन मान्य होंगे मो0 न. 9452149330 Gmail - info@uttamhindustan.link

सार्वजनिक सूचना राष्टीय हिंदी दैनिक उत्तम हिन्दुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले समस्त लिखो समाचारों व खबरों की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से मात्र खबर के लेखक की होगी संपादक प्रबंध संपादक व संपादकीय पैनल से किसी भी समाचार व खबर से कोई लेना-देना नहीं है हर खबर के लिए उसे खबर से संबंधित पत्रकार लेखक ही उत्तरदाई होगा समस्त आपत्तियां मात्र एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार होगी तो दो प्रांत कोई विवाद आपत्ति मान्य नहीं होगा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अगली सूचना तक न्यायालय लखनऊ उत्तर प्रदेश ही मान्य होगा

## मानसिक विक्षिप्त ने चौकी पर किया तोड़ फोड़,

**आलमबाग।** आलमबाग के चंदन नगर पुलिस चौकी पर रविवार सुबह एक मानसिक विक्षिप्त युवक ने पुलिस चौकी पर तोड़फोड़ कर दिया । पुलिस ने युवक को कस्टडी में ले मेडिकल परीक्षण करा परिजनों के सुपुर्द सौंप दिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया कि रविवार तड़के एक विक्षिप्त युवक ने चौकी पर पथराव कर मेन गेट और खिड़की पर लगे कांच के शीशे पर पथराव कर तोड़ दिया उस दौरान चौकी पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था । पुलिस चौकी से तेज आवाज सुन मौके पर पहुंची पुलिस ईट पत्थर मार रहे युवक को तुरंत कस्टडी में ले लिया। जिसकी पहचान अनिल पुत्र राम खेलावन निवासी ग्राम गुड़वा थाना औरास उन्नाव के रूप में हुआ युवक का मेडिकल परीक्षण कराया गया तो मानसिक रूप से बीमार के विषय में जानकारी हुआ। जिसपर परिजनों को सूचना दे युवक के पिता को बुला विक्षिप्त युवक को उसके पिता के सौपुर्द सौंप दिया गया है।

## बैसाखी के साथ सिक्ख समाज ने जनगणना एवं जागरूकता अभियान का किया शुरुआत,

आलमबाग। कृष्णा नगर के कानपुर रोड बल्दी खेड़ा में स्थित एक निजी होटल के सभागार में रविवार सिक्खी मेरी पहचान संस्था द्वारा बैसाखी पर्व का आयोजन किया गया । इस पर्व के साथ सिक्ख समाज के वरिष्ठजनों ने जनगणना एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिलप्रीत सिंह ने जानकारी दिया कि उत्तर प्रदेश में कितनी सिक्खों की संख्या है इसकी सही गणना नहीं मिल पा रही है जिसके जनगणना और जागरूकता अभियान का शुभारंभ इस बैसाखी पर्व के साथ ही किया जा रहा है। संस्था के वालिंटियर द्वारा प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में संपर्क कर सिक्खों की सही जानकारी हासिल किया जाएगा और डोर टू डोर प्रक्रिया अपनाकर उन्हें जागरूक कर नए वोटर भी बनाए जाएगा जिससे हमारा सिक्ख समाज संगठित हो सकेगा।इस अवसर पर भारतीय सिक्ख संगठन के अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह, उपाध्यक्ष सरदार लखविंदरपाल सिंह,सरदार रणबीर सिंह कलसी,कुलवीर सिंह सोढ़ी, कुलवंत सिंह,मनमोहन सिंह मोनी समेत सिक्ख समाज के सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

## मैट्रो के आगे कूदी महिला,गंभीर घायल ट्रामा में चल रहा है इलाज,

**आलमबाग।** आलमबाग मैट्रो स्टेशन पर रविवार दोपहर एक करीब 30 वर्षीय महिला आत्महत्या के इरादे से मैट्रो स्टेशन के आगे छलांग लगा दी, मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए युवती को ट्रैक से बाहर निकाला और सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने मैट्रो सुरक्षाकर्मियों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवती को ट्रामा से भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे ने मैट्रो स्टेशन सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। आलमबाग इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक महिला आलमबाग मैट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी रहकर मेट्रो ट्रेन का इंतजार कर रही थी और जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, वह उसके आगे कूद गई।घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद मेट्रो स्टाफ और गार्ड्स ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए महिला को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस की मदद से उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। महिला की पहचान नहीं हो सकी है, महिला की हालत में सुधार होने के बाद ही उससे उसकी पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा।

## थाना बंथरा और बिजनौर का किया औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** उपायुक्तदक्षिणी जोन अमित कुमार आनंद ने रविवार क़ो थाना बंथरा और थाना बिजनौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानो की कार्य प्रणाली, साफ सफाई, अभी लेखों के रख रखाव और सुरक्षा ब्यवस्थाओ का गहनता से जायजा लिया। थाना बंथरा मे निरीक्षण के दौरान डी सी पी ने महिला हेल्प डेस्क, माल खाना, बैरक, शस्त्रगार, हवालात, एवं साइबर हेल्प डेस्क का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित अभिलेखों के रख रखाव क़ो चेक करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए. महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतो के त्वरित और संवेदनशील निस्तारण पर विशेष फोकस किया। साथ ही पुलिस कर्मियों क़ो आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत डी सी पी दक्षिणी ने थाना बिजनौर का भी औचक निरीक्षण किया। यहाँ भी उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, माल खाना, बैरक, शस्त्र, हवालात, एवं साइबर हेल्प डेस्क की ब्यवस्थाओ का निरीक्षण किया.। अभिलेखों के सुब्यवस्थित रख रखावऔर लबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। डी सी पी ने दोनों थानो के प्रभारी निरिक्षकों क़ो निर्देशित किया की थाने मे आने वाले फरियादियों की समस्यायो क़ो प्राथमिकता के आधार पर सुना जाय और उनका गुण वत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने साफ सफाई, अनुशासन और ड्यूटी के प्रति सजगता बनाये रखने पर भी बल दिया।

### गर्मी में कटौती के बिना सप्लाई के निर्देश, लोकल फाल्ट पर तत्काल पहुंचे टीम; कर्मचारी संगठनों ने दी चेतावनी

यूपी में गर्मी ने दस्तक दे दी है। इस बीच बिजली विभाग ने गर्मियों को देखते हुए बिजली की सुचारू आपूर्ति की बात कही है। प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रखने की तैयारी शुरू हो गई है। पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। जहां भी लोकल फाल्ट की सूचना मिले तत्काल अवर अभियंता उसे दुरस्त कराएं। कार्पोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि गर्मियों में सभी को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलनी चाहिए। उन्होंने ट्रांसफार्मर खराब न हों, इसके लिए पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। हर ट्रांसफार्मर पर फ्यूज और टेललेस यूनिट लगाने के निर्देश भी दिए हैं। पर्याप्त संख्या में कर्मी की उपलब्ध रखने और निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया है। अध्यक्ष ने राजधानी लखनऊ में बिजली ट्रिपिंग किसी भी कीमत पर न होने देने का निर्देश दिया है।15 अप्रैल से 21 मई तक चलेगा प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की रविवार को फील्ड हॉस्टल में हुई बैठक में चेतावनी दी गई कि बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयां वापस नहीं ली गई, तो आने वाली गर्मियों में बिजली व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसकी पूरी जिम्मेदारी पॉवर कॉर्पोरेशन के शीर्ष प्रबंधन की होगी। समिति ने 15 अप्रैल से 21 मई तक प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा की है।बैठक में स्पष्ट किया गया कि यदि प्रबंधन अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए किसी भी कर्मचारी या अभियंता पर कार्रवाई करता है, तो बिजली कर्मी काम छोड़कर बाहर आने को बाध्य होंगे। समिति ने आरोप लगाया कि एक ओर बिजली कर्मियों का उत्पीड़न हो रहा है, वहीं दूसरी ओर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जनजागरण अभियान के तहत केंद्रीय पदाधिकारी पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे और प्रत्येक जनपद में बिजली उपभोक्ताओं तथा किसानों के साथ संयुक्त सभाएं करेंगे। बैठक को संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे, राहुल बाबू कटियार और जितेंद्र सिंह गुर्जर आदि ने संबोधित किया।

# मुस्कुराइए, आप सरोजिनी नगर विधानसभा के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में हैं - डॉ राजेश्वर सिंह

**सरोजनी नगर विधानसभा बन रही विश्वस्तरीय खेलों का उभरता केंद्र: डॉ. राजेश्वर सिंह स्थानीय खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का संकल्प: डॉ. राजेश्वर सिंह**





**लखनऊ।** डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच आज एकाना स्टेडियम में खेला गया मुकाबला उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का अद्भुत संगम रहा। दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम और रोमांचक माहौल ने इस मैच को एक यादगार अनुभव बना दिया।उन्होंने कहा कि लखनऊ तेजी से विश्वस्तरीय खेल आयोजनों का केंद्र बन रहा है, जो न केवल शहर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस तरह के आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं और खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयारकरते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों के समर्पण और प्रदर्शन को देखना भावुक करने वाला क्षण था, जो यह विश्वास दिलाता है कि सरोजिनी नगर में जमीनी स्तर पर तैयार की जा रही युवा प्रतिभाएं भी एक दिन इसी मंच पर देश का नाम रोशन करेंगी।उन्होंने आगे कहा कि सरोजिनी नगर विधानसभा में क्रिकेट सहित सभी खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि हर स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले से नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आएं।इस अवसर पर श्री राजीव शुक्ला जी, श्री प्रमोद तिवारी जी, श्री संजीव गोयनका जी, श्री तजिंदर पाल सिंह बिट्टू जी, श्री उदय सिन्हा जी, श्री रामेश्वर सिंह जी एवं श्री आरपी सिंह जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ सुपर जायंट्स टीम को आईपीएल के इस सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल प्रदर्शन की कामना की।

### तीसरी बार बढ़ी मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि, अब 22 अप्रैल को आएगी लिस्ट

यूपी में पंचायत चुनाव कब होंगे इस बात की दुविधा के बीच मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख एक बार फिर बढ़ा दी गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख एक बार फिर बढ़ा दी गई है। अब अंतिम सूची 22 अप्रैल को जारी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बारे में जानकारी वेबसाइट के माध्यम से जारी की है।हिमाचल पंचायत चुनाव: 20 तक पूरा होगा पुनरीक्षण, 24 को जारी होगी अंतिम वोटर सूचीशिमलजाएगा। इसके बाद 22 अप्रैल को अंतिम सूची प्रकाशित होगी।

## तेज रफ्तार बस की टक्कर से दादी की मौत, पोता घायल

**हिंदनगर चौराहे पर दर्दनाक हादसा, चालक फरार; परिवार में मचा कोहराम**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हिंदनगर चौराहे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बस ने एक दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उनका पोता घायल हो गया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कृष्णानगर क्षेत्र के न्यू इन्द्रपुरी निवासी गौरव शर्मा अपनी 66 वर्षीय दादी कमलेश शर्मा को लेकर शनिवार सुबह लगभग 9:15 बजे टीवीएस स्पोर्ट बाइक से ममता गैस एजेंसी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हिंदनगर चौराहे के पास पहुंचे, तभी कानपुर रोड की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बस (संख्या P35T8686) ने उनकी बाइक में बाईं ओर से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने केजीएमयू रेफर कर दिया। उपचार के दौरान रविवार सुबह करीब 8:30 बजे उनकी मौत हो गई।घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को टीपी नगर चौकी पर खड़ा करवा दिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने थाना सरोजनीनगर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर है और क्षेत्र में भी घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

## डॉ. अम्बेडकर की पत्रकारिता ने वंचितों को दी आवाज : रीना चौधरी

**प्रेस क्लब सरोजनीनगर की गोष्ठी में पत्रकारिता के सामाजिक सरोकारों पर हुआ मंथन**

**लखनऊ।** पूर्व सांसद रीना चौधरी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने मूकनायक और बहिष्कृत भारत जैसे समाचार पत्रों के माध्यम से समाज के दबे-कुचले वर्गों की आवाज बुलंद की। उनकी पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं थी, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन थी। इसलिए आज के दौर में भी पत्रकारों को जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए निष्पक्ष और साहसी भूमिका निभानी चाहिए। सुश्री चौधरी रविवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रेस क्लब सरोजनीनगर द्वारा आयोजित डॉ. अम्बेडकर की पत्रकारिता का सन्देश एवं सार विषयक गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सहयोग परिवार के संरक्षक राकेश कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारिता समाज में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम है और डॉ. अम्बेडकर के विचार आज भी मार्गदर्शक हैं। जबकि बंथरा नगर पंचायत चेयरमैन प्रतितिधि रंजीत रावत ने कहा

कि पत्रकारिता समाज का आईना है, जो सच्चाई को सामने लाकर जनहित की रक्षा करती है। उन्होंने निष्पक्ष, जिम्मेदार और जनसरोकारी पत्रकारिता पर जोर देते हुए युवाओं से इस दिशा में आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान बीडीसी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप रावत ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज और शासन के बीच संतुलन बनाए रखता है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सन्तान ना होने से मानसिक तनाव में आयी महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव मे जीतू सैनी अपनी पत्नी सरिता सैनी(36वर्ष)के साथ रहते थे।जीतू ने बताया आठ साल पहले उसका विवाह हुआ था लेकिन कोई भी संतान ना होने से पत्नी तनाव में रहती थी,बीते रविवार की सुबह वो टैक्सी चलाने लखनऊ चला गया।घर पर मां दिनेश कुमारी व पत्नी थी,दोपहर दो बजे के करीब पत्नी सरिता ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर छत में लगे पंखे में रूपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।सास ने काफी देर तक बहू के कमरे से कोई भी आहट ना आने पर दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नही आयी जिसके बाद पड़ोसियो को बुलाया तो उन्होने दरवाजा तोड़ा तो अंदर बहू का शव फांसी के फंदे से लटकता देख सास दंग रह गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को फांसी के फंदे से उतारा तो पुलिसकर्मियो को लगा उसकी सांस चल रही है जिसके बाद आनन फानन पुलिसकर्मी महिला को सीएचसी लेकर गये।जहां मौजूद डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।ससुरालीजनो के मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है शादी के आठ साल भी संतान ना होने से महिला सरिता मानसिक रूप से परेशान रहती थी जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**बीमार मां की सेवा करने हर दूसरे दिन मायके जाती थी..**

पति जीतू ने बताया उसकी सास की तबीयत बहुत खराब रहती थी ओर वो चलने फिरने में असमर्थ थी जिसके चलते पत्नी सरिता लगभग रोज अपनी बीमार मां की सेवा करने तेलीबाग जाती थी और खाना पानी बनाकर व मां को खिलाकर घर वापस आ जाती थी,रविवार को भी काम से वापस आकर उसे पत्नी को लेकर मायके जाना था लेकिन उससे पहले ही पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी।बीमार मां सूचना के बाद पति राम सुमिरन व बेटे हेमराज के साथ सीएचसी पहुंची तो बेटी का शव कफन से लिपटा देख कर बिलख पड़ी।उसके आंसू थमने का नाम नही ले रहे थे।परिजनो ने किसी तरह बीमार मां को बेटी के शव से अलग किया।

### यहां की जनता उर्दू नहीं, बांग्ला बोलेगी; नहीं चलने दी जाएगी कठमुल्लापन की संस्कृति

पश्चिम बंगाल की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद यहां की संस्कृति में बदलाव होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की चुनावी जनसभाओं में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर प्रहार किया। कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अपनी तीसरी जनसभा में उन्होंने कहा कि कोलकाता का मेयर कहता है कि यहां की आधी आबादी से उर्दू बुलवाएंगे, मैं उससे बोल रहा हूं कि यहां की जनता उर्दू नहीं, बांग्ला बोलेगी। यहां कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलने दी जाएगी। कोई भी माई का लाल बंगाल की संस्कृति, आन-बान-शान से खिलवाड़ नहीं कर सकता। मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश बंगाल वासियों के साथ खड़ा है। हम टीएमसी के देशद्रोही मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। जिस तरह भाजपा की डबल इंजन सरकार ने यूपी को अराजकता, दंगा व कर्फ्यू मुक्त बनाया है, सरकार बनने पर वैसे ही बंगाल को भी बनाएंगे। यहां की जनता उर्दू नहीं, बांग्ला बोलेगी; नहीं चलने दी जाएगी

## लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल को मिली सीबीएसई बोर्ड की 12वीं तक की मान्यता

**(लखनऊ पब्लिक स्कूल के विभिन्न शाखाओ के दो छात्र यूपीएससी व आठ छात्र पीसीएस परीक्षा में हुये चयनित)**



**लखनऊ ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज समूह के चेयरमैन व सांसद डॉ.एस.पी.सिंह ने रविवार को प्रेसवार्ता करते हुये बताया मोहनलालगंज के डीएलएफ गार्डेन सिटी में संचालित लखनऊ पब्लिक वल्ड स्कूल को कक्षा सीबीएसई बोर्ड की 12वीं तक की मान्यता मिल गयी है।अब स्कूल में कक्षा नौ से लेकर बारहवीं तक के छात्रो को भी प्रवेश मिलेगा।वही उन्होने बताया लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कालेजेज समूह के छात्रो ने देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओ में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर संस्था को गौरवान्वित किया है।यूपीएससी सिविल सर्विसेंज परीक्षा में दो छात्रो का चयन व पीसीएस परीक्षा में आठ छात्रो का चयन हुआ है।हरदोई के माधौगंज शाखा के छात्र योगेन्द्र कुमार का यूपीएससी परीक्षा में 286वीं रैंक हासिल कर आईएसएस में चयन हुआ है।लखीमपुर खीरी शाखा के छात्र सचिन वर्मा का चयन यूपीएससी व पीसीएस दोनो में हुआ है।राजाजीपुरम बी ब्लाक शाखा के छात्र अक्षय कुमार,आनन्दनगर शाखा के छात्र अभिषेक दीक्षित,लखीमपुर खीरी शाखा के छात्र सचिन वर्मा व छात्रा निधि वर्मा,सीतापुर शाखा के छात्र सौरभदीप,अमित कुमार व छात्रा प्रिय गुप्ता का चयन पीसीएस में व माधौगंज शाखा के छात्र आयुष पटेल व मोहम्मद अमन का चयन इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में आफिस सुपरीटेंडेंट के पद पर हुआ है।राजाजीपुरम बी ब्लाक शाखा के छात्र अतिथि कुमार का चयन रिजर्व बैंक आफ इंडिया में ग्रेड बी प्रबंधक के पद पर हुआ है।विद्यालय परिवार इन मेधावी छात्र-छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये।छात्रो की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के लिये गर्व का विषय है।उन्होने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की असली पहचान उसके छात्रों की सफलता से बनती है। जब छात्र अपने लक्ष्य हासिल करते हैं, तो न केवल उनका भविष्य संवरता है बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन होता है।इस मौके पर प्रबंधक निदेशक सुशील कुमार,जनरल मैनेजर हर्षित सिंह, प्रधानाचार्या नवनीत कौर,मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा मौजूद रहे।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर प्रदेशभर में विरोध, उपभोक्ताओं में आक्रोश, ऊर्जा मंत्री ने बुलाई बैठक

स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने ऊर्जा विभाग और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। ऊर्जा मंत्री ने मामले में 13 को बैठक बुलाई है। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था के विरोध में उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर उपभोक्ता प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में बदलने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने ऊर्जा विभाग और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। लखनऊ में प्रीपेड मीटर की बदहाली से उपभोक्ताओं में आक्रोश, पोस्टपेड मीटर लगाने की उठी मांग लखनऊ में प्रीपेड मीटर की बदहाली से उपभोक्ताओं में आक्रोश, पोस्टपेड मीटर लगाने की उठी मांग

प्रदेश में करीब 70 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। जबकि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने स्पष्ट आदेश जारी किया है कि अब सिर्फ स्मार्ट मीटर लगेंगे। उपभोक्ता अपनी मर्जी के हिसाब से प्रीपेड अथवा पोस्टपेड का चयन कर सकता है। इस आदेश के जारी होने के बाद विभिन्न स्थानों पर उपभोक्ता अपने मीटर को पोस्टपेड में बदलने की मांग कर रहे हैं। लखनऊ, गाजीपुर, जौनपुर, उन्नाव, फतेहपुर, जालौन सहित कई जिलों में उपकेंद्रों पर विरोध प्रदर्शन भी होने लगे हैं। यूपी में पंचायत चुनाव: तीसरी बार बढ़ी मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि, अब 22 अप्रैल को आएगी लिस्ट - यूपी: टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ कई शिक्षक संगठनों ने बनाया

## आंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन के लिए बसपा पदाधिकारियों ने डाला डेरा, दो लाख लोगों के आने की संभावना



डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है, जिसकी तैयारियों के लिए सभी 18 मंडलों के जोनल प्रभारियों ने राजधानी में डेरा डाल दिया है। सोमवार रात से कार्यकर्ताओं के राजधानी आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। बहुजन समाज पार्टी आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजधानी में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती सुबह आठ बजे मॉल एवेन्यू स्थित अपने आवास पर डॉ. आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के नाम संदेश जारी करेंगी। आंबेडकर जयंती पर जुलूस-रैली व जनसभा का होगा आयोजन बसपा का मुख्य कार्यक्रम गोमतीनगर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में होगा, जिसमें प्रदेश के सभी 18 मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल समेत सभी मंडलों के जोनल प्रभारी, क्षेत्र प्रभारी और जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ेगा। कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है, जिसकी तैयारियों के लिए सभी 18 मंडलों के जोनल प्रभारियों ने राजधानी में डेरा डाल दिया है। फिलहाल कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और किसी भी पदाधिकारी द्वारा संबोधन नहीं दिया जाएगा।तैयारियों में जुटे पदाधिकारियों के मुताबिक सोमवार रात से कार्यकर्ताओं के राजधानी आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। पार्टी द्वारा मॉल एवेन्यू से गोमतीनगर तक पोस्टर-बैनर लगाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पार्टी के केंद्रीय संयोजक आकाश आनंद छत्तीसगढ़ के रायपुर में और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम राजस्थान में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# बकरी के घर में घुसने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 9 घायल

उत्तम हिंदुस्तान क्राइम ब्यूरो उन्नाव



- ♦सफीपुर C H C से संजय, सुनील, मुकील और रूपा उन्नाव रेफर
- ♦सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस, तहरीर के अनुसार जांच कर, कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी

एस एन त्रिपाठी थाना अध्यक्ष सफीपुर

**सफीपुर उन्नाव** कोतवाली क्षेत्र सफीपुर के मुस्तफाबाद पखरौरा गांव में मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया।

बकरी पड़ोसी के घर में घुसने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें चार महिलाओं समेत कुल नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सफीपुर में भर्ती कराया गया, जहां से चार की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल उन्नाव के लिए रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मुकील ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे उसकी बकरी पड़ोस में रहने वाली पुताना पत्नी रमेश के घर में चली गई थी।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के मध्य में विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि पुताना पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें मुकील, उसके भाई मोनू, सोनू और उनकी पत्नियां अर्चना, पिंकी व रूपा घायल हो गईं। वहीं, दूसरे पक्ष की पुताना पत्नी रमेश का कहना है कि उसकी बेटी पानी भरने के लिए नल पर गई थी, जहां दूसरे पक्ष के रंजीत ने उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की।

विरोध करने पर रंजीत और उसके परिजनों ने पुताना, उसके पुत्र सुनील और संजय के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मारपीट की इस घटना में एक पक्ष से छह और दूसरे पक्ष से तीन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को सीएचसी सफीपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर बृजेश सिंह ने संजय, सुनील, मुकील और रूपा के सिर में गंभीर चोटें देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया।

इस संबंध में सफीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एस.एन. त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों से तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नंबर प्लेट न लगाना, प्लेट पर कालिख लगा देना, कपड़े से ढकना व नंबर बिगाड़ कर चलने वाले वाहनों पर हुई कार्यवाही

## 2 पर खनन एवं मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं में हुई कार्यवाही एवं 11 का चालान

उत्तम हिंदुस्तान उन्नाव



जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर 11 मार्च एवं 12 मार्च की रात्रि में क्षेत्राधिकारी यातायात क्षेत्र अधिकारी हसनगंज, खनन निरीक्षक एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप नवाबगंज टोल एवं दही थाना के अंतर्गत ओवरलोड वाहनों वाहनों पर नंबर प्लेट न लगाना

उस पर कालिक पॉट देना या उसको कपड़ा से ढक देना तथा नंबर बिगाड़ कर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

जिसमें दो ओवरलोड वाहनों को दही में खनन एवं मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं में कार्यवाही की गई। तथा 11 वाहनों में मोटर वाहन नियम की अन्य धाराओं एवं ओवरलोड में चालान किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के अंतरंग भविष्य में भी इसी तरह की करवाई की जाती रहेगी।

# कुशवाहा समाज को लेकर भड़काऊ बयान का आरोप, कार्रवाई की मांग

## वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा पदाधिकारियों ने प्रशासन से की शिकायत



**बिल्हौर /शिवराजपुर** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि कन्नौज निवासी कल्लू यादव नामक व्यक्ति ने खुद को कुशवाहा बिरादरी का बताकर भड़काऊ और भ्रामक बयान दिए हैं। शिकायत में कहा गया है कि वीडियो में संबंधित व्यक्ति ने बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र को लेकर दावा किया कि पूरा कुशवाहा समाज समाजवादी पार्टी के साथ है और उनकी प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाएगा। आरोप है कि इस तरह के बयान से कुशवाहा समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है। आरोप यह भी लगाया गया है कि उक्त व्यक्ति ने भाजपा सरकार पर कुशवाहा समाज के साथ अत्याचार के गंभीर आरोप लगाए और कहा कि सैकड़ों लोगों की हत्या हुई है, जिसे शिकायतकर्ताओं ने पूरी तरह असत्य और भ्रामक बताया है। भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि इस तरह के बयान जातीय विद्वेष फैलाने और समाज को गुमराह करने की साजिश हैं, जो कानूनन अपराध है।

## अंबेडकर जयंती की तैयारियों में जुटे सभासद पति व बसपा नेता चौधरी राघवेंद्र सिंह, पार्क में चलाया सफाई अभियान, बोले - हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे जयंती



**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो हाथरस** अंबेडकर जयंती के मद्देनजर नगर क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 नगला अलगर्जी में चौधरी राघवेंद्र सिंह (सभासद पति) ने रविवार दोपहर अंबेडकर पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पार्क परिसर की साफ-सफाई के लिए बुलडोजर मशीन का उपयोग किया गया, जिससे फैली गंदगी को हटाकर पूरे परिसर को व्यवस्थित किया गया। आयोजन को ध्यान में रखते हुए पार्क को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। चौधरी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए साफ-सफाई, सजावट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# कोतवाली सदर पुलिस की बड़ी सफलता, अंतर्जनपदीय गांजा तस्करी का भांडा फोड़

राजेश अग्निहोत्री उत्तम हिंदुस्तान



- ✸1 कार Up 70 PT 6360 व 10 लाख रूपये कीमत का 50 किलो गांजा 2 तस्कर गिरफ्तार
- ✸SP जेपी सिंह, एडिशन अखिलेश सिंह, सहा. पुलिस अ. क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव, ट्रेनी IPS संचित शर्मा रहे मौजूद

**उन्नाव ब्यूरो**- दिनांक 11. 4. 26 को उप निरीक्षक राम आनन्द पटेल पुलिस टीम के साथ सरोवर मोड़ पर रात्रि संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग कर रहे थे।

तभी अचानक एक सफेद रंग की बैगनार कार Up 70 PT 6360 को मरहला की तरफ से आकर अचानक सरोसी जाने वाली सड़क मार्ग पर आगे मैनी खेडा रेलवे क्रासिंग बंद होने के कारण रेलवे क्रासिंग से 20 मीटर पहले रोका गया ।

गाडी में बैठे दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो व्यक्तियों ने अपना नाम जितेन्द्र तिवारी उर्फ जीतू पुत्र राजेश तिवारी निवासी ग्राम सेंगरहा पोस्ट बैरमपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम आदर्श कुमार तिवारी उर्फ राज पुत्र मनोज कुमार तिवारी निवासी ग्राम सेंगरहा पोस्ट बैरमपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी बताया।

पुलिस द्वारा भागने का कारण पूछने पर घबराते हुए दोनों ने गाडी में अवैध गांजा होना तथा पकड़े जाने के डर से भागना बताया।

पुलिस ने जब शक्ती से पूछताछ की तो अभियुक्त द्वारा उक्त गांजा मध्य प्रदेश से खरीद कर अपने वाहन के माध्यम से दिल्ली ले जाकर बेचे जाने की बात बतायी गयी। उक्त 50 किलो गांजे की बाजारू अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रूपये बताई गई है।

बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 215/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## इन्हेलर पंप हाथ में रह गया, हादसे में चली गई बुजुर्ग जान

बजरिया थाना क्षेत्र के कर्नलगंज में शनिवार शाम तीसरी मंजिल पर जीने से चढ़कर गए सांस की बीमारी से पीड़ित बुजुर्ग कृष्ण कुमार (61) की हालत बिगड़ गई। जेब में रखा इन्हेलर पंप मुंह तक लाने से पहले ही वह गश खाकर जीने पर लड़खड़ाते हुए नीचे लोहे के जाल पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसे में उनकी जान चली गई।

कृष्णा कुमार की गांधीनगर में सिलाई की दुकान है। परिवार में पत्नी वैजयंती, बेटा शिवम, सुमित, बेटी अनुष्का और शिवानी हैं। एक फार्म हाउस में मैनेजर बेटे शिवम ने बताया कि पिता बीते तीन साल से सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। जीने चढ़ते वक्त हुए हादसे में उनकी जान चली गई। बजरिया इंस्पेक्टर अरविंद शर्मा ने बताया कि बुजुर्ग सांस की बीमारी से पीड़ित थे।

# चौबेपुर में अंबेडकर जयंती की तैयारियां तेज, सपा का जनसंपर्क अभियान शुरू



-हृदयपुर गांव में प्रतिमा स्थल की सफाई, 14 अप्रैल को व्यापक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

**चौबेपुर** आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को चौबेपुर विकास खंड के हृदयपुर गांव में सपा विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर साफ-सफाई अभियान चलाया और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

सुबह के समय प्रतिमा स्थल पर सपा कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ गई। विनय यादव खुद झाड़ू लेकर सफाई करते नजर आए। उनके साथ मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी परिसर को स्वच्छ और सुसज्जित बनाने में योगदान दिया। इस दौरान गांव के कई लोग भी स्वेच्छा से अभियान में शामिल हो गए, जिससे सामूहिक सहभागिता का माहौल देखने को मिला।

निरीक्षण के दौरान विनय यादव ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को सभी सेक्टर और जोन स्तर पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। साथ ही सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बाबा साहब के विचारों, संघर्ष और सामाजिक समता के सिद्धांतों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समाज के सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना समान अवसर और सम्मान वाले समाज का निर्माण था, जिसे साकार करने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है।

इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया।

वहीं, मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन बाबा साहब के समता के सिद्धांतों को लागू करने में विफल रहा है और पीडीए समाज की उपेक्षा की जा रही है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं की अच्छी उपस्थिति रही। इस दौरान रमेश गौतम, ज्ञान चंद्र कोरी, बंटी फायदा, सुनील यादव, कल्लू नेता और शिवम गौतम समेत कई लोग मौजूद रहे।

# उन्नाव पुलिस लाइन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान को बढ़ावा देने हेतु किया गया प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन

उत्तम हिंदुस्तान ब्यूरो





किरण एस पुलिस महानिदेशक लखनऊ परिक्षेत्र, जय प्रकाश सिंह एसपी उन्नाव, सीडीओ कृति राज, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, दक्षिणी, दीपक यादव, संचित शर्मा, सोनम सिंह, सीओ बांगरमऊ, सीओ पुरवा, सीओ हसनगंज, सीओ बीघापुर, सीओ यातायात, सीओ पुलिस लाइन आदि रहे मौजूद

**उन्नाव** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 'प्रेरणा' कार्यक्रम का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में किरण.एस. पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, वामा सारथी की जनपदीय अध्यक्षा नीतू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव, सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा एवं क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ संतोष सिंह, क्षेत्राधिकारी पुरवा अरविंद चौरसिया, क्षेत्राधिकारी हसनगंज तेजबहादुर, क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्र, क्षेत्राधिकारी लाइन विनी सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध प्रदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी यातायात अजय सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय संजय मिश्रा एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना तथा पुलिस विभाग में कार्यरत महिला कर्मियों का उत्साहवर्धन करना रहा। जनपद के समस्त थानों के मिशन शक्ति केंद्रों में नियुक्त समस्त महिला उपनिरीक्षक एवं महिला आरक्षी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पूछे गए प्रश्नों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संतोषजनक जबाव दिया गया। महिला सुरक्षा से संबंधित शासन की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए पुलिस बल की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। पुलिस महानिदेशक ने महिला कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिसमें उपरोक्त अनुभवी महिलायें व परामर्शदाताओं में डॉ0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, शिल्पी श्रीवास्तव, तबस्सुम नफीस, शबीहा उमर, डॉ0 शशि रंजना अग्निहोत्री, प्रभा यादव, संजय चौरसिया,अबरार हुसैन,डॉ0 एस.के.पाण्डेय, अंकित रघुवंशी, शिवेन्द्र सिंह शामिल रहे। विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस विभाग से क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन विनी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, थाना सफीपुर से म0आ0 सुमन, थाना असोहा से महिला आरक्षी कंचन, एड0 भावना, महिका तिवारी , सोनाली कुशवाहा, निम्मी अरोड़ा, समन आफरीन, प्रतिमा सहाय, डॉ0 रूपेश सम्मानित किये गये।

# हाथरस में जनगणना कार्य में शिक्षा मित्रों को शामिल करने की उठी मांग, डीएम के नाम जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा रामवीर उपाध्याय को सौंपा ज्ञापन

उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो हाथरस।



- -शिक्षकों पर बढ़ते बोझ को लेकर उठी आवाज
- -अन्य जिलों की तर्ज पर जिम्मेदारी देने की अपील

आगामी जनगणना कार्य को लेकर जिले में शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को शामिल करने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय को सौंपा।

शर्मा ने बताया कि जनपद में जल्द ही जनगणना का कार्य शुरू होने वाला है, जिसके लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। लेकिन शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को इस महत्वपूर्ण कार्य से अलग रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक पहले से ही विद्यालयी कार्यों और अन्य शासकीय जिम्मेदारियों में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में जनगणना जैसे समयबद्ध कार्य को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सहयोग जरूरी है। उन्होंने तर्क दिया कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में पूर्व में हुए एसआईआर (स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्ट) समेत अन्य सरकारी कार्यक्रमों में शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों की सेवाएं ली गई हैं। इसके बावजूद हाथरस में उन्हें इन कार्यों से दूर रखा गया। अब जबकि अन्य जिलों में जनगणना कार्य में भी उनकी ड्यूटी लगाई जा रही है, हाथरस में अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा मित्र और अनुदेशक लंबे समय से शिक्षण कार्य के साथ-साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी निभाते आ रहे हैं। ऐसे में जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के अभियान में उनकी भागीदारी से कार्य अधिक सुचारु और समयबद्ध तरीके से पूरा हो सकेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को भी जनगणना कार्य में शामिल किया जाए, ताकि यह महत्वपूर्ण अभियान बेहतर ढंग से संपन्न हो सके। संगठन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेगा। साथ ही आश्वस्त किया कि जिम्मेदारी मिलने पर वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।

# हाथरस में सट्टेबाजों पर पुलिस की कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार, नकदी व सट्टा पर्चियां बरामद



**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो हाथरस** हाथरस में जुआ और सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाथरस गेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1165 रुपये नकद, सट्टा पर्चियां और पेन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों को सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनय कुमार, कपिल कुमार, प्रमोद और बबलू शामिल हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, विनय, कपिल और प्रमोद के पास से 830 रुपये तथा बबलू के पास से 335 रुपये नकद के साथ सट्टा सामग्री बरामद हुई। इस संबंध में थाना हाथरस गेट में अलग-अलग मामलों में धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पूरी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक नितिन कसाना के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

# हाथरस में गूँजा महाराणा प्रताप का जयघोष, विभूतियों का हुआ भव्य सम्मान

उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो हाथरस




- -मेवाड़ी शौर्य और राष्ट्रभक्ति के साथ भव्य समारोह का आयोजन
- -महाराणा प्रताप के जयघोष से गूँजा कार्यक्रम स्थल

हाथरस में बोहरे वाली देवी मंदिर स्थित रूपनगर कॉलोनी के आरबीएस पब्लिक स्कूल प्रांगण में मेवाड़ी वीरता और राष्ट्रभक्ति की गूँज सुनाई दी। हाथरस में 'न्यू राधाकृष्ण सेवा समिति' द्वारा आयोजित भव्य अभिनंदन समारोह में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के आदर्शों को नमन करते हुए समाज की विभूतियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान पूरा परिसर 'महाराणा प्रताप अमर रहें' के जयघोष से गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का त्याग और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। समारोह में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप शोभायात्रा के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया को विशेष रूप से केसरिया साफा एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच पर कई सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की सराहना की।

युवाओं की भागीदारी और आगामी आयोजन का संकल्प कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अतिथियों का भव्य स्वागत किया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप को स्वाभिमान की जीवंत प्रेरणा बताते हुए समाज में एकता और संगठन पर बल दिया। अंत में आगामी मेले को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मनीष पंडित, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, संरक्षक सुरेंद्र सिंह पौरुष, राजकुमार सिंह, नरसिंह सिसोदिया, उदय राणा, पवन गहलोत, अंकुर, राहुल, राजेश पौरुष और मुकेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हुंकार भरी कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए स्वाभिमान की मशाल हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला अध्यक्ष रन सिंह सिसोदिया ने किया। अंत में, सभी पदाधिकारियों ने आगामी मेले को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## जूट कारखाने में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, आधे घंटे में बुझी

हनुमंत विहार के योगेंद्र विहार खाड़ेपुर स्थित जूट कारखाने में रविवार शाम शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तुरंत कारखाना मालिक और यूपी-112 पुलिस को सूचना दी। लोगों ने सबमर्सिबल पंप से पानी डालकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। प्रयागनारायण शिवाला निवासी संजय गुप्ता यहां किराये के मकान में जूट के बोरे बनाने का कारखाना चलाते हैं। उनके अनुसार वह शाम 6:30 बजे कारखाना बंद कर घर चले गए थे। करीब एक घंटे बाद पड़ोसी ने आग लगने की सूचना दी।

मौके पर पहुंचने तक स्थानीय लोग आग बुझाने में जुटे थे। सूचना पर किदवईनगर और फजलगंज से दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं। करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# बाबा साहब की शोभायात्रा को लेकर प्रशासन मुस्तैद

उत्तम हिंदुस्तान संवाददाता सासनी.



एसडीएम व कोतवाली प्रभारी ने आयोजन समिति के साथ की बैठक

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली जयंती और भव्य शोभायात्राओं को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए तहसील प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। रविवार को सासनी कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी (SDM) नीरज शर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की। ?बैठक के दौरान एसडीएम नीरज शर्मा ने आयोजन समिति के सदस्यों से शोभायात्रा के रूट, समय और सुरक्षा इंतजामों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शोभायात्रा जिन मार्गों से गुजरेगी, वहां साफ-सफाई और बिजली के लटकते तारों को ठीक कराने के निर्देश दिए गए.आयोजकों से अपील की गई कि वे वालंटियर्स की सूची प्रशासन को सौंपें ताकि समन्वय बना रहे। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शोभायात्रा में बजने वाले गानों और नारों में

मर्यादा का पालन किया जाए, जिससे आपसी सौहार्द न बिगड़े। ?प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचते हुए कहा कि पुलिस बल शोभायात्रा के दौरान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा। उन्होंने आयोजकों से अनुरोध किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

?एसडीएम नीरज शर्मा ने बताया की बाबा साहब का पर्व हम सभी के लिए गौरव का विषय है। प्रशासन का पूर्ण सहयोग समितियों के साथ है, बशर्ते नियमों का पालन हो और भाईचारा बना रहे। ?गोष्ठी में मौजूद आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि शोभायात्रा पूरी गरिमा और शांतिपूर्ण तरीके

से निकाली जाएगी। बैठक में तहसील के अन्य अधिकारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष, सचिव और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अंबेडकर शोभायात्रा का विवाद समाप्त, लोकेंद्र बने अध्यक्ष, गिर्राज फौजी बने संरक्षक

## प्रशासनिक हस्तक्षेप और समन्वयक समिति की मध्यस्थता के बाद दोनों पक्षों में सहमति

**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो हाथरस**

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा नगर हाथरस में 28 अप्रैल को शाम 5 बजे संत आश्रम बगीची शीयल खेडा से निकाली जाएगी। और प्रभात फेरी 14 अप्रैल को सुबह 6 बजे राधा स्वामी बगीची आगरा रोड से प्रारंभ होकर खंदारी गढ़ी पार्क पर समाप्त होगी। इस शोभायात्रा अध्यक्ष के लिए कई दिनों से विवाद पनप रहा था। एक तरफ जाटव एकता समिति ने गिर्राज फौजी को अध्यक्ष बनाया था तो दूसरी तरफ डॉक्टर अंबेडकर अनुयायियों ने लोकेंद्र को अध्यक्ष बना दिया था। ओर एक दूसरे में टकराव की स्थिति पैदा हो रही थी। इसी तरह का विवाद पिछली बार भी हुआ था और दो-दो अध्यक्ष चुने गए थे पिछली बार भी प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कई दौर की वार्ता की लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। प्रशासनिक अधिकारियों ने कोतवाली सदर में आयोजित बैठक में एक दिन पहले एक समन्यवक कमेटी का गठन किया। समन्वयक कमेटी में एसडीएम सदर राजबहादुर क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण



राष्ट्रीय लोकदल के जिले के महासचिव विश्वनाथ प्रताप सिंह बंटी भैया भारत समाचार के ब्यूरो चीफ शम्मी गौतम और पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी लल्लनबाबू एडवोकेट को रखा। समाज के इन तीनों लोगों पर आपसी तालमेल बिठाकर अंबेडकर शोभायात्रा अध्यक्ष चुनने की जिम्मेदारी थी। देर रात बंटी भैया ने भारत समाचार के ब्यूरो चीफ शम्मी गौतम के कार्यालय रामलीला ग्राउंड पर लोकेंद्र पक्ष से वार्ता की। उसके बाद उन्होंने दूसरे पक्ष गिर्राज फौजी से लल्लन बाबू एडवोकेट के साथ अलीगढ़ रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस में वार्ता की दोनों पक्षों से वार्ता होने के बाद। ललनबाबू एडवोकेट शम्मी गौतम और बंटी भैया की दोनों पक्षों से सकारात्मक वार्ता होने पर आज इगलास रोड स्थित उदय सिंह प्रधान के गेस्ट हाउस में दोनों पक्षों की मीटिंग बुलाई गई। मीटिंग में दोनों पक्षों से वार्ता करने के बाद लोकेंद्र को डॉक्टर अंबेडकर शोभायात्रा का अध्यक्ष घोषित किया गया। ओर गिर्राज सिंह फौजी ने अपना समर्थन लोकेंद्र को दिया। इस तरह से चले आ रहे अंबेडकर शोभायात्रा के विवाद का अंत हो गया। गिर्राज फौजी को मेले का संरक्षक घोषित किया गया उनके निर्देशन में मेला निकला जाएगा । इसकी घोषणा समाज के वरिष्ठ नेता बंटी भैया ने की । जिसका समर्थन लल्लन बाबू एडवोकेट शम्मी गौतम सहित समाज के सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों ने किया। और जाटव एकता समिति को हमेशा हमेशा के लिए शून्य घोषित किया अंबेडकर शोभायात्रा निकालने का कोई अधिकार जाटव एकता समिति को अब प्राप्त नहीं है इस समिति की वजह से ही पिछली बार विवाद हुआ था और इस बार भी विवाद की स्थिति पैदा हुई अब समाज के लोग हमेशा आपस में बैठकर अध्यक्ष का चुनाव किया करेंगे। इस विवाद को खत्म कराने में राष्ट्रीय लोकदल के जिले के महासचिव और समाज के वरिष्ठ नेता बंटी भैया का बड़ा योगदान रहा। वह कोतवाली से लेकर समाज के संभ्रांत लोगों की बैठक में बड़ी बेवाकी और निष्पक्षता से पारदर्शी बात रखते हुए नजर आए और समाज में एकता बनाने में कामयाब रहे इसलिए समाज के लोगों ने उनको बहुत धन्यवाद दिया ।अध्यक्ष चुनने के बाद में लोकेंद्र का सभी लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह भैया जी, जिला पंचायत सदस्य प्रभा सिंह, सरकार साहब एडवोकेट, काले भैया कांटे वाले, राज कपूर प्रधानाचार्य, डॉ राहुल,

सरदार सुरजीत सिंह, लाखन सिंह एडवोकेट,नरेश सिंह एडवोकेट, मनीष सिंह अनुभव सिंह रामराज सिंह दिनेश सिंह एडवोकेट कमल प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में अंबेडकर अनुयाई उपस्थित थे।

# सासनी में धूमधाम के साथ निकली 22 वीं श्री अक्रूर जी की शोभायात्रा

सासनी । गत बर्षों की भाँति इस वर्ष भी शहर में प्रेम अहिंसा एवं दया धर्म के प्रेणता एवं वार्ष् ?णेय कुल प्रर्वतक श्री अक्रूर जी महाराज की 22 वीं विशाल शोभायात्रा बैंड बाजों एंव भव्य झाकिंयो के साथ निकाली गई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रात: दस बजे बारहसैनी धर्मशाला में यज्ञ यजमानों द्वारा बिधिवत रुप से आचार्य शैलेश शर्मा,अतुल शर्मा द्वारा वेदमंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया गया।

हवन तदोपरान्त शोभायात्रा के संस्थापक पूर्व चेयरमैन इं. नमेश चंद्र वार्ष्णेय एवं सहसंस्थापक चंद्र प्रकाश वार्ष्णेय एवं खचेरमल चौधरी जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रविवार को श्री अक्रूर महाराज की शोभा यात्रा का शुभारंभ चेयरमैन राजीव कुमार वार्ष् ?णेय ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा गोला कुऑ महादेव मंदिर पारस कालोनी से शुरू होकर बजरिया, अयोध्या चौक, कन्या इण्टर कालेज मार्ग, मोहल्ला बिष्णुपुरी, आगरा अलीगढ राजमार्ग, बस स्टैण्ड, कमला बाजार, गॉधी चौक, पथवारी रोड से होती हुई श्री वारहसैनी धर्मशाला पर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान भव्य झॉकिया एवं बैन्ड बाजों की श्री कृष्ण राधानाम मधुर भक्ति धुनों पर अनुयाई थिरकते नजर आ रहे थे, इससे माहौल भक्तिमय हो गया। शहर मे जगह जगह पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्री अक्रूर जी महाराजकी आरती श्री अक्रूर शोभायात्रा समिति के सभी सदस्यों द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ के साथ की गई। शोभा यात्रा सभी मार्ग में सुचारु रूप से निकले इसकी जिम्मेदारी श्री वार्ष्णेय युवा संगठन ने संभाली शोभायात्रा से पूर्व ध्वजरोहण गोला कुंआ महादेव मंदिर पर विमला देवी वार्ष् ?णेय द्वारा किया गया था। श्री अक्रूर जी रथ पूजन एवं आरती, मॉ काली पूजन, श्री गणेश पूजन, तथा शोभा यात्रा की समापन आरती कमेटी पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा की गई। अखिल भारतीय महिला वेल्फेयर एसोसिएशन सासनी की महिलाओ ने



नगर मे जगह जगह हुआ शोभा यात्रा का स्वागत सम्मान

शोभायात्रा का जोशीला स्वागत किया, इस दौरान शोभायात्रा संयोजक सुनील वार्ष्णेय केमिस्ट, सहसंयोजक, संजय वार्ष्णेय, नरेश वार्ष्णेय, ममतेश वार्ष्णेय,सहसंस्थापक नरेंद्र वार्ष्णेय,कमल वार्ष्णेय चक्कू, दिनेश वार्ष्णेय एवं सदस्य - नीरज वार्ष्णेय, निर्देश चन्द्र वार्ष्णेय, वकील वार्ष्णेय, अभिषेक वार्ष् ?णेय, दीपेश वार्ष् ?णेय, राजेन्द्र वार्ष् ?णेय उर्फ राजू हलवाई, प्रधानाचार्य महेश कुमार वार्ष् ?णेय, दिनेश वार्ष् ?णेय, मनोज वार्ष् ?णेय, आशीष वार्ष् ?णेय, राजेन्द्र वार्ष् ?णेय बीमा वाले, सुभाषचन्द्र मसाले वाले, पुष्कर वार्ष् ?णेय, प्रवीन वार्ष् ?णेय, सभासद सुरेन्द्र वार्ष् ?णेय, आकाश वार्ष् ?णेय, दाऊदयाल वार्ष् ?णेय, ओमप्रकाश चौधरी, प्रदीप वार्ष् ?णेय, डब्बू वार्ष् ?णेय, कृष्णकांत वार्ष् ?णेय कन्नू, नरेन्द्र वार्ष् ?णेय, ऋषि वार्ष् ?णेय, अमित वार्ष् ?णेय, मोहित वार्ष् ?णेय, रामसरन वार्ष् ?णेय, गोपाल वार्ष् ?णेय,

योगेश वार्ष् ?णेय, राजू सेठ, संजीव वार्ष् ?णेय, धीरेन्द्र गॉधी, अजय वार्ष् ?णेय, सूरज बाबू वार्ष् ?णेय, के अलावा वार्ष् ?णेय समाज के सैकडों लोग मौजूद थे। शोभायात्रा की सुरक्षा और शातिं व्यवस्था प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार , कस्बा इंचार्ज दीपक शुक्ला मय दलबल के साथ संभाले हुए थे।

## 'मैं शिव की गहरी भक्त हूं...': काशी में बोलीं थीं आशा भोसले, 9 साल पहले आई थीं; भीड़ की डिमांड पर नगमे सुनाए

सुरों की मल्लिका आशा भोसले ने 92 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। अपनी अनोखी आवाज और बहुमुखी गायन शैली से उन्होंने दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया। उनकी गायकी ने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में भारतीय संगीत की अलग पहचान बनाई। स्वर कोकिला लता मंगेशकर के साथ उनकी जोड़ी को श्रोताओं ने हमेशा बेहद पसंद किया।23 अप्रैल 2017 में वे काशी आई थीं। आशा भोसले का स्वागत अभूतपूर्व रहा। वह रविवार का दिन था। वाराणसी में आयोजित संगीत महोत्सव के दौरान जब वह मंच पर पहुंचीं तो 'हर-हर महादेव' के जयघोष और प्रशंसकों के अपार प्रेम से भावुक हो उठीं थीं। गंगा किनारे सीढ़ियों से लेकर घाटों तक उमड़ी भीड़ ने उनके प्रति अपनी दीवानगी का इजहार किया। भैंसासुर घाट पर 'सुर गंगा' के मंच से उन्होंने हाथ जोड़कर सबका अभिवादन किया।

भावुक शब्दों में उन्होंने कहा था कि बनारसी साड़ी की तरह ही यहां के लोग भी बहुत खूबसूरत हैं। अब तक मैं बनारस नहीं आ सकी, इसका मुझे बहुत अफसोस है। काशीवासियों के प्रेम से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि वह इस स्नेह के आगे कुछ बोल नहीं पा रही हैं। यूनेस्को के क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में काशी को संगीत का शहर घोषित

## प्रदेशव्यापी संगठन बनाने पर जोर, 53 नए सदस्य जुड़े




**उत्तम हिन्दुस्तान, शाहजहांपुर** शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश फार्मा एग्जीक्यूटिव ऑर्गेनाइजेशन (रजि.) की वार्षिक बैठक लोधीपुर स्थित एक होटल में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. राकेश मेहरोत्रा व वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. विजय पाठक ने पदाधिकारियों को संगठन संचालन और नेतृत्व के गुर बताए। वक्ताओं ने संगठन में टीम भावना, पारदर्शिता और सदस्यों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। अध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि यह प्रदेश स्तर पर फार्मा मैनेजरों का पहला पंजीकृत संगठन है, जिसे प्रदेशव्यापी स्वरूप देने का लक्ष्य रखा गया है। संगठन द्वारा बीमा, आर्थिक सहयोग, रोजगार विवाद निस्तारण, रक्तदान शिविर और कौशल विकास जैसे कार्य किए जाएंगे।

महामंत्री नवनीत मिश्रा ने बताया कि अब तक 53 नए सदस्य जुड़ चुके हैं, जिससे संगठन और मजबूत हुआ है। बैठक में कोषाध्यक्ष गौरव शुक्ला सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# गिरफ्तारी : यूट्यूबर वेदप्रकाश शर्मा हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, कुल 8 आरोपी भेजे गए जेल

## 6 अप्रैल की रात को संपत्ति हड़पने की नीयत से की गई थी हत्या

**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो हाथरस** जनपद हाथरस में चर्चित यूट्यूबर वेदप्रकाश शर्मा उर्फ सोनू हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसओजी टीम और थाना सहपऊ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में घटना में शामिल एक और आरोपी वंश सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, 7 अप्रैल 2026 को आगरा निवासी नीतू शर्मा ने थाना हाथरस गेट पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके भाई वेदप्रकाश शर्मा की 6 अप्रैल की रात को संपत्ति हड़पने की नीयत से हत्या कर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर कई टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान साक्ष्य जुटाने और संभावित ठिकानों पर दबिश देने के बाद पुलिस ने पहले 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी क्रम में 12 अप्रैल को वांछित आरोपी वंश सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी वंश सोनी हाथरस के श्याम कुंज कॉलोनी का निवासी है। उसके खिलाफ थाना सहपऊ में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में थाना सहपऊ प्रभारी मयंक चौधरी और एसओजी प्रभारी धीरज गौतम की टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# भांजी से दुष्कर्म मामले में मामी गिरफ्तार, जबरन गर्भपात कराने का आरोप

**उत्तम हिन्दुस्तान, शाहजहांपुर** शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म में सहयोग करने और उसका जबरन गर्भपात कराने के आरोप में मामी मेघा चौधरी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, 14 फरवरी को किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर उसका शारीरिक शोषण किया गया। घटना के बाद जब पीड़िता गर्भवती हुई, तो आरोप है कि मुख्य आरोपी ने अपनी सह-अभियुक्ता मेघा चौधरी के साथ मिलकर उसका जबरन गर्भपात करा दिया। शिकायत दर्ज होने के बाद से पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच शनिवार को मुखबिर की सूचना पर महिला उप-निरीक्षक साक्षी चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एमनजई जलालनगर स्थित घर के बाहर घेराबंदी कर मेघा चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी और सह-अभियुक्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा



64(2)(द्व), 89, 61(2), 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना सदर बाजार पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शाहाबाद पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**उत्तम हिन्दुस्तान संवाददाता**

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद पुलिस ने रविवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए क्षेत्र में दुकानों में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट और लूटपाट करने के मामले में चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।




**क्या था मामला ?**

जानकारी के अनुसार, बूढ़ बाजार निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र श्याम सुंदर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 05 अप्रैल 2026 को विपक्षी जाहिर, हारिस, पुत्रगण कासिम रजा निवासीगण मोहल्ला वाजिद खेल ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उनकी और आसपास की दुकानों पर हमला किया था। आरोप था कि हमलावरों ने दुकानों में जमकर तोड़फोड़ की, सामान सड़क पर फेंक दिया और दुकान में रखे जरूरी दस्तावेज व नकदी लेकर फरार हो गए।

**पुलिस की जांच और गिरफ्तारी**

थाना शाहाबाद में मुकदमा संख्या 200/26 के तहत दर्ज इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी थी। विवेचना के दौरान मामले में धारा 310(2), 352, 190, 191(2) और 191(3) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त 1. दारूल खां 2. अमन 3. इरसाद 4. सुमित उर्फ बैचा। इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक प्रदीप पाण्डेय, कांस्टेबल सचिन चौधरी, विकास शर्मा, मो0 इरफान और अंकित कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# धोखाधड़ी : पत्रकार से रुपये हड़पने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम हिन्दुस्तान संवाददाता**

हरदोई। जिले में धोखाधड़ी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला पिहानी कोतवाली क्षेत्र का है, जहां एक पत्रकार को विश्वास में लेकर उनकी धनराशि हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला**

शाहाबाद निवासी पत्रकार नवनीत शुक्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंझिया निवासी विराट राठौर ने उन्हें अपने विश्वास में लिया और छल-कपट करते हुए उनकी धनराशि का गबन कर लिया। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी रकम वापस नहीं मिली, तब पीड़ित ने पुलिस की शरण ली।

**पुलिस की कार्रवाई**

नवनीत शुक्ला की तहरीर के आधार पर पिहानी कोतवाली पुलिस ने आरोपी विराट राठौर के खिलाफ




संबंधित धाराओं में एफआईआर (FIR) दर्ज कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण की निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं।

**जल्द हो सकती है गिरफ्तारी**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच अधिकारी का कहना है कि पर्याप्त साक्ष्य मिलते ही आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लगातार बढ़ रही धोखाधड़ी की वारदातों को लेकर स्थानीय जनता में आक्रोश है, वहीं पुलिस

प्रशासन का दावा है कि दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पत्यौरा में 'मिशन शक्ति' की गूंज, महिलाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**उत्तम हिन्दुस्तान संवाददाता पचदेवरा, हरदोई।**

मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट 'मिशन शक्ति' के तहत बुधवार को थाना पचदेवरा क्षेत्र के ग्राम पत्यौरा में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करते हुए आत्मनिर्भरता और सुरक्षा का पाठ पढ़ाया।

**हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी**

बैठक में पहुंचे उपनिरीक्षक विकास अवस्थी ने महिलाओं को बताया कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबरों का उपयोग करें। उन्होंने विस्तार से निम्नलिखित नंबरों की उपयोगिता समझाई 1090 महिला पावर लाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1930 साइबर अपराध सहायता, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

**'गुड टच-बैड टच' के प्रति किया सजग**

महिला आरक्षी मीनू बाला राघव ने बालिकाओं को 'गुड टच और बैड टच' के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें असुरक्षित महसूस कराए, तो वे डरे नहीं बल्कि तत्काल अपने परिजनों या पुलिस को सूचित करें। पुलिस टीम ने गांव की महिलाओं




पत्यौरा में 'मिशन शक्ति' की गूंज, महिलाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

> 'महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।'
> — विकास अवस्थी, उपनिरीक्षक

> इस अवसर पर कांस्टेबल राकेश और कांस्टेबल रजत सहित गांव की भारी संख्या में महिलाएं व बेटियां मौजूद रहीं। पुलिस की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की।

# क्योटरा अंडरब्रिज बंद, दो हिस्सों में बंटा शहर

## रेलवे स्टेशन और कचहरी रोड पर घंटों जाम,बिना वैकल्पिक व्यवस्था से लोग परेशान



**उत्तम हिंदुस्तान ब्यूरो बांदा।**

क्योटरा अंडरब्रिज (अंडरपास) के बंद होने से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।खासकर रेलवे स्टेशन और कचहरी रोड के आसपास भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है,जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार,रेलवे प्रशासन ने अंडरपास पर निर्माण कार्य शुरू करते हुए इसे लगभग 45 दिनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है।बिना किसी वैकल्पिक मार्ग की ठोस व्यवस्था के अचानक बंदी से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ गई है।क्योटरा अंडरपास शहर के बड़े हिस्से को रेलवे स्टेशन और कचहरी से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है।इसके बंद होने से यातायात का सारा दबाव अन्य सड़कों पर आ गया है।रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं,जिससे यात्रियों को समय पर ट्रेन पकड़ने में परेशानी हो रही है।वहीं,ट्रैफिक को संकटमोचन और कचहरी ओवरब्रिज की ओर डायवर्ट किया गया है, लेकिन इन मार्गों पर क्षमता से अधिक वाहनों के कारण घंटों जाम लग रहा है।लोगों को कुछ मीटर की दूरी तय करने के लिए अब 2 से 3 किलोमीटर तक का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है।अंडरपास बंद करने से पहले उचित सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था न होने से आम जनता में नाराजगी है। यहां तक कि कुछ विभागीय अधिकारियों ने भी इस अचानक बंदी पर अनभिज्ञता जताई है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अंडरपास का निर्माण कार्य सुरक्षा और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए इसे बंद करना आवश्यक था।प्रशासन ने लोगों से संकटमोचन ओवरब्रिज का उपयोग करने की अपील की है।हालांकि,मौजूदा हालात को देखते हुए यह समस्या अगले एक महीने से अधिक समय तक बनी रह सकती है,जब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता।

# MBBS में दाखिले के नाम पर छात्र से 10.85 लाख की ठगी, पांच के खिलाफ FIR; वाराणसी में इस कंपनी ने लगाया आरोप

जार्जिया में एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर छात्र शिवम कुमार के परिजनों से 10.85 लाख की ठगी की गई। पीड़ित की मां प्रेमलता की तहरीर पर शनिवार की दोपहर दो बजे आरएम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक संजय तिवारी, पंकज धामी, श्वेता सूद, विवेक यादव और विष्णु उपाध्याय के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई। पटना के बोरिंग कैनाल रोड आनंदपुरी निवासी पीड़िता प्रेमलता ने पुलिस को बताया कि 3 अप्रैल 2025 को विदेशी एकाउंट में 710000, फिर आरएम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के खाते में 8 अक्तूबर 2025 को 150000 रुपये और 24 जून 2025 को यूपीआई से 10000 रुपये जमा कराए। 17 जून को 15000 रुपये नकद लिए। 30 जून को 1,35,000 रुपये फिर नकद ले लिया।

# नया मुरादाबाद में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, होम्योपैथी व एक्यूप्रेशर से मिला मरीजों को लाभ।



**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो मुरादाबाद**

**कुन्दरकी/मुरादाबाद।** ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के तत्वाधान में नया मुरादाबाद स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर, सेक्टर-16 में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में होम्योपैथिक, एक्यूप्रेशर एवं मर्म चिकित्सा के माध्यम से मरीजों का उपचार किया गया। शिविर के दौरान डॉ. आर. के. शर्मा और डॉ. नूतन आर्य ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। साथ ही मौसमी बीमारियों, विशेष रूप से डेंगू जैसे वायरल रोगों से बचाव के लिए भी दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। एक्यूप्रेशर और मर्म चिकित्सा के जरिए कई मरीजों को तुरंत राहत मिली। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आर. के. शर्मा ने बताया कि आयुष पद्धतियों के साथ एक्यूप्रेशर और मर्म चिकित्सा को जोड़कर गंभीर एवं जटिल रोगों में भी प्रभावी उपचार संभव है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और संचारी रोगों से बचाव हेतु दवाइयों का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन अभिनय आर्य ने किया। एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ पुष्कर राम, चरण सिंह, दीपाली, करन कोहली, सिद्धार्थ, नीतीश, प्रेम और रोहित ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। आयोजन को सफल बनाने में अर्जुन शर्मा और नकुल शर्मा की विशेष भूमिका रही।

# राम महायज्ञ में भावमयी कथा का प्रवाह,श्रद्धा से सराबोर हुआ जनसमूह

**उत्तम हिन्दुस्तान संवाददाता**

**बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के शिव हनुमान मंदिर रामलीला परिसर, शुक्लनपुरवा हथौंधा में आयोजित सप्त दिवसीय राम महायज्ञ एवं विराट मानस संत सम्मेलन के चतुर्थ दिवस सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. अनिल पांडेय ने अपने ओजस्वी एवं मधुर मुखारविन्द से श्रीराम कथा का अमृतवर्षण किया। कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा तथा पूरा परिसर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

अपने प्रवचन में उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस की प्रसिद्ध चौपाई—

'जाकी रही भावना जैसी। हरि मूरत देखी तिन्ह तैसी।। '

का भावपूर्ण विवेचन करते हुए कहा कि ईश्वर सर्वव्यापक हैं, किंतु उनके दर्शन साधक की भावना के अनुरूप होते हैं। जिस हृदय में जैसी श्रद्धा और भक्ति होती है, प्रभु उसी रूप में प्रकट होते हैं। निष्कपट भाव, निर्मल अंत:करण और अटूट विश्वास ही प्रभु प्राप्ति का सच्चा मार्ग है।

कथावाचक ने यज्ञों के रक्षक भगवान श्रीराम के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन



करते हुए बताया कि जब-जब अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ा, तब-तब श्रीराम ने अवतार लेकर ऋषि-मुनियों के यज्ञों की रक्षा की और धर्म की पुन: स्थापना की। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक ऐतिहासिक पुरुष नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य, त्याग और करुणा के जीवंत आदर्श हैं।

इस अवसर पर उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हमें रामकथा क्यों सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि रामकथा मानव जीवन को दिशा देने वाली दिव्य धारा है। रामकथा का श्रवण मन को पवित्र करता है, विचारों को शुद्ध करता है और जीवन में सदाचार, संयम तथा कर्तव्यनिष्ठा का भाव जागृत करता है। कथा सुनने से पारिवारिक सद्भाव, सामाजिक एकता और आत्मिक शांति की अनुभूति होती है।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु कथा के दौरान भावविभोर हो उठे।कार्यक्रम के संयोजक आचार्य मोहित शुक्ल ने बताया कि महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न विद्वान संतों द्वारा कथा एवं प्रवचन का क्रम जारी है,जिससे समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का वातावरण निर्मित हो रहा है।

कार्यक्रम में यज्ञाचार्य आचार्य केशवानंद,अमर उजाला ब्यूरो चीफ केपी तिवारी,समाजसेवी अखिलेश चतुर्वेदी,सुशील मिश्रा द्विवेश तिवारी,पार्थ चतुर्वेदी, रविन्द्र मिश्रा आदि विशिष्ट महानुभाव उपस्थित रहे

# ग्राम प्रधान के परिजनों पर सरकारी हैंडपंप उखाड़ने का आरोप

## बोर में पत्थर डालकर मिटाए निशान,मजदूरों और राहगीरों का सहारा छीना

**उत्तम हिंदुस्तान ब्यूरो बांदा** ।जनपद के महुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जरर में सरकारी संपत्ति से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान के परिजनों पर सार्वजनिक उपयोग के सरकारी हैंडपंप को उखाड़कर ले जाने और साक्ष्य मिटाने के आरोप लगे हैं।गांव निवासी मजदूर अंकित कुमार ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि जरर रोड पर नहर की पुलिया के पास लगा सरकारी हैंडपंप खेतों में काम करने वाले मजदूरों,किसानों और राहगीरों के लिए पीने के पानी का मुख्य साधन था।आरोप है कि ग्राम प्रधान सुधा गुप्ता के चचेरे देवर निंदा गुप्ता ने साथियों के साथ मिलकर हैंडपंप को जबरन उखाड़ लिया।



शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों ने हैंडपंप के पाइप निकालने के बाद उसे अपने कब्जे में ले लिया और साक्ष्य मिटाने के लिए बोरिंग में पत्थर डाल दिए।इतना ही नहीं,पूरे स्थान को मोरम (बालू) से पाट दिया गया, ताकि वहां हैंडपंप होने का कोई निशान न बचे।

मामले की जानकारी स्थानीय पंचायत सचिव को भी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए हैंडपंप को पुनः स्थापित कराने की मांग की है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मामला

उनके संज्ञान में नहीं था,लेकिन अब जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और लोग न्याय की मांग कर रहे हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

**उत्तम हिंदुस्तान ब्यूरो बांदा चिल्ला**

## रात में घर लौटते समय हुआ हादसा,पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी

बांदा।पैलानी थाना क्षेत्र के निवाईच गांव के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय किसान की मौत हो गई।तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल किसान ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार,निवाईच गांव निवासी गजेंद्र सिंह उर्फ पुत्तू सिंह (50) पुत्र मेंबर सिंह शनिवार शाम करीब 5 बजे गेहूं की कटाई के लिए हार्वेस्टर का इंतजाम करने रिंग बोर कालेश्वर गए थे।हार्वेस्टर न मिलने पर वह रात करीब 10 बजे साइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान निवाईच नहर की पुलिया के पास किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) टीम ने



घायल किसान को तत्काल अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक के भाई भूपेंद्र ने बताया कि गजेंद्र सिंह पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर थे और खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।दिवंगत अपने पीछे पत्नी दीपा,मां मुन्नी देवी,बेटी गौरी और बेटा कृष्णा को छोड़ गए हैं।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

# पीएम रिपोर्ट ने खोला राजः शादी के दूसरे दिन नवविाहिता की हो गई थी संदिग्ध मौत, पति समेत तीन गिरफ्तार

शादी के महज दो दिन बाद ही नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति मनोज, ससुर मुन्नीलाल और सास परमा देवी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामला



पीपीगंज थाना क्षेत्र के बढ़नी गांव का है। जानकारी के अनुसार, पिपराइच थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी कमल प्रभा देवी ने तहरीर में बताया कि बेटी सीमा की शादी बीते फरवरी माह में बढ़नी गांव निवासी मनोज के साथ हुई थी। 21 फरवरी को सीमा की विदाई हुई और वह अपने ससुराल पहुंची। आरोप है कि, शादी के अगले ही दिन ससुराल पक्ष की ओर से मायके वालों को सूचना दी गई कि सीमा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे और बेटी की मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाए। मृतका की मां ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि शादी के बाद से ही सीमा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि इसी प्रताड़ना के चलते उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में मां की तहरीर पर मृतका के पति मनोज, ससुर मुन्नीलाल और सास परमा देवी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार दोपहर बाद उन्हे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# शहीद मंगल पाण्डेय की याद में निकली रैली




**ब्यूरो चीफ उत्तम हिंदुस्तान बलिया जितेंद्र यादव जीतू**

**हल्दी** ।भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) के महान क्रांतिकारी, अमर शहीद मंगल पाण्डेय की याद में रविवार को वाईबीएन पब्लिक स्कूल दोपही अगरौली के एजुकेशन डायरेक्टर डॉ कौशलेंश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में विद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने विशाल जुलुस निकाला।जिसकी शुरुआत विद्यालय प्रांगण से शुरु होकर हल्दी, रामगढ़ होते हुए बैरिया पहुंचा। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न स्लोगन बोर्ड लिखें हाथ में लेकर बोलते रहे। वाईबीएन विश्वविद्यालय रांची व वाईबीएन पब्लिक स्कूल के संस्थापक रामजी यादव, प्रबंधक श्रीमती सपना यादव, निदेशक लक्ष्मण यादव के निर्देशन में रविवार की शाम चार बजे से रैली निकाली गई।इस दौरान हल्दी स्थित पुलिस बूथ से सोनवानी रोड स्थित पोस्ट आफिस व बाजार में गया।पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवन धरती मां का रखो मान, पेड़ लगाना है ,गौरैया बचाओ, प्रकृति सजाओ पक्षियों को भी जीने दो घर-घर दाना पानी रखो छोटी चिड़िया, बड़ी जिम्मेदारी प्रकृति का संतुलन बचाओ पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत शिक्षा है सबसे बड़ा धन हर बच्चा स्कूल जाए शिक्षा है सबसे बड़ा धन हर बच्चा स्कूल जाए बेटी पढ़ाओ। इस दौरान अरविंद मिश्र पूर्व प्रधान कमलेश यादव,राजा राय,शशि यादव, आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर की कथित लापरवाही से 5 साल की मासूम दिव्यांग, कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज

## गलत इलाज से पैर गंवाने का आरोप,मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर पर केस दर्ज

**उत्तम हिंदुस्तान ब्यूरो बांदा** ।शहर में डॉक्टर की कथित लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है,जिसमें पांच वर्षीय मासूम बच्ची दिव्यांग हो गई।पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली नगर क्षेत्र के पड़ुई निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पांच वर्षीय बेटी मानवी 23 दिसंबर 2025 को छत से गिरकर घायल हो गई थी।हादसे में उसके बाएं पैर की जांघ की हड्डी टूट गई थी।परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज,बांदा लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टर विनीत की देखरेख में उपचार शुरू हुआ। आरोप है कि इलाज के दौरान डॉक्टर ने बच्ची के पैर को अत्यधिक कसकर बांध दिया और समय पर उचित उपचार नहीं किया।इसके चलते पैर की नसें प्रभावित हो गई और स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई।पिता का कहना है कि कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रखने के बावजूद सुधार नहीं हुआ।बताया गया कि 29 दिसंबर को बच्ची को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया,लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया।परिजन बच्ची को केजीएमयू लखनऊ ले गए, जहां डॉक्टरों ने पैर काटने की सलाह दी।इसके बाद ओएमआई सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया




गया, जहां ऑपरेशन के दौरान संक्रमण फैलने के कारण अंततः बच्ची का पैर काटना पड़ा।इस घटना के बाद बच्ची स्थायी रूप से दिव्यांग हो गई।पीड़ित पिता ने डॉक्टर पर गंभीर चिकित्सीय और आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 183/2026 धारा 125(बी) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत डॉक्टर विनीत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गोरखपुर में घट गया लिंगानुपातः अब 1000 पुरुषों के सापेक्ष 829 महिलाएं ही, खजनी की महिला वोटर रह गई सबसे पीछे

विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जिले में मतदाताओं की नई तस्वीर सामने आई है। जिले में अब कुल 14,71,316 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 17,73,929 दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि मतदाता सूची में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में अब भी पीछे है।

एसआईआर के बाद नई वोटर लिस्ट के अनुसार, जिले में 1000 पुरुषों के सापेक्ष 829 महिलाएं ही मतदान करेंगी। वर्ष 2024 की सूची में यह संख्या 859 थी। प्रशासन की ओर से अनंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद महिला मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद लिंगानुपात में सुधार नहीं हो सका।

विधानसभा क्षेत्रवार देखें तो शहर की स्थिति सबसे बेहतर है। यहां लिंगानुपात 894 दर्ज किया गया है, जो जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में सर्वाधिक है। इसके विपरीत खजनी विधानसभा क्षेत्र सबसे पीछे है, जहां प्रति 1000 पुरुष मतदाताओं पर मात्र 790 महिला मतदाता हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन लिंगानुपात 859 है, जो संतोषजनक स्तर से नीचे माना जा रहा है। आबादी की तुलना में मतदाता संख्या के मामले में गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र सबसे आगे है, जहां ईपी (इलेक्टर पापुलेशन) रेशियो 76.48 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

वहीं, कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र 55.61 प्रतिशत के साथ सबसे पीछे है। इसके अलावा पिपराइच, खजनी, चौरीचौरा, बांसगांव, चिल्लूपार और सहजनवां विधानसभा क्षेत्र में यह अनुपात 60 प्रतिशत से नीचे बना हुआ है। आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि शहरी क्षेत्रों में मतदाता पंजीकरण अपेक्षाकृत बेहतर है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी महिलाओं की भागीदारी और मतदाता सूची में समग्र वृद्धि को लेकर सुधार की आवश्यकता बनी हुई है।

**चिल्लूपार में कटे सबसे अधिक वोटरों के नाम**

एसआईआर के बाद चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा वोटरों के नाम कटे हैं। इस प्रक्रिया में कई नाम काटे गए तो बड़ी संख्या में नए मतदाता जोड़े भी गए हैं। कैंपियरगंज में 68,154 नाम काटे गए, 760 पर आपत्ति दर्ज हुई और 23,020 नए नाम जोड़े गए।

# उत्तम नगर में हुआ विहिप का त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद




(विहिप) इंद्रप्रस्थ की ओर से उत्तम नगर में रविवार को त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संतों और संगठन के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान हाल ही में हमले में जान गंवाने वाले तरुण खटीक के परिजन भी मौजूद रहे, जिससे माहौल भावुक हो गया। उपस्थित लोगों ने समाज की सुरक्षा और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विहिप के केंद्रीय सह मंत्री मनोज वर्मा ने कहा कि समाज की सुरक्षा के लिए संगठन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से देश और समाज की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। विहिप के प्रांत अध्यक्ष कपिल खन्ना और प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा शक्ति, संगठन और सजगता से प्राप्त होती है। वहीं बजरंग दल के प्रांत संयोजक जगजीत (गोल्डी) ने कहा कि संगठन का हर कार्यकर्ता समाज सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल




**नई दिल्ली।** मायापुरी इलाके में सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की शिनाख्त डाबड़ी निवासी मुख्तार के रूप में हुई है। घायल इमरान का इलाज चल रहा है। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का मामला दर्ज कर लिया है। आशंका है कि किसी वाहन की चपेट में आने से मौत हुई है। मायापुरी थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार घटना 9 अप्रैल की देर रात करीब 2.31 बजे की है। राहगीरों ने पुलिस को फोन कर बताया कि नारायणा से मायापुरी की ओर जाने वाली फ्लाईओवर के नीचे सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही मायापुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि घायलों को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। जहां पता चला कि डॉक्टरों ने मुख्तार को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल इमरान का इलाज चल रहा है।

# सिलिंडर के लिए कालाबाजारी जारी, सरकार के दावे बेकार; ब्लैक में लेने के बावजूद कम मिल रही है गैस

दिल्ली में सिलिंडर की कालाबाजारी थम नहीं रही। भले ही सरकार ने कालाबाजारी रोकने के लिए पूरी दिल्ली में विजिलेंस की टीम तैनात कर रखी हो, लेकिन सरकार की ढीली जांच व्यवस्था के चलते सिलिंडरों की कालाबाजारी खुलेआम की जा रही है।

सरकारी दावों की पड़ताल करने जब अमर उजाला की टीम निकली तो लोगों ने बताया कि एलपीजी सिलिंडर की डिलिवरी नहीं हो रही और अगर हो भी रही है तो डिलीवरी मैन 500 से 700 रुपये अतिरिक्त मांग रहे हैं। इतना ही नहीं जो सिलिंडर आ रहा उसमें 5 से 6 किलो गैस कम आ रही। इस वजह से लोग कतार में खड़े होने के लिए मजबूर हैं। सिलिंडर के लिए कतार लगाने को नहीं जा रहे काम

विवेक विहार स्थित एक गैस एजेंसी में सिलिंडर लेने आई राज रानी ने बताया कि डिलिवरी मैन सिलिंडर डिलिवरी के नाम पर 500 से 700 रूपये अतिरिक्त शुल्क मांगते हैं इसलिए वह काम छोड़कर खुद सिलिंडर लेने आई हैं। जब उनसे पूछा गया कि आपने शिकायत नहीं कि तो उन्होंने कहा सिलिंडर मिल रहा है यह कम है क्या।

आधे दिन की छुट्टी लेकर सिलिंडर लेने विश्वास नगर स्थित गैस एजेंसी में सिलिंडर लेने आए मनीष ने आरोप लगाया कि घर पर जो सिलिंडर डिलिवरी होती है उसमें 4 से 5 किलो गैस कम होती है, जिससे काफी नुकसान हो रहा है इसलिए काम छोड़कर वह खुद गैस लेने आये हैं। यमुनापार स्थित एक गैस एजेंसी में रामदास ने एजेंसी वालों पर उनका सिलिंडर न देकर ब्लैक करने का आरोप लगाकर झगड़ा करना शुरू कर दिया। लेकिन एजेंसी वाला इस बात से अपना पल्ला झाड़ता नजर आया। भइया हम तो सिलिंडर डिलिवरी कर रहे हैं अब कोई खुद से सिलिंडर लेने आ रहा है तो उसको हम रोक तो नहीं सकते हैं।

-करन पाल, डिलिवरी मैन

**नहीं रुक रहा पलायन**

एलपीजी संकट का असर अब मजदूरों की जिंदगी और रोजगार पर दिखाई देने लगा है। राजधानी की विभिन्न लेबर मंडियों में गैस संकट के कारण मजदूरों की संख्या में कमी देखी जा रही है। सुबह-सुबह काम की तलाश में जुटने वाले मजदूरों की भीड़

अब पहले जैसी नहीं रही। बताया जा रहा हैं कि एलपीजी संकट के चलते मजदूरों का पलायन जारी है और जो मजदूर बचे हैं, वो भी पलायन की बात कह रहे हैं।

ठेकेदारों ने भी मजदूरों के पलायन की पुष्टि की है। ठेकेदारों व स्थनीय लोगों

का कहना है कि पहले जहां सुबह बड़ी संख्या में मजदूर मिल जाते थे, अब उतने मजदूर नहीं मिल रहे। इलाके की लेबर मंडियों में पहले की तुलना में काफी कम भीड़ नजर आ रही है।

# दिल्ली और पंजाब में डकैती में शामिल बदमाश 14 साल बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने दिल्ली और पंजाब में डकैती और लूटपाट के कई मामले में वांछित बदमाश को 14 साल बाद यूपी के गोंडा से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के गोंडा निवासी अर्जुन प्रसाद के रूप में हुई है। उस पर यूपी में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। साथ ही उस पर दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब में लगभग 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं।



पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि लंबे समय से वांछित बदमाशों की तलाश थी। इसी दौरान पुलिस को अर्जुन प्रसाद के बारे में जानकारी मिली, जो 2012 से ही कई राज्यों में अपराध करने के बाद गायब था। दिल्ली के पंजाबी बाग, मोती नगर, पंजाब के लुधियाना स्थित मॉडल टाउन इलाके में डकैती और लूट के कई हाई-प्रोफाइल मामलों में इसकी तलाश थी।सूचना के आधार पर पुलिस ने 11 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस से बचने के लिए अपने पैतृक घर को छोड़ दिया था। पूछताछ में पता चला कि वह कई पुराने मामले में साजिशकर्ता है। इन सभी मामलों में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर चुका था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अर्जुन प्रसाद एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ डकैती, लूट, सेंधमारी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। हालांकि गोंडा पुलिस उसे पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार कर चुकी है।

नाबालिग को घरों में नौकरी लगवाकर देता था वारदात को अंजाम

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अर्जुन प्रसाद, जवाहर, करण पासी, राजू और अनिल सोनी नाम के एक सुनार के साथ मिलकर गैंग चलाता था। वह अपने किसी नाबालिग सदस्य को उस घर में घरेलू नौकर की नौकरी दिलाता था, जहां उसे वारदात को अंजाम देना होता था। उसके जरिए आरोपी घर के अंदर मौजूद लोग, घर के नक्शे, कीमती सामान रखने की जगह और घर वालों के रोजमर्रा के कामों की जानकारी ले लेता था। गैंग रात को वारदात को अंजाम देता था और लूटे गए गहनों को अनिल सोनी के जरिए ठिकाने लगाता था। पुलिस के मुताबिक 2012 में उसने पंजाबी बाग में एक घर से करीब 400 ग्राम सोना लूटा था। वारदात के दौरान बदमाशों ने मालकिन और उनके बेटे के हाथ-पैर बांधकर और उनके मुंह में कपड़ा ठूंसकर वारदात को अंजाम दिया था। इसी तरह 2016 में उसने मोती नगर में वारदात को अंजाम दिया था। यहां से गैंग ने 25 लाख के गहने और एक लाइसेंसी पिस्टल लूटकर भागे थे। यह मामला अनसुलझा था। वहीं 2018 में गैंग ने पंजाब के लुधियाना में 40 लाख नकद और 1.25 किलोग्राम सोना लूटा था।

# शराब बिक्री से जुड़े खातों की सख्त जांच के सीएम ने दिए निर्देश






**ब्यूरो कैसरबाग चौराहा,** लखनऊ में आज प्रातः 11:00 बजे विश्व हिंदू महासंघ का 45वाँ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम, सामूहिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन गणेश वंदना एवं एकात्मता मंत्र के तहत किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार कर संगठन की एकता और समर्पण भावना को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में महासंघ के जिला एवं नगर स्तरीय पदाधिकारियों, अधिवक्ता प्रकोष्ठ, मातृशक्ति प्रकोष्ठ तथा बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

जिला अध्यक्ष कुलभूषण जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व हिंदू महासंघ की स्थापना वर्ष 1981 में तत्कालीन नेपाल के राजा तथा गोरख पीठ के महंत जी ने संयुक्त रूप से की थी। तब से यह संगठन विश्वभर में हिंदू धर्म, संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण-प्रसार हेतु अहम भूमिका निभा रहा है।

**45 वर्षो का गौरवशाली सफर**

नगर अध्यक्ष मानवेंद्र त्रिवेदी (गुड्डन भाई) ने कहा कि पिछले 45 वर्षों में महासंघ ने देशहित के अनेक कार्य किए हैं - रक्तदान, वृक्षारोपण, गौसेवा, आपदा राहत, कोरोना काल में मुफ्त भोजन एवं ऑक्सीजन वितरण, तथा सामाजिक सद्भाव के लिए अनवरत प्रयास। इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्यकताओं के समर्पण की सराहना की।

**मातृशक्ति के लिए विशेष पहल**

मातृशक्ति जिला अध्यक्ष मानसी गुप्ता ने बताया कि महासंघ महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्यशालाएँ, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कानूनी जागरूकता शिविर और स्वयंसहायता समूहों को प्रोत्साहित करता है। स्थापना दिवस पर बालिका शिक्षा और महिला उद्यमिता पर विशेष चर्चा की गई।

**कार्यक्रम में निम्नलिखित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेः**

कुलभूषण - जिला अध्यक्ष, लखनऊ

राजेंद्र कुमार गुप्ता (गुड्डू भाई) - जिला महामंत्री, लखनऊ,मानवेंद्र त्रिवेदी (गुड्डन भाई) - नगर अध्यक्ष, लखनऊ, एडवोकेट संतोष कुमार गुप्ता - जिला अध्यक्ष, अधिवक्ता प्रकोष्ठ, लखनऊ, राजीव कुमार कुशवाहा - जिला महामंत्री, अधिवक्ता प्रकोष्ठ, लखनऊ,मानसी गुप्ता (एडवोकेट) - जिला अध्यक्ष, मातृशक्ति, लखनऊ,अभिषेक गर्ग - जिला उपाध्यक्ष, लखनऊ,श्याम भाई सोनकर - जिला उपाध्यक्ष, लखनऊ,अमन चौधरी - जिला उपाध्यक्ष, लखनऊ,रामगोपाल राजपूत - जिला उपाध्यक्ष, लखनऊ,पवन कुमार यादव - जिला उपाध्यक्ष, लखनऊ,बृजेश कुमार मौर्य - जिला मंत्री, लखनऊ, विवेक कुमार यादव - जिला मंत्री, लखनऊ,नीरीश चंद्र - जिला मंत्री, लखनऊ,नीतिश चंद्र - जिला मंत्री, लखनऊ,राजकुमार कश्यप (मुन्ना भाई) - जिला मंत्री, लखनऊ,राजेश कुमार (गोल मार्केट) - जिला मंत्री, लखनऊ,श्री राम जी – जिला मंत्री ,लखनऊ श्री मुन्ना लाल वर्मा जी – जिला मंत्री, लखनऊ संदीप कुमार यादव (बीकेटी) – जिला मंत्री, लखनऊ सुमित कुमार गौतम (घैला) – जिला मंत्री, लखनऊ अनय कुमार सैनी (मलिहाबाद)- जिला मंत्री, लखनऊ पंकज वर्मा – वरिष्ठ कार्यकर्ता, लखनऊ प्रमोद कुमार शुक्ला – वरिष्ठ कार्यकर्ता, लखनऊ सक्रिय कार्यकर्ता तथा जिला लखनऊ के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**कार्यक्रम की विशेषताएँ**

प्रातः 11 बजे गणेश वंदना एवं सामूहिक प्रार्थना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। इसके बाद महासंघ के 45 वर्षों के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने संगठन की उपलब्धियों को रेखांकित किया तथा भविष्य में हिंदू समाज के उत्थान के लिए नए संकल्प लिए। सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। अंत में जिला मंत्री बृजेश कुमार मौर्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन पूर्णता मंत्र एवं "जय श्री रामह्व के उ द्घोष के साथ हुआ।

कुलभूषण - जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ, जिला लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

(संपर्क सूत्र -+9173760 00600 जिला कमेटी, लखनऊ)

# बंगला साहिब में कार सेवा में उमड़ी संगत, लेंटर कार्य में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**नई दिल्ली।** गुरुद्वारा बंगला साहिब में रविवार को लेंटर डालने की कार सेवा के दौरान हजारों संगतों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों की अगुवाई में पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी सेवा में हिस्सा लिया। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार सेवा बाबा बचन सिंह के आशीर्वाद तथा बाबा सुरिंदर सिंह, बाबा सतनाम सिंह और बाबा रवि सिंह की अगुवाई में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की संगत बड़ी संख्या में इसमें भाग लेकर सेवा और समर्पण का उदाहरण पेश कर रही है।

अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु घर में कार सेवा करना सौभाग्य की बात है और यह अवसर हर किसी को नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि बाबा बचन सिंह के आशीर्वाद से कमेटी के कई विकास कार्य कार सेवा के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पिछले चार वर्षों में मौजूदा कमेटी द्वारा कई परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जबकि अन्य कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। संगतों के सहयोग से सभी परियोजनाओं को जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



# अवैध टैक्सी स्टैंड बना जनता के लिए सिरदर्द, बिना परमिट दौड़ रहीं सैकड़ों गाड़ियां

**ब्यूरो चीफ : बिजनौर**

**किरतपुर।** छितावर रोड पर बना अवैध टैक्सी स्टैंड इन दिनों स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। आरोप है कि यहां बिना परमिट सैकड़ों टैक्सियां संचालित हो रही हैं, जिससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है बल्कि लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस अवैध स्टैंड पर दिनभर ड्राइवरों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार ड्राइवरों के बीच शराब के नशे में आपसी झगड़े भी होते हैं, जिससे आसपास के लोगों में भय का माहौल बना रहता है। राहगीरों और दुकानदारों को आए दिन असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों अभिषेक, मोनू, महफूज, हुक्म और शारिक ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।



उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई करते हुए अवैध टैक्सी स्टैंड को बंद कराने और बिना परमिट चल रही गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके।

# क्षतिग्रस्त नहर पटरी पर राहगीर परेशान, विभाग-प्रशासन मौन

**ब्यूरो चीफ : बिजनौर**

**बिजनौर।** बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर खारी झालू के बीच से नजीबाबाद के ग्राम सरवनपुर को कोतवाली रोड से जोड़ने वाली नहर की पटरी इन दिनों बदहाल स्थिति में है। सड़क खराब होने के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि नाहटौर शाखा की यह नहर पटरी बिजनौर-मुरादाबाद रोड को पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे तथा हरिद्वार-नैनीताल हाईवे से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। करीब 30 किलोमीटर लंबी यह पटरी निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन उसके बाद से अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। यह नहर पटरी नजीबाबाद से झालू तक क्षतिग्रस्त हो गई है। राहगीरों को इस सड़क से गुजरने पर अपनी जान को जोखिम में डालकर जाना पड़ता है। यहाँ तक कि दो पहिया वाहन चालक चोटिल भी हो गए है।

इस मार्ग का उपयोग करने वाले रोजाना यात्रियों का कहना है कि बिजनौर, किरतपुर और नजीबाबाद, झालू, बरुकी आदि स्थानों के राहगीर भीड़भाड़ से बचने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सड़क की खराब हालत के



कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है। कई स्थानों पर गड्ढे और उखड़ी सड़क हादसों को भी दावत दे रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन मलिक, उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. विकुल मलिक तथा भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग का शीघ्र निर्माण कराकर लोगों को राहत दी जाए।

# कृष्ण जन्म प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु, वामन अवतार व प्रह्लाद भक्ति से गूंजा कथा पंडाल

**ब्यूरो चीफ : बिजनौर**

**झालू।** नगर के मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के दौरान वामन अवतार, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के भावपूर्ण वर्णन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यास प्रेरणा ज्योति ने वामन अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने राजा बलि के अभिमान का हरण कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने कहा कि भगवान समय-समय पर अवतार लेकर पृथ्वी को अधर्म से मुक्त करते हैं और भक्तों का कल्याण करते हैं। इसके उपरांत हिरण्यकशिपु और भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति में अपार शक्ति होती है। प्रह्लाद ने कठोर यातनाओं के बावजूद भगवान का नाम नहीं छोड़ा, जिसके फलस्वरूप भगवान नरसिंह अवतार में प्रकट हुए और भक्त की रक्षा कर अधर्म का अंत किया। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूम उठे और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर राजीव शर्मा, बिमला शर्मा, तरुण शर्मा,



मुन्नू सिंह चौधरी, हरिश्चंद्र वर्मा, वंश वर्मा, कनिष्का अग्रवाल, सूची अग्रवाल, दिनेश शर्मा, चंचल वर्मा, मुकेश वर्मा, मास्टर विजय जोशी, महेंद्र धीमान, राधे धीमान, गौरव चौधरी, विपिन शर्मा, दीपा शर्मा, पवित्रा चौधरी, शैफाली चौधरी, गौरवंश चौधरी, मोहिनी चौधरी, मोनिका चौधरी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सनराइज पब्लिक स्कूल, बागापार में वार्षिक पुरस्कार एवं अंकपत्र वितरण समारोह सम्पन्न

## मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान, उत्सव में बदला विद्यालय परिसर

**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो**

महराजगंज। क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान सनराइज पब्लिक स्कूल, बागापार में रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं मार्कशीट वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सवी माहौल में नजर आया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया।

समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को उनकी वार्षिक परीक्षा की अंकतालिका भी वितरित की गई। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी, आत्मविश्वास और उत्साह से दमक उठे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। वही एल.के.जी में प्रथम अरुष यादव द्वितीय - रितिका पासवान तृतीय - अदिति पासवान यू.के.जी. प्रथम - ब्यूटी यादव द्वितीय - अक्षर यादव तृतीय - अर्चना राय कक्षा 1 प्रथम - अदिति मद्देशिया द्वितीय - दिव्या यादव तृतीय - सलोनी मोदनवाल कक्षा 2 प्रथम - अंश यादव द्वितीय - प्रिंस पासवान तृतीय - आशुतोष पटेल कक्षा 3 प्रथम - शीतल पासवान द्वितीय - आराध्या शर्मा तृतीय - नैन्सी यादवकक्षा 4 प्रथम - अनुराग प्रजापति द्वितीय - जानसी मोदनवाल तृतीय - वार्तिका पांडेय कक्षा 5 प्रथम - अनामिका यादव द्वितीय - विजय सिंह यादव तृतीय - अतुल विश्वकर्मा कक्षा 6 प्रथम - अभिषेक यादव द्वितीय - अमन यादव तृतीय - चांदनी वर्मा कक्षा 7 प्रथम - अवनीश पटेल द्वितीय - शौर्य मोदनवाल तृतीय - आयुष वर्मा कक्षा 8 प्रथम - अक्षय राय द्वितीय - इन्द्रेश पटेल तृतीय - राजदीप यादव ने सर्वाधिक अंक पाकर विद्यालय में निम्न स्थान प्राप्त किया है इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कमलेश शर्मा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों



को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कार ही सफलता की असली कुंजी हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन की सराहना की। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही बच्चे निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं।विद्यालय प्रबंधन ने सभी से आह्वान किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी प्राथमिकता दें, ताकि वे भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें।

# गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख ने किया जनसंपर्क।







**पिपरौली।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गांव चलो अभियान के तहत रविवार को ब्लॉक प्रमुख पिपरौली दिलीप कुमार यादव ने क्षेत्र के खरैला और राउतपार उर्फ सरैया गांव में लोगों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।ब्लॉक प्रमुख ने लोगों को सरकारी योजनाओं का पत्रक देते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजना पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता में है। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। दिलीप कुमार यादव ने कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। इस अवसर पर विधायक ने गांव के वरिष्ठजनों को अंगवस्त्र व बुकलेट भेंटकर सम्मानित किया और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस दौरान ग्राम प्रधान चंद्रकुमार सिंह चंदन,अजय यादव,संजय सिंह,रमेश सिंह उसका,प्रभुनारायण सिंह गुड्डु सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त नहर पटरी पर राहगीर परेशान, विभाग-प्रशासन मौन

**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो**

**महराजगंज।** क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान सनराइज पब्लिक स्कूल, बागापार में रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं मार्कशीट वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सवी माहौल में नजर आया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया।

समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को उनकी वार्षिक परीक्षा की अंकतालिका भी वितरित की गई। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी, आत्मविश्वास और उत्साह से दमक उठे।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। वही एल.के.जी में प्रथम अरुष यादव द्वितीय - रितिका पासवान तृतीय - अदिति पासवान यू.के.जी. प्रथम - ब्यूटी यादव द्वितीय - अक्षर यादव तृतीय - अर्चना राय कक्षा 1 प्रथम - अदिति मद्देशिया द्वितीय - दिव्या यादव तृतीय - सलोनी मोदनवाल कक्षा 2 प्रथम - अंश यादव द्वितीय - प्रिंस पासवान तृतीय - आशुतोष पटेल कक्षा 3 प्रथम - शीतल पासवान द्वितीय - आराध्या शर्मा तृतीय - नैन्सी यादवकक्षा 4 प्रथम - अनुराग प्रजापति द्वितीय - जानसी मोदनवाल तृतीय - वार्तिका पांडेय कक्षा 5 प्रथम - अनामिका यादव द्वितीय - विजय सिंह यादव तृतीय - अतुल विश्वकर्मा

कक्षा 6 प्रथम - अभिषेक यादव द्वितीय - अमन यादव तृतीय - चांदनी वर्मा कक्षा 7 प्रथम - अवनीश पटेल द्वितीय - शौर्य मोदनवाल तृतीय - आयुष वर्मा कक्षा 8 प्रथम - अक्षय राय द्वितीय - इन्द्रेश पटेल तृतीय - राजदीप यादव ने सर्वाधिक अंक पाकर विद्यालय में निम्न स्थान प्राप्त किया है इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कमलेश शर्मा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कार ही सफलता की असली कुंजी हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन की सराहना की। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही बच्चे निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं।विद्यालय प्रबंधन ने सभी से आह्वान किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी प्राथमिकता दें, ताकि वे भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें।

# फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर डीएम सख्त, स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था पर जताई नाराजगी

**बागापार में निरीक्षण के दौरान डोर-टू-डोर अभियान तेज करने के निर्देश,**

**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो**

**महराजगंज ।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत भवन बागापार में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर 'आरोग्य परम धनम' का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति और स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बागापार में फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि कुल किसानों की संख्या की तुलना में रजिस्ट्री का कार्य काफी पीछे है। इस पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायत भवन में बैठकर कार्य करने से लक्ष्य पूरा नहीं होगा। अधिकारी गांवों, टोले और मजरों में जाकर डोर-टू-डोर किसानों से संपर्क करें और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए फार्मर रजिस्ट्री शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है। इसके बिना किसानों को कृषि अनुदान, बीज, उर्वरक, कीटनाशक व अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। निरीक्षण के समय मौके पर ही 8 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई गई। इनमें छोटेलाल पुत्र अधारे (बटौरा), भरत पुत्र राजबली तथा राघव पुत्र मकरू (टोला पिपरा, बागापार) को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में कुल 1658 किसान हैं, जिनमें से 447 किसानों की रजिस्ट्री लंबित है। इसके अलावा 57 मामलों में नाम मिसमैच, 74 किसान मृतक हैं जिनकी वरासत दर्ज होनी है, 27 किसान अन्य तहसीलों में निवास करते हैं तथा 6 किसान भूमिहीन हैं। जिलाधिकारी ने इन सभी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर 'आरोग्य परम धनम' का निरीक्षण किया, जहां आयोजित स्वास्थ्य मेले में 16 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गईं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई खामियां पाई गई।भवन में बिजली व्यवस्था ठीक नहीं होने से कमरों में अंधेरा पाया गया। अलमारियों का रखरखाव खराब था, किचन में सफाई नहीं थी तथा कई कमरों में अनुपयोगी सामान पड़ा मिला। अग्निशमन यंत्र किचन में रखे मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई और उसे उचित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। साथ ही ऑटो क्लेव मशीन बंद



मिलने पर उसे शीघ्र ठीक कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता और एक्सपायरी डेट की भी जांच की गई। एंटी रैबीज दवा जनवरी 2027 तक वैध पाई गई। एक अप्रैल 2026 से अब तक केंद्र पर 8 प्रसव कराए गए हैं। निरीक्षण के दिन अंकिता देवी पत्नी गोविंद का सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ पाए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार सिंह, अपर तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्र प्रकाश गुप्ता, लेखपाल सुनील कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. के.पी. सिंह, प्रभारी आश्रय कुमार, नर्स नीलम चौहान, स्टाफ नर्स शीला, आशा कार्यकर्ता मीना सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी आवश्यक सुधार शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# नवोदय विद्यालय में डीएम ने बच्चों संग किया मध्याह्न भोजन, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश, छात्रों से संवाद कर शिक्षा व स्वास्थ्य की जानकारी ली

**उत्तम हिन्दुस्तान ब्यूरो**

**महराजगंज ।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन (दोपहर का खाना) ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनके हालचाल जाने और पढ़ाई-लिखाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से उनका नाम, पता एवं शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े सवाल पूछे और उनके उत्तरों से संतोष व्यक्त किया। डीएम ने विद्यालय में परोसे जा रहे भोजन को बच्चों के साथ बैठकर खाया और उसकी गुणवत्ता, पोषण स्तर व साफ-सफाई की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को संतुलित और पौष्टिक भोजन मिलना अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए। शिविर के माध्यम से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाओं



का वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है, इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षण पद्धति और छात्रों की प्रगति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज कुमार, शिक्षक साहित्य शर्मा सहित अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहीं। सभी ने जिलाधिकारी को विद्यालय की व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

## लखनऊ सुपर जाएंट्स पर भारी पड़ी बटलर-गिल की साझेदारी, गुजरात ने जीता लगातार दूसरा मुकाबला



जोस बटलर और शुभमन गिल ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलकर गुजरात को लखनऊ पर जीत दिलाई। गुजरात की टीम ने इस सीजन में अपना दूसरा मुकाबला जीता और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।शुभमन गिल और जोस बटलर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। गुजरात के लिए बटलर ने 60 रन और गिल ने 56 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर जीत की नींव रखी। पांचवें स्थान पर पहुंची गुजरात

गुजरात की आईपीएल 2026 में यह दूसरी जीत है। लखनऊ ने पिछले दो मैच जीते थे, लेकिन उसे घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में जीत के बाद गुजरात टाइटंस की टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर आ गई है। राजस्थान रॉयल्स की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। उसने अपने शुरुआती चारों मैच जीते हैं। गुजरात की अच्छी शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल और साई सुदर्शन ने गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। दिग्वेश सिंह राठी ने पावरप्ले खत्म होने से पहले सुदर्शन को अपना शिकार बनाया और इस साझेदारी का अंत किया। सुदर्शन 14 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गिल ने बटलर के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने लखनऊ के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। गिल ने 33 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर बटलर भी पचासा लगाने में सफल रहे। प्रिंस यादव ने हालांकि गिल को आउट कर गुजरात को दूसरा झटका दिया जो 40 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद शमी ने बटलर को अपना शिकार बनाया। बटलर 37 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया ने फिर गुजरात को जीत दिलाई। वाशिंगटन 13 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 21 रन और राहुल तेवतिया 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ के लिए मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और दिग्वेश राठी को एक-एक विकेट मिला।

प्रसिद्ध कृष्णा ने लखनऊ को बड़ा स्कोर बनाने से रोका

इससे पहले, गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ की बल्लेबाजी खराब रही और उसका कोई बल्लेबाज बड़ा पारी नहीं खेल सका। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की अगुआई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने लखनऊ को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए एडेन मार्करम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए। प्रसिद्ध ने चार ओवर में 28 रन देकर चार विकेट लिए। उन्हें मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (चार ओवर में 32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कगिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए।

# राजस्थान के मैनेजर भिंडर ने डगआउट में किया फोन का इस्तेमाल! BCCI ने शुरू की जांच; क्या बोले सैकिया?

राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर द्वारा डगआउट में फोन इस्तेमाल का मामला आईपीएल 2026 का बड़ा विवाद बन गया है। पीएमओए नियमों के अनुसार यह गंभीर उल्लंघन माना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ गुवाहाटी में 10 अप्रैल को खेले गए आईपीएल मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के टीम मैनेजर रोमी भिंडर डगआउट में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए देखे गए, जिसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने औपचारिक जांच शुरू कर दी है। फोन इस्तेमाल करते दिखे भिंडर

एसीए स्टेडियम में मौजूद कैमरों में यह घटना लाइव रिकॉर्ड हुई थी, जिसमें भिंडर को एक डिवाइस इस्तेमाल करते हुए देखा गया। उस समय भिंडर युवा बाएं हाथ के ओपनर वैभव सूर्यवंशी के बगल में बैठे थे, जो स्क्रीन की ओर देख रहे थे। इस घटना ने लीग के सख्त भ्रष्टाचार-रोधी प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।क्या कहते हैं नियम? आईपीएल के 'खिलाड़ी और मैच अधिकारी क्षेत्र' (पीएमओए) के नियमों के अनुसार, एक टीम मैनेजर ड्रेसिंग रूम क्षेत्र में फोन इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन डगआउट में 'नहीं'। बीसीसीआई सचिव सैकिया ने रविवार को 'आईएएनएस' से पुष्टि की है कि बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट (एसीयू) फिलहाल इस घटना के विवरण की जांच कर रही है और उसने अपनी पड़ताल शुरू कर दी है।

**क्या बोले सचिव सैकिया?**


सैकिया ने कहा, 'पीएमओए नियमों के अनुसार, टीम मैनेजर जैसे कुछ व्यक्तियों को फोन रखने की अनुमति होती है। राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर के तौर पर रोमी भिंडर भी फोन रख सकते हैं, लेकिन हमें इस बात की गहन जांच करनी होगी कि फोन किस क्षेत्र में ले जाया गया था और क्या इसके लिए अनुमति ली गई थी। ऐसा करके, क्या उन्होंने हमारे मौजूदा आईपीएल नियमों और विनियमों के तहत किसी प्रोटोकॉल या नियम का उल्लंघन किया है, इसकी जांच की जा रही है।'

उन्होंने कहा, 'एंटी करप्शन यूनिट ने यह देखने के लिए जांच शुरू कर दी है कि क्या उन्होंने मोबाइल निर्धारित क्षेत्र में रखा था या उससे बाहर। विभिन्न सबूतों को देखने और उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद, वे इसके आधार पर अपनी रिपोर्ट देंगे।' टूर्नामेंट्स के नियमों के अनुसार, बीसीसीआई की भ्रष्टाचार-रोधी और सुरक्षा इकाई (एसीएसयू) प्रमुख की तरफ से नियुक्त दो बीसीसीआई भ्रष्टाचार-रोधी मैनेजर पीएमओए के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होते हैं। उनकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि उचित व्यवस्थाएं मौजूद हों और सुरक्षा कर्मियों को पूरी तरह से जानकारी दी गई हो।

**दोषी पाए जाने पर क्या होगी कार्रवाई?**

पीएमओए और एसीयू के कामकाज से जुड़े एक सूत्र ने आईएएनएस से कहा, 'फोन का इस्तेमाल सिर्फ आपातकालीन स्थिति में ही किया जाना चाहिए। उस स्क्रीनशॉट को देखकर ऐसा लगता है कि वह शायद कुछ देख रहे थे, या गूगल का इस्तेमाल कर रहे थे, या फिर व्हाट्सएप या इंस्टाग्राम जैसे किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को चेक कर रहे थे।' उन्होंने कहा, 'बस एक ही बात है कि एंटी-करप्शन यूनिट अपनी पूरी जांच के लिए उस डिवाइस का सारा डेटा ले सकती है,

## मुंबई-आरसीबी मुकाबले में लगा ग्लैमर का तड़का, अनुष्का-करीना और अनन्या ने बढ़ाया स्टेडियम का पारा




आईपीएल 2026 का 20वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच वानखेड़े में खेला जा रहा है। इस मैच में खूबसूरती का तड़का लगा। मशहूर फिल्म अभिनेत्री और विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा, करीना कपूर और आरसीबी की मालकिन अनन्या बिड़ला पहुंचीं।आईपीएल 2026 का 20वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस हाई-वोल्टेज मैच में जहां मैदान पर खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, वहीं स्टेडियम में ग्लैमर का भी भरपूर तड़का लगा। मैच के दौरान कई मशहूर हस्तियों की मौजूदगी ने माहौल को और खास बना दिया।अनुष्का शर्मा और करीना कपूर ने बढ़ाया पारा स्टैंड्स में सबसे ज्यादा चर्चा अनुष्का शर्मा की रही, जो अपने पति और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सपोर्ट करने पहुंचीं। अनुष्का को कई बार टीम को चीयर करते और मैच के रोमांचक पलों पर रिएक्शन देते देखा गया। उनके साथ-साथ बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर की मौजूदगी ने भी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा।

# टी20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारी निभाने वाले बल्लेबाज बने कोहली, गेल और बाबर आजम को पीछे छोड़ा

विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के मैच में शानदार बल्लेबाजी की। कोहली ने फिल सॉल्ट के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। कोहली इसके साथ ही टी20 में सर्वाधिक बार शतकीय साझेदारी करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। वानखेड़े के मैदान पर विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कोहली टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा बार शतकीय साझेदारी निभाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

सॉल्ट-कोहली की शानदार साझेदारी

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की टीम को फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने बेहतरीन शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 10.5 ओवर में ही 120 रन जोड़े। सॉल्ट के साथ की गई शतकीय साझेदारी के साथ ही कोहली ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। विराट टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारी निभाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। सॉल्ट के साथ मिलकर विराट ने इस मुकाबले में 47वीं बार टी20 क्रिकेट में शतकीय साझेदारी जमाई। वहीं, गेल ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में 46 बार शतकीय साझेदारी निभाई है। इस लिस्ट में बाबर आजम भी संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। उन्होंने भी 46 बार 100 रनों से अधिक की साझेदारी की है।

सॉल्ट और कोहली द्वारा की गई 120 रनों की साझेदारी आईपीएल में आरसीबी की तरफ से पहले विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी भी है। आईपीएल में आरसीबी की ओर से सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी करने का रिकॉर्ड फाफ डू प्लेसिस और कोहली के नाम दर्ज है, जिन्होंने 2023 में 148 रनों की साझेदारी निभाई थी।




| साझेदारी | बल्लेबाज |
|---|---|
| 47 | विराट कोहली |
| 46 | क्रिस गेल |
| 46 | बाबर आज़म |
| 45 | डेविड वॉर्नर |
| 40 | फाफ डु प्लेसिस |

सॉल्ट ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 78 रनों की शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी में सॉल्ट ने 216 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए छह चौके और छह छक्के लगाए।

मुंबई के खिलाफ सातवीं बार 50+ स्कोर बनाए कोहली ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया। कोहली 38 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ कोहली ने सातवीं बार 50+ रनों की पारी खेली। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में 23 मैचों में कोहली की यह नौवीं 50+ पारी है। कोहली के अलावा सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर ने भी आईपीएल में मुंबई के खिलाफ सात बार 50+ रन की पारी खेली है। इस टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50+ स्कोर का रिकॉर्ड केएल राहुल के नाम है जिन्होंने नौ बार ऐसा किया है।

इस मुकाबले के लिए आरसीबी ने अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया। पिछले मैच में चार ओवर में 44 रन देने के बाद जोश हेजलवुड को मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम में जगह नहीं दी गई है। हेजलवुड के स्थान पर जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, मुंबई इंडियंस इस मुकाबले में दो बदलाव के साथ उतरी। मिचेल सैंटनर अल्लाह गजनफर के स्थान पर टीम में लौट आए हैं, जबकि दीपक चाहर की जगह पर मुंबई इंडियंस ने एक अतिरिक्त स्पिनर के तौर पर मंयक मारकंडे को खिलाया।

## ऐसा लगता है समय ही थम गया,' आशा भोसले के निधन पर सचिन का भावुक पोस्ट; कोहली ने भी दी श्रद्धांजलि

ऐसा लगता है समय ही थम गया,' आशा भोसले के निधन पर सचिन का भावुक पोस्ट; कोहली ने भी दी श्रद्धांजलिमहान गायिका आशा भोसले का रविवार को मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके देहांत पर विश्व के महानतम क्रिकेटर्स में शुमार सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने शोक व्यक्त किया है। आशा भोसले को शनिवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी सेहत में सुधार नहीं हो सका। महान गायिका का अंतिम संस्कार सोमवार शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।

**सचिन बोले- आशा ताई हमारे परिवार की तरह थीं**

आशा भोसले के साथ सचिन तेंदुलकर का गहरा रिश्ता था। 'मास्टर-ब्लास्टर' ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश में बताया कि वह पद्म विभूषण से सम्मानित इस गायिका को उनके गीतों के माध्यम से हमेशा याद रखेंगे। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, भारत और दुनियाभर के संगीत प्रेमियों के लिए यह एक बेहद दुखद दिन है। हमारे लिए आशा ताई परिवार जैसी थीं। आज हमें जो खालीपन महसूस हो रहा है उसके लिए शब्द बहुत कम पड़ रहे हैं। एक पल के लिए दिल खामोश हो जाता है और अगले ही पल यह उन अनगिनत धुनों में खो जाता है जो उन्होंने हम सभी को तोहफे में दीं। ऐसा लगता है मानो समय ही थम गया हो। फिर भी अपने अमर गीतों के माध्यम से वह हमेशा के लिए अमर रहेंगी। धन्यवाद ताई, हमारे जीवन को अपनापन, गरिमा और अविस्मरणीय संगीत से भरने के लिए। हम आपको शब्दों से परे याद करेंगे, आशा ताई।वहीं, रन-मशीन विराट कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे, आशा भोसले जी। आपकी आवाज ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ है और यह हमेशा हमारे दिलों



में जीवित रहेगी। ओम शांति।अपने जमाने की सबसे प्रभावशाली गायिकाओं में शुमार आशा भोसले ने साल 1943 की मराठी फिल्म 'माझा बाल' के लिए पार्श्व गायकी से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने करीब 12 हजार गाने गाए हैं। लंबे करियर के दौरान उन्होंने शंकर-जयकिशन, आरडी बर्मन, ओपी नैय्यर, इलैयाराजा, बप्पी लाहिड़ी और एआर रहमान जैसे संगीतकारों के साथ काम किया। आशा भोसले को साल 2020 में प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें पद्म विभूषण भी मिला।

## लखनऊ-गुजरात मैच में लगा खूबसूरती का तड़का, भाभी सानिया चंदोक के साथ इकाना पहुंचीं सारा तेंदुलकर

आईपीएल 2026 का 19वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच के दौरान मैदान पर क्रिकेट के साथ-साथ ग्लैमर का भी खास तड़का देखने को मिला।भाभी सानिया के साथ इकाना पहुंचीं सारा महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर इस मुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ उनके भाई अर्जुन तेंदुलकर की पत्नी सानिया चंदोक



भी मौजूद रहीं, जिनकी मौजूदगी ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।फैंस में उत्साह सारा तेंदुलकर अपने भाई अर्जुन की टीम लखनऊ को सपोर्ट करने के लिए स्टैंड्स में नजर आईं। मैच के दौरान कैमरा कई बार उनकी ओर गया, जिससे सोशल मीडिया पर भी उनकी उपस्थिति चर्चा का विषय बन गई और फैंस के बीच खासा उत्साह देखने को मिला।

## मुंबई-आरसीबी के खिलाड़ियों ने दी आशा भोसले को श्रद्धांजलि, काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे

**मुंबई** और आरसीबी के खिलाड़ियों ने रविवार को वानखेड़े में खेले गए मुकाबले से पहले दिवंगत गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे।

मुंबई और आरसीबी के खिलाड़ियों ने रविवार को वानखेड़े में खेले गए मुकाबले से पहले दिवंगत गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे।




92 साल की उम्र में ली अंतिम सांस आशा भोसले का रविवार को 92 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। आशा भोसले भारत के संगीत जगत की एक कद्दावर हस्ती थीं और उन्होंने आठ दशक लंबे करियर में अनगिनत यादगार हिंदी गाने दिए। महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री और बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने अस्पताल के बाहर आशा भोसले के निधन की जानकारी देते हुए बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले महान गायिका लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। अपने शानदार करियर के दौरान उन्हें दो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया था। इसके अलावा, उन्हें भारत का सर्वोच्च कला पुरस्कार- दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान- पद्म विभूषण भी प्रदान किया गया था।मुंबई इंडियंस ने जीता टॉस, चुनी गेंदबाजी

मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान हार्दिक पांड्या ने बताया कि मिचेल सैंटनर और मयंक मार्कंडेय की टीम में वापसी हुई है जबकि अल्लाह गजनफर और दीपक चाहर को आराम दिया गया है। वहीं, आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने बताया कि जैकब डफी को जोश हेजलवुड की जगह मौका मिला है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा, रेयान रिकल्टन (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, ट्रेंट बोल्ट, मयंक मार्कंडेय, जसप्रीत बुमराह।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी:** शेरफेन रदरफोर्ड, अश्विनी कुमार, कॉर्बिन बॉश, रघु शर्मा, राज बावा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** फिल सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी, सुयश शर्मा।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी:** जैकब बेथेल, वेंकटेश अय्यर, रसिख डार, स्वप्निल सिंह, मंगेश यादव।

# टी20 में तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बने बटलर, इस प्रारूप में 100वां पचासा जड़ा

जोस बटलर ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। बटलर ने टी20 प्रारूप में 14000 रन पूरे कर लिए हैं, जबकि टी20 में 100 अर्धशतक भी लगा लिए हैं।गुजरात टाइटंस के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल 2026 के मुकाबले में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। बटलर ने इस दौरान टी20 प्रारूप में 14000 रन पूरे कर लिए हैं। लखनऊ के भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी स्टेडियम में खेले गए मैच में बटलर ने शानदार बल्लेबाजी की और गुजरात को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। टी20 में 14000 रन पूरे करने वाले पांचवें बल्लेबाज जोस बटलर टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले महज पांचवें बल्लेबाज हैं। बटलर से पहले यह मुकाम सिर्फ क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड, एलेक्स हेल्स और डेविड वॉर्नर ही हासिल कर सके हैं। टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड गेल के नाम है जिन्होंने 463 मुकाबलों में 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 14562 रन बनाए हैं। वहीं, पोलार्ड ने 735 मुकाबलों में 150 के स्ट्राइक रेट से 14482 रन बनाए हैं। हेल्स के नाम 14,449 दर्ज हैं तो वॉर्नर ने 14,121 रन बनाए हैं।बटलर टी20 क्रिकेट में 14000 रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के महज दूसरे बल्लेबाज हैं। बटलर से पहले




| पारी | बल्लेबाज |
|---|---|
| 423 | क्रिस गेल |
| 431 | डेविड वॉर्नर |
| 468 | जोस बटलर |
| 505 | एलेक्स हेल्स |
| 633 | कीरोन पोलार्ड |

यह कारनामा सिर्फ एलेक्स हेल्स ही कर सके हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज ने 14000 रन 468वीं पारी में पूरे किए। बटलर सबसे तेज 14000 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 14000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम ही है। उन्होंने सिर्फ 423 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। वहीं, डेविड वॉर्नर ने 431 पारियों में 14000 रन पूरे किए थे।

**फॉर्म में लौटे बटलर**

बटलर ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ टी20 क्रिकेट में अर्धशतकों का शतक भी लगाया। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में 60 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में विकेटकीपर बल्लेबाज ने 11 चौके लगाए। बटलर इस प्रारूप में आठ शतक भी लगा चुके हैं। टी20 विश्व कप 2026 में बटलर रनों के लिए बुरी तरह से जूझते हुए नजर आए थे। बटलर आठ पारियों में सिर्फ 116 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 87 रन ही बना सके थे। हालांकि, बटलर का फॉर्म में आना गुजरात टाइटंस के लिए राहत भरी खबर है। गुजरात को दिलाई जीत

शुभमन गिल और जोस बटलर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। गुजरात के लिए बटलर ने 60 रन और गिल ने 56 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर जीत की नींव रखी।

# अम्बाला टांगरी नदी का प्रकोप हर साल छावनी को घेरने वाला - कर दिया केंट विधायक केबनेट मंत्री अनिल विज ने - करोड़ों की सौगात से बनेगी दीवार सुरक्षा कवच

-कृष्णराज अरुण -
स्टेटस एडिटर इंचार्ज -
दैनिक उत्तम हिन्दुस्तान

चण्डीगढ़/ अम्बाला छावनी में हर साल टांगरी नदी के कारण आने वाली बाढ़ और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज द्वारा कई ठोस उपाय किए जा रहे हैं। जिससे छावनी की जनता अपने लोकप्रिय विधायक से यानी नायब सरकार के वरिष्ठ केबनेट मंत्री से बेहद खुश है।

प्रमुख उपाय और प्रगति--:

आज 10.76 करोड़ की लागत से रिटेनिंग वॉल (दीवार): इंडस्ट्रियल एरिया को बाढ़ से बचाने के लिए टांगरी नदी के किनारे एक आरसीसी रिटेनिंग वॉल का शिलान्यास किया गया है, जो करीब 2 किलोमीटर




लंबी होगी और इंडस्ट्री एरिया को जलभराव से सुरक्षित रखेगी।

नदी की गहराई बढ़ाना:-- टांगरी नदी की खुदाई कर उसे गहरा करने का काम चल रहा है, जिससे नदी की जलधारण क्षमता बढ़े और पानी रिहायशी इलाकों में न घुसे। यह कार्य रामगढ़ माजरा से दुराना तक किया जा रहा है।

**बंक/तटबंध का सुदृढ़ीकरण:** टांगरी के दूसरी ओर शहर की तरफ 8 किलोमीटर लंबा तटबंध (रामगढ़ माजरा से अंबाला-सहारनपुर रेल लाइन तक) बनाया गया है, जिसे पक्की सड़क का रूप दिया गया है, जिससे पिछली बार शहर को डूबने से बचाया जा सका था।

इंडस्ट्रियल एरिया के लिए सुरक्षा: उद्योगपतियों की मांग पर, अब इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ भी तटबंध को मजबूत करने और दीवार बनाने का काम किया जा रहा है।

**जल निकासी के निर्देश:-** अनिल विज ने जनस्वास्थ्य विभाग को इंडस्ट्रियल एरिया में सीवरेज की सफाई और नगर परिषद को अतिरिक्त पंप सेट लगाकर पानी निकालने के निर्देश दिए हैं, ताकि मानसून में जलभराव न हो।

रेल लाइन के पास खुदाई:- रेलवे लाइन के पास नदी का तल गहरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वहां पानी का बहाव न रुके। इन कार्यों का उद्देश्य न केवल इंडस्ट्रियल एरिया को करोड़ों के नुकसान से बचाना है, बल्कि आसपास की कॉलोनियों (जैसे सोनिया कॉलोनी, पूजा विहार) को भी टापू बनने से बचाना है। बतादें की अम्बाला छावनी को औद्योगिक हब की नई परियोजना की सौगात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद उनके घर आकर उनकी पेर फिसलने के दौरान बेड रेस्ट दौरान देकर गए थे तभी अनिल विज केंट एरिया के विकास के चार

चाँद लगने की खबर से वेहद खुश थे। अब टांगरी नदी की दीवार से बाढ़ रोकने की योजना से बेहद जनता जनार्दन सहित

अनिल विज और पार्टी कार्यकर्ता और व्यापारी वर्ग खुश हैं।

# शिमला गांव में विकास को मिली नई रफ्तार, स्ट्रीट लाइट कार्य का शुभारंभ

## मिलजुल कर ही गांव को एक आदर्श गांव बनाया जा सकता है : विजेंद्र कोलेखां

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** जिले के शिमला गांव में विकास कार्यों को नई गति मिलती नजर आ रही है। गांव के चारों ओर स्ट्रीट लाइट लगाने के महत्वपूर्ण कार्य का विधिवत शुभारंभ जिला पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र कोलेखां द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत की और गांव के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल का स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट लगने से जहां गांव की सुंदरता बढ़ेगी, वहीं रात के समय आवागमन भी सुरक्षित हो सकेगा। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह सुविधा काफी लाभकारी साबित होगी।

इस मौके पर सरपंच रामचंद्र शिमला,



सोनू पंच, मास्टर वीरभान, देवराज पंच, राहुल मोर (गोलू), अभिमन्यु मोर, संदीप मोर, नसीब मोर, सुभाष मोर, रोहताश, बलिंदर लोट, महावीर, पाला राम, लीलू मिस्त्री, प्रदीप, रामकला, बलबीर, मास्टर विकास सहारण, वीरेन्द्र रामगढ़ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जिला पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र कोलेखां ने अपने संबोधन में कहा कि गांव के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और आगे भी विभिन्न जनहित कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मिलजुल कर ही गांव को एक आदर्श गांव बनाया जा सकता है। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए जिला पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी इसी तरह विकास कार्य जारी रहेंगे।

# ढेकियाजुली के वोटपारा में 10 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## गांजा तस्करों के खिलाफ हमारा अभियान जारी रहेगा: दीपक दास



**प्रशांत बैश्य (असम)** असम के सोनितपुर जिले के अंतर्गत ढेकियाजुली पुलिस थाना क्षेत्र के वोटपारा में आज पुलिस ने एक महत्वपूर्ण अभियान चलाकर भारी मात्रा में गांजा जब्त करने के साथ-साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।एक गुप्त सूचना के आधार पर ढेकियाजुली थाना के प्रभारी अधिकारी दीपक दास के नेतृत्व में तथा उप निरीक्षक प्रदीप बोरा और महिला उप निरीक्षक नयनमणि बरुआ के सहयोग से पुलिस की एक टीम ने वोटपारा के राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर नाका चेकिंग शुरू की।

नाका चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार संदिग्ध अवस्था में आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने तुरंत वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें वाहन के अंदर छिपाकर रखे गए लगभग 10 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से गांजा जब्त करने के साथ वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया।इस घटना से जुड़े होने के आरोप में पुलिस ने 40 वर्षीय रमजान अली और 35 वर्षीय सिकंदर काजी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति मिसामारी क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।प्रारंभिक जांच में यह संदेह जताया गया है कि गांजा तस्करी के उद्देश्य से लाया जा रहा था। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ जारी रखे हुए है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जांच तेज कर दी गई है।

## मथुरा नाव हादसा: भजनों की गूंज के बीच खामोश हो गई जिंदगियां, लुधियाना में जली तीन चिताएं, डिंकी का शव बरामद

उत्तर प्रदेश के वृंदावन में हुए नाव हादसे में पंजाब के नौ लोगों की मौत हो गई। शनिवार को सभी के शव पंजाब के अलग-अलग जगहों पर पहुंचे। मृतकों में लुधियाना चार लोग भी शामिल हैं। लुधियाना शहर के दुगरी फेज-2 इलाके में मातम पसरा है। यहां शनिवार को राकेश गुलाटी, उनकी पत्नी अंजु गुलाटी और पड़ोसी मीनू बंसल के शव पहुंचे तो कोहराम मच गया। शुक्रवार को भजनों की गूंज के बीच यमुना की लहरों में 11 श्रद्धालुओं की जिंदगी खामोश हो गई थी। शनिवार सुबह एक ही गली में रहने वाले राकेश गुलाटी, उनकी पत्नी अंजु गुलाटी और पड़ोसी मीनू बंसल की एक साथ चिताएं जलीं। उनके परिवारवालों की चीख-पुकार ने हर आंख को नम कर दिया। मीनू बंसल के बेटे निखिल की सिसकियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि उसकी बहन डिंकी की भी इस हादसे में मौत हो गई। रविवार को डिंकी का शव बरामद हुआ है। हादसे से चंद मिनट पहले नाव पर सवार श्रद्धालु राधे-राधे के भजन कर रहे थे। अंजू गुलाटी ने अपनी देवरानी सुमन को फोन कर कहा था, यमुना पार करने में बहुत मजा आ रहा है, भजन गाते हुए जा रहे हैं। माथा टेकने के बाद बात करूंगी।

## मथुरा नाव हादसा: तय हो चुकी थी शादी, दूल्हा बनने से पहले उठी मानिक टंडन की अर्थी, सदमे में मंगेतर

उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में नाव दुर्घटना में पंजाब के 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इस हादसे में जान गंवाने वालों में नई आबादी अबोहर निवासी मानिक टंडन भी है। मानिक टंडन का शव रविवार सुबह उसके घर पहुंचा, तो पूरे इलाके में मातम छा गया। घर के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर आंख नम थी और हर चेहरा गम में डूबा हुआ। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही शव घर पहुंचा तो वहां चीख-पुकार मच गई। परिजनों का विलाप सुनकर माहौल और भी दर्दनाक हो गया। सबसे हृदयविदारक दृश्य उसकी वृद्ध मां, दो बहनों और मंगेतर का था। मानिक की मंगेतर इस समय सदमे में है। जिन हाथों ने उसकी शादी की तैयारियां शुरू की थी, वह आज कांपते हुए उसे अंतिम विदाई दे रहे थे। मानिक टंडन की शादी इसी साल सितंबर में तय थी। उसने विवाह के लिए शहर का एक बड़ा पैलेस भी बुक कर लिया था और बाकी तैयारियां वृंदावन से लौटकर पूरी करने वाला था।

# कैथल अनाज मंडी में इनेलो का गेहूं खरीद निमयों को लेकर जोरदार प्रदर्शन

**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** कैथल अनाज मंडी में आज इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के कार्यकर्ताओं ने गेहूं खरीद के नए नियमों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ता पारंपरिक झोटा-बुग्गी लेकर मंडी पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए इनेलो सुप्रीमो चौ. अभय सिंह चौटाला खुद पहुंचे। प्रदर्शन के माध्यम से इनेलो कार्यकर्ताओं ने गेहूं की खरीद के लिए बनाए गए नए नियमों का विरोध किया। इनेलो सुप्रीमो चौ.अभय चौटाल ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए नए खरीद नियम किसानों के हित में नहीं हैं और इससे उन्हें अपनी फसल बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यह फैसले बिना किसानों से सलाह किए लिए गए हैं, जिससे किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने कहा कि गेहूं खरीद के दौरान आढ़तियों के लाइसेंस, बायोमैट्रिक सत्यापन और गेटपास जैसे मुद्दों को लेकर सीएम से मिले थे। उस दौरान सीएम ने सभी मांगें मानने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में सरकार अपने वादे से मुकर गई। सरकार ने आढ़तियों के लाइसेंस भी सीजन के मौके पर रिन्यू किए हैं। इसके लिए इनेलो ने सरकार पर दबाव बनाया। जिसके बाद व्यापारियों के लाइसेंस रिन्यू हुए, वे भी केवल छह महीने के लिए किए गए हैं। ऐसे में सरकार लाइसेंस को खत्म करना चाहती है। प्रदर्शन के दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं ने झोटा-बुग्गी के जरिए अपना विरोध जताते



- किसान व कार्यकर्ता झोटा-बुग्गी लेकर मंडी पहुंचे और सरकार के खिलाफ की नारेबाजी
- इनेलो किसानों के साथ खड़ी और इनेलो का हर कार्यकर्ता किसानों की यूनियनों के साथ : अभय चौटाला

हुए कहा कि यह किसानों की पहचान और उनके संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि गेहूं खरीद के नियमों में तुरंत संशोधन किया जाए और किसानों को राहत दी जाए। इनेलो किसानों के साथ खड़ी है। इनेलो का हर कार्यकर्ता किसानों की यूनियनों के साथ है।

**इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने सरकार और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप**

अभय चौटाला ने कहा कि पहले टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ियों के कारण गेहूं का उठान प्रभावित हो रहा था। टेंडर ऐसे लोगों को दिया जा रहा है जो कथित तौर पर कमीशन देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनकी फसल समय पर मंडियों से नहीं उठाई जा रही। इनेलो नेता ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गेहूं का उठान शुरू नहीं हुआ और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा, तो उनकी पार्टी अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इनेलो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इसके साथ ही चौटाला ने मंडियों में लागू बायोमैट्रिक सिस्टम पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बायोमैट्रिक व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से नहीं रोका गया, तो इनेलो इस पर बड़ा फैसला ले सकती है। अभय चौटाला ने हरियाणा सरकार की गेहूं खरीद से जुड़े फैसलों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि सरकार को तुरंत अपनी नीतियों में सुधार करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो इनेलो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी।

**रामपाल माजरा ने सरकार पर बोला तीखा हमला**

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए मंडियों में आते हैं, लेकिन उन पर अनावश्यक और कठोर शर्तें थोपी जा रही हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि किसान अनाज बेचने आते हैं, कोई नशा बेचने नहीं आते, फिर उनके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। माजरा ने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। मंडियों में फसल बेचने के दौरान किसानों को कई तरह की औपचारिकताओं और नियमों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। सरकार को चाहिए कि वह किसानों के हितों को प्राथमिकता दे और मंडी व्यवस्था को सरल बनाए। इनेलो जिला अध्यक्ष अनिल तंवर ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ सकती है। उनका कहना है कि किसान पहले ही मौसम और लागत की मार झेल रहा है, ऐसे में मंडियों में इस तरह की शर्तें उसकी परेशानी और बढ़ा रही हैं।

मौके पर

मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की और उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। हालांकि, इनेलो कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**नई अनाज मंडी में गूंजा इनेलो का हल्लाबोल**

नई अनाज मंडी में आयोजित इस विशाल प्रदर्शन में हजारों की संख्या में किसान, मजदूर, व्यापारी और विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। इनेलो कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर में पोस्टर लगाकर विरोध प्रदर्शन को जन आंदोलन का रूप दे दिया। प्रदर्शन के दौरान मंडी क्षेत्र इनेलो समर्थकों के नारों से गूंज उठा और सरकार के खिलाफ जबरदस्त रोष देखने को मिला।

**प्रदर्शन के दौरान ये रहे मौजूद**

किसानों सहित हर वर्ग के लोगों ने एक स्वर में कहा कि इनेलो ही जनता की सच्ची हितैषी है और वही किसानों, मजदूरों व गरीब वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाती है। इनेलो में ही जनता के हित पूरी तरह से सुरक्षित है, जो सदन से लेकर सडक़ों तक किसानों की आवाज को बुलंद कर रही है। इस अवसर पर राजा राम माजरा, शशि वालिया, मोनी बालू, सूरजीत पबनावा, रामेश्वर पहलवान, राम प्रकाश गोगी, ईश्वर मैहला, रकम सिंह नंबरदार, ईशम सिंह नंबरदार, शमशेर कुराड, महावीर पट्टी अफगान, सतीश गर्ग, रघुवीर

शिमला, बलबीर मटौर, यशपाल बनवाला, शैलेंद्र राणा, अभेराम भुक्कल, बलकार बल्लू, रोहित कुंडू कैलरम, धर्मपाल मलिक, दलबीर सिंह,

रणधीर, होशियारा, सतीश छोत, राममेहर खुराना, पवन शर्मा, जस्सी करोड़ा, राजबीर ढुल, महीपाल नैना, भूप नैना, अमित सिरटा, सनी चोशाला, साहब सिंह संधू, बिल्लू क्योड़क आदि मौजूद थे।

# 17 दिव्यांगजनों को मिले नि:शुल्क कृत्रिम अंग, चेहरों पर लौटी मुस्कान

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** हिसार में आज नारायण सेवा संस्थान द्वारा संचालित दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र, कैथल की टीम ने एक सराहनीय पहल करते हुए नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन में नई उम्मीद जगाना रहा। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग के नेतृत्व में किया गया, जिसमें हिसार शाखा संयोजक राजेंद्र यादव एवं उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान कुल 17 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग और कैलिपर वितरित किए गए। कृत्रिम अंग प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कई दिव्यांगजन ऐसे भी रहे जिन्होंने पहली बार अपने पैरों पर खड़े होकर चलने का अनुभव किया। यह क्षण न केवल उनके लिए बल्कि उपस्थित




- हांसी के तहसीलदार डॉ. अनिल बिढान रहे मुख्य अतिथि
- नारायण सेवा संस्थान के सेवा कार्य और प्रयास समाज में ला रहे सकारात्मक परिवर्तन : डॉ अनिल बिढान

सभी लोगों के लिए बेहद भावुक और प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हांसी के तहसीलदार डॉ. अनिल बिढान उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में नारायण सेवा संस्थान के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाते हैं और जरूरतमंदों के जीवन को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की ओर से सभी सहयोगियों, दानदाताओं एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। यह शिविर न केवल सेवा का उदाहरण बना, बल्कि दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मविश्वास और नई उम्मीद की किरण भी लेकर आया।

# नाव हादसा: हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई, दूल्हे की तरह सजाकर विदा किया इकलौता बेटा; एक साथ जली 5 चिताएं

मथुरा के वृंदावन नाव हादसे ने जगरांव शहर को गहरे जख्म दिए हैं, जिनकी यादें शायद ही कभी धुंधली हो सकें। शनिवार को जब शहर के डल्ला रोड स्थित श्मशान घाट में पांच चिताएं एक के बाद एक जलने लगीं तो वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।

इस हादसे में 13 लोगों की जान गई। जब शनिवार सुबह मृतकों के शव जगरांव पहुंचे तो पूरा शहर थम सा गया। हादसे में जगरांव के मधुर बहल, उनकी मां कविता बहल, चाचा चरणजीत बहल, चाची पिंकी बहल और युवा ईशान कटारिया की जान चली गई। पांच मृतकों के शव स्पेशल एंबुलेंसों से जगरांव पहुंचे तो परिजनों के दिलों में कोहराम मच गया।

शहर भर के लोग अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने के लिए सड़कों पर उमड़ पड़े। शनिवार दोपहर को डल्ला रोड स्थित श्मशान घाट में पांचों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। पहले ईशान कटारिया की चिता को मुखाग्नि दी गई फिर चरणजीत बहल और उनकी पत्नी पिंकी बहल का और अंत में मधुर बहल और उनकी मां कविता बहल की चिताएं जलाने का दृश्य बेहद दिल दहला देने वाला था।

सिर पर सेहरा बांधकर ईशान को किया विदा

ईशान कटारिया की अंतिम विदाई ने तो सबको हिलाकर रख दिया। परिवार ने उन्हें दूल्हे की तरह सेहरा बांधकर विदाई दी थी। जब श्मशान घाट पर उनकी अर्थी पहुंची तो पिता राजू कटारिया बेसुध होकर बार-बार यही कहते रहे मेरा इकलौता बेटा मुझे छोड़कर चला गया। यह दृश्य देखकर हर किसी का दिल छलनी हो गया। मधुर बहल और उनकी मां कविता बहल की अर्थी एक साथ उठने का दृश्य और भी दर्दनाक था।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि परिवार मृतकों की याद में कोई स्मारक या लाइब्रेरी बनाना चाहते हैं तो राज्य सरकार इसका निर्माण करवाएगी।

इस हादसे के बाद लापता छात्र ऋषभ शर्मा का शव मिल गया है। उसके पिता ने सोशल मीडिया पर भावुक अपील की थी। ऋषभ 12वीं कक्षा का छात्र था, उसकी मां उमा शर्मा डीएवी स्कूल में अध्यापिका हैं।

यह हादसा जगरांव के लिए एक बहुत बड़ा आघात है। इस हादसे के बाद पूरा शहर सन्न है और हर दिल में यही दुआ है कि भगवान ऐसी त्रासदी किसी और को न दिखाए।

श्मशानघाट में छा गया मातम, लोगों को याद आया सोहिया कांड

शनिवार को जैसे ही श्मशानघाट में एक साथ पांच चिताओं को अग्नि दी गई, पूरा माहौल सिसकियों और आंसुओं से भर उठा। चारों तरफ रोते-बिलखते परिजनों की आवाजें आ रही थीं।

क्रियाकर्म करवाने वाले पंडित हरि कृष्ण भी इस मंजर को देखकर भावुक हो उठे। कांपती आवाज में उन्होंने बताया कि यह दृश्य देखकर उन्हें 1990-91 के आतंकवाद के दौर का सोहिया कांड याद आ गया। उन्होंने कहा कि उस समय भी श्मशानघाट में एक के बाद एक शव पहुंच रहे थे और चारों तरफ मातम था।

पंडित हरि कृष्ण ने भर्राई आवाज में कहा, आज जब मैंने एक साथ पांच चिताओं को जलते देखा तो वही घटना याद आ गई। उस समय भी कई घरों के चिराग बुझ गए थे।

श्मशानघाट में मौजूद लोग इस दर्दनाक मंजर को देखकर सहम गए। हर किसी की जुबान पर बस यही शब्द थे कि यह हादसा शहर के दिल पर ऐसा जख्म दे गया है जो शायद कभी नहीं भर पाएगा।

मथुरा नाव हादसा: जगरांव पहुंचे सीएम मान, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को जगरांव पहुंचकर मथुरा के पास हुए दर्दनाक हादसे में अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस कठिन समय में हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है और राहत व बचाव कार्यों में हर जरूरी सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में हुए जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख जताया। अब तक 13 शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि तीन लोग अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।

सीएम मान ने कहा कि पंजाब सरकार लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में है और बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पंजाब की ओर से गोताखोरों की विशेष टीमें घटनास्थल पर भेजी गई हैं, जो स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी गहरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जो इस असहनीय दुख से गुजर रहे हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। सीएम मान ने दोहराया कि पंजाब सरकार इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# वांछित अपराधियों की जानकारी मिलने पर मिलेगा इनाम, सीएम मान की अगुवाई में लागू हुई पुरस्कार नीति

मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब सरकार ने एक अहम और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'पुरस्कार नीति' लागू की है। इस नीति के तहत पंजाब पुलिस को राज्य में वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों तथा उनके नेटवर्क के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले व्यक्तियों को इनाम देने का अधिकार प्रदान किया गया है। इस संबंध में राज्य सरकार ने 28 सबसे वांछित अपराधियों की सूची भी जारी की है।

'गैंगस्टरों ते वार' प्रोजेक्ट के अंतर्गत सरकार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को एक लाख रुपये तक, पुलिस कमिश्नर/रेंज आईजी/डीआईजी को 1.5 लाख रुपये तक, विभिन्न विंगों के प्रमुखों (स्पेशल डीजीपी/एडीजीपी) को 2 लाख रुपये तक और डीजीपी को 2 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत करने की शक्तियां प्रदान की हैं। यह राशि केवल सही और प्रमाणिक सूचना देने वाले व्यक्तियों को ही दी जाएगी। सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य राज्य में अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क पर पूरी तरह से लगाम लगाना है और इसके लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। प्राप्त जानकारी की पहले जांच की जाएगी और तय मानकों के आधार पर ही इनाम दिया जाएगा। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उसे किसी प्रकार का खतरा नहीं होने दिया जाएगा। लोग 'एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन' 9394693946 पर जानकारी साझा कर सकते हैं। पुलिस के अनुसार, ऐसी विश्वसनीय सूचना जिससे वांछित या घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, उस पर इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

इस योजना के तहत प्राप्त सूचनाओं का उपयोग 'ऑपरेशन



प्रहार' और 'गैंगस्टरों पर वार' अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया जाएगा। यह एक उच्च स्तरीय इनाम योजना है, जिसमें सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रखी जाएगी। पंजाब पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं और राज्य को अपराध मुक्त बनाने में सहयोग करें। सरकार ने स्पष्ट किया है कि हर नागरिक की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है और सभी सूचनाओं की उचित जांच-पड़ताल के बाद ही उनका उपयोग किया जाएगा। इस अभियान के तहत हाल ही में राज्यभर में गैंगस्टरों के नेटवर्क से जुड़े चिन्हित स्थानों पर 56,487 छापेमारी की गई हैं। अभियान शुरू होने के बाद अब तक कुल 19,894 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। 9,353 व्यक्तियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई, जबकि 15,284 लोगों से पूछताछ कर उन्हें सत्यापन के बाद रिहा किया गया। इसके अलावा 851 घोषित अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है। राज्यवासी वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों से संबंधित जानकारी एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुमनाम रूप से साझा कर सकते हैं और अपराध से जुड़ी गतिविधियों के बारे में सुझाव भी दे सकते हैं।

## ईरान ने बारूदी सुरंगों को नष्ट करने आए अमेरिकी जहाजों को खदेड़ा.

होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी युद्धपोतों को ईरान ने रोककर वापस लौटने पर मजबूर करने का दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने जहाजों को निशाने पर लिया, जिसके बाद उन्हें चेतावनी दी गई। इसके बाद आखिरकार अमेरिका के जहाजों को पीछे हटना पड़ा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। ईरान ने दावा किया है कि अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों को उसके समुद्री बलों ने रोककर वापस जाने पर मजबूर कर दिया। यह घटना ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच उच्च स्तरीय वार्ता चल रही थी। इस पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्र में तनाव और बढ़ा दिया है और युद्ध जैसी स्थिति का खतरा फिर से गहरा गया है।रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी नौसेना के दो युद्धपोत यूएसएस माइकल मर्फी और यूएसएस फ्रैंक ई पीटर्सन होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहे थे। ईरानी बलों ने इन्हें ट्रैक कर लिया और चेतावनी जारी की। दावा किया गया कि ईरानी क्रूज मिसाइलों ने जहाजों को लॉक कर लिया था और ड्रोन भी तैनात कर दिए गए थे। इसके बाद अमेरिकी जहाजों को 30 मिनट के भीतर क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी दी गई, जिसके बाद वे पीछे हट गए।अमेरिकी जहाजों ने अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की। उन्होंने अपने लोकेशन सिस्टम बंद कर दिए और खुद को ओमान के व्यावसायिक जहाजों के रूप में दिखाने की कोशिश की। साथ ही, उन्होंने तट के करीब और उथले पानी वाले रास्ते का इस्तेमाल किया, ताकि ईरानी निगरानी से बच सकें।

# ट्रंप ने बताया क्यों दी थी ईरान को ये धमकी, अब होर्मुज पर भी दे दी कड़ी चेतवानी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर सख्त रुख अपनाते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में ऑल इन-ऑल आउट नीति की बात कही है। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ तो उसकी ऊर्जा व्यवस्था को नष्ट किया जा सकता है। ट्रंप ने अपने विवादित बयान को सही ठहराया।पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा और सख्त बयान दिया है। ट्रंप ने अपने पहले दिए गए विवादित बयान पूरी सभ्यता मिट सकती है को सही ठहराते हुए कहा कि इसी दबाव की वजह से ईरान बातचीत की मेज पर आया है। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि अमेरिका अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर कड़ा रुख अपनाने जा रहा है।ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ऑल इन-ऑल आउट रणनीति अपनाएगा। इसका मतलब है कि या तो सभी जहाजों को आवाजाही की अनुमति होगी या फिर किसी को नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान को तेल बेचकर पैसा कमाने नहीं देगा और इसके लिए पूरी तरह से नाकेबंदी लागू की जा सकती है। ट्रंप के मुताबिक कई देश भी इस कदम में अमेरिका का साथ दे सकते हैं।'

**क्या होर्मुज में पूरी नाकेबंदी की तैयारी है?**

ट्रंप के बयान से साफ है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नियंत्रित करने की दिशा में बढ़ रहा है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है। अगर यहां नाकेबंदी होती है, तो इसका असर वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर सीधे पड़ेगा। ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका इस मुद्दे पर किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा।

**क्या ट्रंप ने ईरान को सीधी सैन्य चेतावनी दी है?**

ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान की पूरी ऊर्जा व्यवस्था को खत्म कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका एक दिन के भीतर ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे को नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह बयान साफ तौर पर सैन्य दबाव बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

**क्या यह बयान वार्ता को प्रभावित करने के लिए है?**

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह बयान ईरान पर दबाव बनाने और उसे शर्तों पर राजी करने की कोशिश हो सकती है। हालांकि, इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ने का खतरा भी है।

पश्चिम एशिया में हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। एक तरफ बातचीत की कोशिशें जारी हैं, तो दूसरी तरफ कड़े बयान और सैन्य चेतावनियां माहौल को और जटिल बना रही हैं। अब यह देखना अहम होगा कि क्या यह सख्ती शांति समझौते का रास्ता खोलती है या फिर तनाव को और बढ़ा देती है।

## 200 नागरिकों की मौत, आतंकियों का पीछा कर रहे थे विमान

नाइजीरिया के जिल्ली मार्केट में हवाई हमले के कारण लगभग 200 लोगों की मौत हो गई है। सेना का कहना है कि वे बोको हराम के आतंकियों को निशाना बना रहे थे, जबकि स्थानीय प्रशासन और चश्मदीदों ने भारी संख्या में आम नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि की है। राहत और बचाव कार्य जारी है।नाइजीरिया के पूर्वोत्तर इलाके से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां आतंकियों का पीछा कर रहे सेना के लड़ाकू विमानों की गलत बमबारी ने बाजार को श्मशान में तब्दील कर दिया। योबे राज्य के सीमावर्ती इलाके में स्थित एक साप्ताहिक बाजार पर हुई इस बमबारी में कम से कम 200 लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।घटना शनिवार रात की है, जब नाइजीरियाई वायुसेना के जेट विमान कट्टरपंथी संगठन बोको हराम के आतंकियों की तलाश में थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, विमानों ने बोर्नो और योबे राज्य की सीमा पर स्थित जिल्ली नामक गांव के बाजार को निशाना बनाया। चश्मदीदों का कहना है कि उस वक्त बाजार में भारी भीड़ थी और लोग खरीदारी में व्यस्त थे, तभी आसमान से बरसी मौत ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया।हैरानी की बात यह है कि नाइजीरियाई वायुसेना ने आतंकियों को मारने का दावा तो किया है, लेकिन बाजार पर हमले की बात से पल्ला झाड़ लिया है। वायुसेना ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बोर्नो राज्य के जिल्ली क्षेत्र में बोको हराम के लड़ाकों को ढेर किया है, लेकिन उन्होंने आम नागरिकों के हताहत होने का जिक्र नहीं किया। वहीं दूसरी ओर, पड़ोसी राज्य योबे की सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हवाई हमला एक बाजार के पास हुआ है। योबे राज्य के सैन्य सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल दाहिरू अब्दुसलाम ने पुष्टि की कि जिल्ली के साप्ताहिक बाजार में गए कई लोग इस हमले की चपेट में आए हैं।चश्मदीदों की जुबानी, खौफ की कहानीबाजार में दवाइयां बेचने वाले 43 वर्षीय अहमद अली ने रॉयटर्स को बताया कि धमाका इतना तेज था कि मुझे कुछ समझ ही नहीं आया।

# किन मुद्दों पर नहीं बन पाई सहमति, अब आगे क्या करेंगे ट्रंप?



> मुझे आलोचकों की परवाह नहीं है। मेरे राष्ट्रपति बनने से पहले अमेरिका को व्यापार समेत कई मामलों में नुकसान उठाना पड़ रहा था, लेकिन मैंने आकर स्थिति बदली। मेरी सख्त नीति और बयानबाजी ही अमेरिका के हित में
>
> डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

ईरान और अमेरिका के बीच शांति की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में चली 21 घंटे की बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। जहां अमेरिका लगातार ईरान से अपने परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को खत्म करने की और होर्मुज को खोलने की मांग कर रहा था, वहीं ईरान भी अपने ऊपर लगे प्रतिबंधों को हटाने और मुआवजे की मांग पर अड़ा रहा। नतीजतन दोनों ही पक्ष किसी समझौते पर नहीं पहुंचे। अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का सीजफायर लागू है। इस बीच पाकिस्तान में दोनों पक्षों के बीच सीधी वार्ता का आयोजन किया गया। हालांकि, इसमें अमेरिका-ईरान की तरफ से युद्ध को स्थायी तौर पर रोकने के लिए कोई समझौता नहीं किया जा सका। इसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल और ईरान के संसद के स्पीकर बाघेर गालिबाफ के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने देश लौट गए। अब चूंकि दोनों पक्षों के बीच वार्ता नाकाम हो चुकी है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य खुलवाने तक पर कोई सहमति नहीं बन पाई है, ऐसे में यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि अमेरिका अब अगला कदम क्या उठा सकता है।अमेरिका-ईरान के बीच किन मुद्दों पर हुई बात?

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच 21 घंटे तक चली मध्यस्थता वार्ता में कई अहम और रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें सबसे अहम मुद्दा ईरान का परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य को जल्द से जल्द खुलवाने का रहा।

**ईरान का परमाणु कार्यक्रम:** यह बातचीत का सबसे बड़ा और मुख्य मुद्दा था। अमेरिका ने स्पष्ट मांग रखी कि ईरान परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता जताए और उन सभी जल्द परमाणु हथियार बनाने के सभी जरियों को भी छोड़ दे। इसके साथ ही परमाणु सामग्री को हटाने पर भी जोर दिया गया।

**होर्मुज जलडमरूमध्य:** इस अहम समुद्री मार्ग पर नियंत्रण एक प्रमुख विवाद का विषय था। अमेरिका ने इस जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग की, जबकि ईरान के प्रस्ताव में इस पर ईरानी नियंत्रण की गारंटी मांगी गई थी।

**युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई:** बातचीत के दौरान ईरान ने हालिया अमेरिकी और इस्राइली हमलों की वजह से हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग रखी।

प्रतिबंधों से राहत और जब्त हुए फंडः ईरान ने अमेरिका की ओर से लगाए गए कई दशकों के प्रतिबंधों को हटाने और अपने विदेशी बैंकों में रोके गए फंड्स को वापस करने की भी शर्त रखी।

**युद्ध की पूरी तरह से अंत:** ईरान ने क्षेत्र में और अपने खिलाफ चल रहे युद्ध को पूरी तरह और औपचारिक रूप से खत्म करने की गारंटी भी मांगी।अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता सफल क्यों नहीं हुई?

**1. परमाणु कार्यक्रम को स्थायी रूप से बंद करने पर असहमति**

वार्ता के टूटने का सबसे बड़ा कारण ईरान का परमाणु कार्यक्रम था। दरअसल, अमेरिका ने जहां ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को खत्म करने की मांग रख दी तो वहीं ईरान ने अपनी परमाणु सामग्री को नष्ट करने और अपनी ही धरती पर यूरेनियम संवर्धन के अधिकार को स्थायी रूप से छोड़ने से स्पष्ट इनकार कर दिया। ईरान का तर्क था कि परमाणु अप्रसार संधि के तहत परमाणु संवर्धन करना उसका अधिकार है। ईरान कुछ वर्षों के लिए अपने परमाणु संचालन को निलंबित करने की पेशकश कर रहा था, लेकिन इसे पूरी तरह से समाप्त करने के लिए तैयार नहीं था।

**2. होर्मुज जलडमरूमध्य में रियायत पर भी सहमति नहीं**

अमेरिका के 15-सूत्रीय प्रस्ताव में इस महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग शामिल थी। इसके उलट ईरान की मांग थी कि इस समुद्री मार्ग पर उसका नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। ईरान ने स्पष्ट किया कि जब तक अमेरिका के साथ कोई उचित समझौता नहीं हो जाता, तब तक वह इस मुद्दे पर मुफ्त में कोई रियायत नहीं देगा।

**3. युद्ध की क्षतिपूर्ति और प्रतिबंधों से राहत**

ईरान की अमेरिका-इस्राइल के हमलों में हुए मानवीय और ढाचांगत नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देने और प्रतिबंधों को हटाने की मांग को अमेरिका ने पूरी तरह से खारिज कर दिया और कहा कि प्रतिबंध केवल धीरे-धीरे (शर्तों के लागू होने पर) हटाए जा सकते हैं।

**4. प्रस्तावों को जरूरत से ज्यादा और अनुचित माना गया**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी प्रस्ताव को अपनी ओर से लचीला और अंतिम व सबसे अच्छा प्रस्ताव बताया था। इसके ठीक उलट ईरानी प्रतिनिधिमंडल और उनके अधिकारियों ने अमेरिका की इन शर्तों को अनुचित और अत्यधिक करार दिया।

**5. दोनों पक्षों में जीत का अहसास**

विश्लेषकों के मुताबिक, इस विफलता का एक बड़ा कूटनीतिक कारण यह भी था कि दोनों ही देश खुद को 38 दिनों तक चले हालिया युद्ध का विजेता मान रहे थे और इसलिए कोई भी समझौता करने का रुख नहीं दिखा पाया। अमेरिका का मानना था कि उसने 13,000 से अधिक ईरानी ठिकानों पर बमबारी करके उसे पस्त कर दिया है और ईरान को अब हार मान लेनी चाहिए। दूसरी ओर, ईरान का मानना था कि इतने भारी सैन्य हमलों को झेलकर बच निकलना और अमेरिका को फिर बातचीत की मेज पर आने को मजबूर करना उसकी जीत है। इससे उसका मनोबल और दृढ़ हो गया। ईरान का मानना था कि अमेरिका जमीनी हकीकत को स्वीकार नहीं कर रहा है और ईरान के पास इंतजार करने का समय है, इसलिए झुकने का कोई कारण नहीं है।

**क्या था अमेरिका का अंतिम और सर्वश्रेष्ठ प्रस्ताव?**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के मुताबिक, उन्होंने ईरान के सामने तीन आधारभूत शर्तें रखी थीं। इनमें परमाणु संवर्धन पर दीर्घकालिक रोक लगाने, परमाणु हथियार बनाने के जरियों को खत्म करने और होर्मुज को विश्व व्यापार के लिए बिना किसी पूर्व-शर्त के खोलने की मांग शामिल थी। वेंस ने इसे ही अमेरिका की कुछ रेड लाइन्स (वे शर्तें, जिन पर कोई मोल-तोल नहीं हो सकता) बताया था। इसके साथ ही, प्रस्ताव में उन क्षेत्रों को भी स्पष्ट किया गया था जहां अमेरिका ईरान के साथ लचीला रुख अपनाने को तैयार था। अमेरिका का मानना था कि उसने पूरी सद्भावना के साथ यह लचीला प्रस्ताव रखा था, जिसे उसने ईरान के सामने 'स्वीकार या अस्वीकार' करने के लिए अंतिम विकल्प के रूप में पेश किया था। हालांकि, ईरान ने परमाणु कार्यक्रम को स्थायी रूप से रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी अमेरिकी मांगों को अनुचित और अत्यधिक मानते हुए इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

## पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से फोन पर की बात, कहा- हम मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच शांति की कोशिशों को लेकर नई हलचल देखने को मिली है। पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए रूस की भूमिका निभाने की इच्छा जताई। यह बातचीत उस समय हुई है जब इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान वार्ता कोई ठोस नतीजा नहीं दे सकी।पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और अस्थिर हालात के बीच अब रूस ने कूटनीतिक मोर्चे पर सक्रियता बढ़ा दी है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर बात की है। बातचीत में पुतिन ने संकेत दिया है कि रूस पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने को तैयार है। इससे पहले शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। ईरान और अमेरिका का प्रतिनिधमंडल पाकिस्तान भी पहुंचा था। हालांकि वहां बात नहीं बन पाई।वहीं, पुतिन ने इस बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा संघर्ष को रोकने के लिए तुरंत हिंसा बंद करना जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि सैन्य कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं निकलेगा और केवल राजनीतिक व कूटनीतिक रास्ता ही स्थायी शांति दिला सकता है। क्रेमलिन के अनुसार रूस सभी पक्षों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने की दिशा में काम कर रहा है और स्थिति को शांत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।रूस की यह पहल केवल एक बयान नहीं बल्कि रणनीतिक कदम भी मानी जा रही है। पुतिन पहले भी कई देशों और खाड़ी क्षेत्र के नेताओं के संपर्क में रहे हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि रूस खुद को इस संकट में एक अहम कूटनीतिक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना चाहता है और वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका मजबूत करना चाहता है।

# अरुणाचल के कुछ स्थानों का नाम बदलने के दावे को किया खारिज, बताया भ्रामक और निराधार



> अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। चीन के किसी भी तरह के नाम बदलने या झूठे दावे करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। इस तरह की कोशिशें भ्रामक और बिना आधार की हैं।
>
> रणधीर जायसवाल, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के नाम बदलने की कोशिश पर भारत ने सख्त आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने इसे भ्रामक और निराधार बताते हुए पूरी तरह खारिज किया। भारत ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न हिस्सा है और ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती।चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के नाम बदलने की कोशिश पर भारत ने सख्त आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने इसे भ्रामक और निराधार बताते हुए पूरी तरह खारिज किया। भारत ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न हिस्सा है और ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती।भारत ने चीन की उन कोशिशों को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिनमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें भ्रामक और निरर्थक हैं और भारत इन्हें पूरी तरह अस्वीकार करता है। मंत्रालय के अनुसार, चीन की तरफ से किया गया यह कदम गलत और बिना आधार का है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। चीन के किसी भी तरह के नाम बदलने या झूठे दावे करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की इस तरह की कोशिशें भ्रामक और बिना आधार की हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह खारिज करता है। जायसवाल ने दोहराया कि भारत अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं करेगा।जायसवाल ने आगे कहा कि भारत ऐसे सभी भ्रामक और गलत प्रयासों को पूरी तरह अस्वीकार करता है। उन्होंने साफ कहा कि चीन द्वारा किए जा रहे झूठे दावे और मनगढ़ंत कहानियां किसी भी तरह की सच्चाई को नहीं बदल सकतीं। अरुणाचल प्रदेश समेत भारत के सभी क्षेत्र हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहे हैं और आगे भी रहेंगे।दावे भड़काऊं और राजनीतिक बता दें कि विदेश मंत्रालय का यह बयान चीन की उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों के नए नाम जारी करने की कोशिश की थी। ऐसे में भारत ने इसे एक बार फिर राजनीतिक और भड़काऊ कदम बताया है और ऐसे सभी दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

## डिजिटल साजिश से उठा पर्दा, समझिए कैसे फैलाया जा रहा था फेक एजेंडा

रणनीतिक संवाद संस्थान की रिपोर्ट में दावा है कि ईरान से जुड़ा गुप्त अभियान आयरलैंड को निशाना बना रहा है। फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए भ्रामक कंटेंट फैलाकर जनमत को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह सुनियोजित डिजिटल हमला लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अब डिजिटल मोर्चे पर भी बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। रणनीतिक संवाद संस्थान की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला दावा किया है कि ईरान से जुड़ा एक गुप्त ऑनलाइन अभियान आयरलैंड को निशाना बना रहा है। सोशल मीडिया के जरिए फर्जी अकाउंट्स, भ्रामक पोस्ट और एजेंडा आधारित कंटेंट फैलाकर जनमत को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यह सिर्फ प्रचार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित डिजिटल हमला है, जो लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक माहौल को अस्थिर करने की खतरनाक कोशिश माना जा रहा है।रिपोर्ट में बताया गया कि कुछ फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स, जो आयरिश लोगों के नाम से बनाए गए थे, असल में ईरान, रूस और चीन से जुड़े हो सकते हैं। इन अकाउंट्स की लोकेशन डेटा से संकेत मिला कि इन्हें ईरान से चलाया जा रहा था। शोधकर्ता और पत्रकार किरन ओ कॉनर ने कहा कि ये गतिविधियां तूफान-2035 नाम के एक गुप्त अभियान का हिस्सा हो सकती हैं, जिसका संबंध ईरान की इस्लामी क्रांतिकारी गार्ड कोर से बताया जा रहा है।रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इन अकाउंट्स पर पोस्ट किए जाने वाले कई कंटेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, जैसे चैट जीपीटी की मदद से तैयार किए गए थे। इन पोस्ट में अमेरिका और इस्राइल की आलोचना की जाती थी और ईरान व फलस्तीन के समर्थन में बातें कही जाती थीं। जांच में यह भी पाया गया कि चार ऐसे एक्स अकाउंट्स थे, जो खुद को आयरिश नागरिक बताते थे, लेकिन उनके असली होने का कोई सबूत नहीं मिला। ये अकाउंट्स खुद को इस्लाम अपनाने वाला बताते थे और एकीकृत आयरलैंड की बात करते थे। सबसे खास बात यह रही कि ये सभी अकाउंट्स ईरान के सैन्य नेता कासिम सुलेमानी की तारीफ में एक जैसे पोस्ट कर रहे थे, खासकर उनकी मौत की बरसी के आसपास। इसके अलावा, जून 2025 में इन अकाउंट्स ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के समर्थन में भी पोस्ट किए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि रूस से जुड़ी गतिविधियां काफी फैली हुई और बिखरी हुई थीं।

# 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की भी दी धमकी, समझें ट्रंप की दोहरी रणनीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को ईरान को हथियार देने पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। साथ ही उन्होंने चीन को अमेरिका और वेनेजुएला से सस्ता तेल खरीदने का ऑफर भी दिया। हालांकि हथियार वाले मामले में चीन ने सभी आरोपों से इनकार किया है।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और असफल शांति वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर आक्रामक रुख अपनाया है। ट्रंप ने चीन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर वह ईरान को हथियार सप्लाई करता है तो उस पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाया जाएगा। इस बयान के साथ ही ट्रंप ने चीन को अमेरिका और वेनेजुएला से सस्ता तेल खरीदने का ऑफर भी दे दिया, जिससे वैश्विक राजनीति में नई हलचल मच गई है।ट्रंप ने यह बयान उस समय दिया जब खुफिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि चीन ईरान को नए एयर डिफेंस सिस्टम भेजने की तैयारी कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि अगर यह सच हुआ तो चीन को भारी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका ऐसे किसी भी कदम को बर्दाश्त नहीं करेगा जो ईरान की सैन्य ताकत बढ़ाए।क्या चीन वाकई ईरान को हथियार भेज रहा है? रिपोर्टों के अनुसार चीन पोर्टेबल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम यानी भेजने की तैयारी में है। ये हथियार कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। हालांकि, चीन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसने किसी भी पक्ष को हथियार नहीं दिए हैं और वह हमेशा अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करता है।चीन को सस्ते दामों में

**तेल बेचेगा अमेरिकाः** 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की भी दी धमकी, समझें ट्रंप की दोहरी रणनीति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को ईरान को हथियार देने पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। साथ ही उन्होंने चीन को अमेरिका और वेनेजुएला से सस्ता तेल खरीदने का ऑफर भी दिया। हालांकि हथियार वाले मामले में चीन ने सभी आरोपों से इनकार किया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और असफल शांति वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर आक्रामक रुख अपनाया है। ट्रंप ने चीन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर वह ईरान को हथियार सप्लाई करता है तो उस पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाया जाएगा। इस बयान के साथ ही ट्रंप ने चीन को अमेरिका और वेनेजुएला से सस्ता तेल खरीदने का ऑफर भी दे दिया, जिससे वैश्विक राजनीति में नई हलचल मच गई है।

**आर्थिक जंग की आहटः** अमेरिका के खिलाफ चीन-ईरान का नई चाल, वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे बना रहा रणनीतिक हथियार?

संघर्षविराम के बाद बोले ट्रंप- यूरेनियम संवर्धन पर रहेगी रोक, ईरान से टैरिफ-प्रतिबंधों पर होगी बात ट्रंप ने यह बयान उस समय दिया जब खुफिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि चीन ईरान को नए एयर डिफेंस सिस्टम भेजने की तैयारी कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि अगर यह सच हुआ तो चीन को भारी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका ऐसे किसी भी कदम को बर्दाश्त नहीं करेगा जो ईरान की सैन्य ताकत बढ़ाए।

**क्या चीन वाकई ईरान को हथियार भेज रहा है?**

रिपोर्टों के अनुसार चीन पोर्टेबल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम यानी भेजने की तैयारी में है। ये हथियार कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। हालांकि, चीन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसने किसी भी पक्ष को हथियार नहीं दिए हैं और वह हमेशा अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करता है।

**क्या ट्रंप की टैरिफ नीति फिर से चर्चा में है?**

ट्रंप ने पहले भी कई देशों पर टैरिफ लगाकर दबाव बनाने की कोशिश की है। भारत, ब्राजील और चीन जैसे देशों पर लगाए गए टैरिफ को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कानून के खिलाफ बताया था। इसके बावजूद ट्रंप नए-नए तरीकों से टैरिफ लागू करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बढ़त हासिल की जा सके।

**क्या तेल के जरिए चीन को साधने की कोशिश है?**

ट्रंप ने चीन को अमेरिका और वेनेजुएला से सस्ता तेल खरीदने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास तेल की भरपूर क्षमता है और वह ईरान से भी कम कीमत पर तेल दे सकता है। इसे चीन को ईरान से दूर करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि चीन ईरान के तेल पर काफी निर्भर है।

# सूर्य बुध की युति से रविवार के दिन चमकेगी वृषभ, मिथुन समेत अन्य राशियों की किस्मत

**आज यानी रविवार 12 अप्रैल को दिन के स्वामी रहेंगे सूर्यदेव और सूर्य के साथ आज बुध की युति होगी मीन राशि में ऐसे में आज सूर्य और बुध बनाएंगे नीचभंग राजयोग जबकि इन दोनों ग्रहों की युति से आज बुधादित्य योग भी निर्मित होगा। जबकि आज चंद्रमा का गोचर मकर राशि में होगा। ऐसे में आज रविवार का दिन नीचभंग राजयोग से वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक और मीन राशि के जातको के लिए आनंददायक और भाग्यशाली रहेगा।**



**वृषभ राशि –**आज रविवार के दिन सूर्य और बुध की युति आपकी राशि ग्यारहवें भाव में होने से आपको सुख वैभव की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन भी आपका आनंद में बीतेगा। किसी निकट सगे संबंधी से मिलने का संयोग बन सकता है। आपका पारिवारिक काम जो अटका हुआ था वह पूरा होगा। सामाजिक क्षेत्र में प्रभाव और सम्मान बढेगा। लव लाइफ में आपको प्रेमी के साथ रोमांटिक समय बिताने का मौका मिलेगा।

**उपाय : आज रविवार के दिन आपको उपाय के तौर पर सूर्य गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए।**

**मिथुन राशि –**मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन सामाजिक क्षेत्र के काम में शामिल होकर मान सम्मान पाने का रहेगा। आपको आज के दिन परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। और आप लंबे समय से पेंडिंग को पूरा कर पाएंगे। आपको किसी मित्र या सगे संबंधी से मिलने का भी मौका मिलेगा। संतान से संबंधित किसी चिंता परेशानी से आप राहत महसूस कर सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य के लिए आपको शॉपिंग करनी पड़ सकती है। धर्म अध्यात्म के काम में आपका मन लगेगा। पड़ोसियों से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। पैतृक संपत्ति संबंधी मामले में विवाद से बचना चाहिए।

**उपाय : आपको उपाय के तौर पर आज भगवान गणेशजी की उपासना करनी चाहिए।**

**कन्या राशि –**आपकी राशि के स्वामी बुध आज राशि से सप्तम भाव में रहेंगे ऐसे में आपको कारोबारी साझेदारों से सहयोग और लाभ मिल सकता है। कुछ नए संपर्क और साझेदारी होने की भी संभावना रहेगी। बुद्धि कुशलता का लाभ मिलेगा। बीमार चल रहे जातको के स्वास्थ्य में सुधार होगा। आपको आज के दिन वस्त्र और सुख साधनों की भी प्राप्ति होगी। शिक्षा और प्रतियोगिता में आपको सफलता मिल सकती है। प्रेमी संबंध के लिहाज से भी दिन आपका अच्छा रहेगा। आप मनपसंद भोजन का भी आनंद ले पाएंगे। आपको कोई प्रसन्नतादायक खबर भी मिलेगा।

**उपाय : आपको आज उपाय के तौर पर गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए।**

**वृश्चिक राशि –**वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन विदेशी क्षेत्र में भी लाभ दिलाने वाला रहेगा। लव लाइफ में उत्साह और आनंद बना रहेगा। प्रेमी के साथ आपका रोमांटिक समय बीतेगा। कारोबार व्यापार मे भी आपको लाभ मिलेगा। वाहन सुख भी आपको प्राप्त होगा। भाइयों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको आज के दिन किसी साहसिक निर्णय का भी फायदा मिलेगा। प्रॉपर्टी से जुड़े काम में आपको सफलता मिलेगी। छोटी अथवा लंबी दूरी की यात्रा का भी संयोग बनेगा। कोई मनोकामना आपकी पूरी होगी।

**उपाय : आपको आज उपाय के तौर पर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।**

**मीन राशि –**आपकी राशि में आज बुध और सूर्य नीचभंग राजयोग बना रहे हैं जो आपके प्रभाव और सम्मान में वृद्धि करने वाला है। आपको भाग्य आज अप्रत्याशित रूप से लाभ दिला सकता है। आपकी कोई दबी हुई इच्छा भी पूरी होगी। कामकाज में गतिशीलता आ सकती है। पिता और पैतृक पक्ष से आपको लाभ मिलेगा। घर परिवार का माहौल भी सुखद रहेगा। संतान की ओर से आपकी किसी चिंता का निदान होने से आप राहत महसूस करेंगे।

**उपाय : आज आपको उपाय के तौर पर गाय को गुड़ रोटी खिलाना चाहिए।**

# गणेश जी की पूजा में तुलसी क्यों नहीं चढ़ाई जाती, जानें क्या कहता है शास्त्र



एक पौराणिक कथा है, जिसके अनुसार माता तुलसी ने भगवान गणेश के ब्रह्मचारी होने के बावजूद उनसे विवाह का प्रस्ताव रखा था। गणेश जी द्वारा मना करने पर क्रोधित होकर तुलसी ने उन्हें दो विवाह का श्राप दिया, जिसके फलस्वरूप गणेश जी ने उन्हें राक्षस से विवाह का श्राप दिया, कहा जाता है, इसीलिए गणेश पूजा में तुलसी वर्जित मानी गई हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार एक दिन देवी तुलसी गंगा तट पर भ्रमण कर रही थीं। उसी समय उन्होंने भगवान गणेश को गहरे ध्यान में लीन देखा। गणेश जी तप में बैठे थे और उनका मन पूर्ण रूप से ईश्वर चिंतन में लगा हुआ था। निष्ठापर्वूक तपस्या के तेज ने देवी तुलसी को उनकी ओर आकर्षित किया, जिसके कारण देवी तुलसी ने गणेश जी के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा। गणेश जी ने यह सुनते ही देवी तुलसी से कहा कि वे विवाह नहीं करना चाहते और उनका जीवन तप तथा धर्म के मार्ग के लिए समर्पित है। जनश्रुति है यह सुनकर देवी तुलसी को क्रोध आ गया, उन्होंने आवेश में आकर गणेश जी को श्राप दे दिया कि उनके दो विवाह होंगे।

तुलसी जी के इस विचित्र व्यवहार से गणेश जी दुखी हुए, उनके मुख से भी तुलसी के लिए भी एक श्राप निकला, उन्होनें कहा कि तुम्हारा विवाह एक असुर से होगा, इसी श्राप के कारण तुलसी का विवाह राक्षस कुल में दानव राज जलंधर से हुआ। जब देवी तुलसी को अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने गणेश जी से क्षमा मांगी।

इस पर गणेश जी ने कहा कि, 'आप भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय होगी और उनकी पूजा में आपका विशेष महत्व रहेगा। श्राप के कारण आज भी गणेश भक्त उनकी पूजा में तुलसी पत्र भूलकर भी नहीं चढ़ाते हैं।' तभी से श्रीरहरि भगवान विष्णु की पूजा में तुलसी का बहुत महत्व माना जाता है, जबकि गणेश पूजा में तुलसी पत्र अर्पित नहीं किए जाते।

# केदारनाथ धाम 22 व 23 को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे; जानें यात्रा के लाभ




चार धाम यात्रा का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। जल्द ही केदारनाथ और बद्रीनाथ के कपाट खुलने वाले हैं। हिंदू धर्म में चार धाम यात्रा का विशेष महत्व है। उत्तराखंड के चार प्रमुख धाम है गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। आइए जानते हैं केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा के आरंभ होने की तारीख। मान्यता है कि इस यात्रा को करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति होती है।

बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर कमेटी के अनुसार, चार धाम यात्रा का आरंभ 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही हो जाएगा। इसके बाद केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम का कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।

**बद्रीनाथ धाम का महत्व**

बद्रीनाथ भगवान विष्णु के 108 पवित्र मंदिर (दिव्य देशम) में से एक पवित्र तीर्थस्थल है, इस मंदिर का भगवान विष्णु के भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। बद्रीनाथ पंच बद्री मंदिरों का हिस्सा है, जिनमें योग ध्यान बद्री, भविष्य बद्री, आदि बद्री और वृद्ध बद्री शामिल हैं। बद्रीनाथ मंदिर भी इन्हीं मंदिरों का हिस्सा है।

**केदारनाथ धाम का महत्व**

उत्तरी भारत में स्थित केदारनाथ मंदिर एक प्रमुख तीर्थ स्थल है,केदारनाथ धाम जो मंदाकिनी नदी पर स्थित है और समुद्र तल से 3584 मीटर की ऊंचाई पर है। इस क्षेत्र का ऐतिहासिक नाम केदार खंड है। केदारनाथ मंदिर उत्तराखंड के चार धामों और पंच केदारों का हिस्सा है। केदारनाथ भारत में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मान्यता है कि जो व्यक्ति केदारनाथ धाम की यात्रा करता है वह जीवन मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति करता है।

**केदारनाथ धाम का महाभारत काल से है संबंध**

मान्यता है कि जब महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ तो सभी पांडव भगवान शिव के आशीर्वाद प्राप्त करने और मुक्ति पाने के लिए पहुंचे थे। मान्यताओं के अनुसार, केदारनाथ धाम की यात्रा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। साथ ही जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। इतना ही नहीं मोक्ष की प्राप्ति भी होती है।

**बद्रीनाथ धाम यात्रा के लाभ**

बद्रीनाथ धाम में भगवान विष्णु का बद्रीनारायण स्वरूप समर्पित है। बद्रीनाथ धाम को संकद पुराण में बद्रीकाश्रम के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि यह भगवान विष्णु ने तप किया था और उन्हें ठंड से बचाने के लिए माता लक्ष्मी ने उन्हें बद्री के पेड़ के नीचे आश्रय दिया था। भगवान विष्णु ने नर नारायण के रुप में यहां तपस्या की थी। 8वीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य ने बद्रीनाथ मंदिर की फिर से स्थापना की थी। यहां दर्शन करने से व्यक्ति को अपने सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

# घर में दक्षिण दिशा की अशुभता को करें दूर इस दिशा में न रखें पानी की टंकी, जानें नियम




**वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा का विशेष महत्व बताया गया है। वास्तु के अनुसार, दक्षिण दिशा अग्नि को दर्शाती है साथ ही इस दिशा में मंगल और यम की दिशा भी कहा गया है। अगर दक्षिण दिशा वास्तु के अनुसार संतुलित न हो तो घर परिवार के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही आर्थिक मामलों में कुछ न कुछ बाधाएं आती रहती हैं। तो आइए जानते हैं वास्तु गुरु मान्या के अनुसार, दक्षिण दिशा को कैसा होना चाहिए।**

**दक्षिण दिशा में क्या नहीं होना चाहिए**

* वास्तु के नियमों के अनुसार, दक्षिण दिशा में पानी की टंकी नहीं होनी चाहिए। पानी से संबंधित चीजें दक्षिण दिशा में नहीं रखना चाहिए। वास्तु के नियमों के अनुसार, जल तत्व दक्षिण दिशा में नहीं होना चाहिए।

* दक्षिण दिशा में अग्नि की दिशा बताया गया है। इस क्षेत्र में किसी भी तरह को कोई एंटी एलिमेंट जैसे पानी की टंकी और वॉशिंग एरिया नहीं होना चाहिए। न ही इस दिशा में पूजा घर बनाना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो घर परिवार के सभी लोगों को कामकाज में काफी बाधाओं का सामना करना पड़ता है और आर्थिक स्थिति में भी सुधार नहीं होता है।

* दक्षिण दिशा में टॉयलेट भी नहीं बनाना चाहिए। वास्तु के नियमों के अनुसार, दक्षिण में टॉयलेट होने काफी हानिकारक होता है। अगर इस दिशा में टॉयलेट होने पर काम बनते बनते बिगड़ने लगते हैं। साथ ही लोगों की लोकप्रियता भी खराब हो जाती है।

* दक्षिण दिशा को मंगल की दिशा और यम की दिशा भी माना गया है। इसे यम के द्वार भी कहा जाता है। इस दिशा अगर काले या नीला रंग बोता है तो वह आपको कोर्ट केस या दुर्घटना आदि होने की आशंका अधिक रहती है। साथ ही इस दिशा में घर में पानी का जमाव न होने दें। क्योंकि, इसे सबसे बड़ा वास्तु दोष माना गया है। भूलकर भी इस दिशा में स्फटिक टैंक या स्विमिंग पूल न बनवाएं।

**दक्षिण दिशा में क्या बना सकते हैं**

* दक्षिण दिशा को अग्नि की दिशा भी कहा गया है और यह आपकी प्रसिद्धि से भी जुड़ी दिशा में ऐसे में इस एरिया में आप चाहें तो मास्टर बेडरुम बनवा सकते हैं। इस दिशा में मास्टर बेडरुम होने शुभ परिणाम देता है।

# शनि की महादशा में नवग्रहों की अंतर्दशा का क्या प्रभाव होता है

**शनि ग्रह की महादशा को ज्योतिषशास्त्र में बहुत ही अहम चरण माना गया है। शनि की महादशा 19 वर्षों की होती है। इस दौरान मनुष्य को कुंडली में शनि की स्थिति और अपने कर्मों के अनुसार फल मिलते हैं क्योंकि, शनि देवता को न्याय का देवता कहा गया है। कहते हैं कि शनि महाराज राजा को रंक और रंक को भी राजा बना सकते हैं। शनि महादशा की अवधि के दौरान अलग-अलग ग्रहों की अंतर्दशा भी आती है। मान लीजिए कि शनि की महादशा में चंद्रमा की अंतर्दशा चल रही हो तो जातक को अधिक सावधान रहने की आवश्यकता होती है। वहीं, बुध की अंतर्दशा हो तो यह भाग्य में वृद्धि करता है। इसी प्रकार नवग्रहों की अंतर्दशा का फल अलग-अलग प्राप्त होता है और इनकी अवधि लगभग 11 महीने से लेकर 3 साल तक होती है।**

**शनि की अंतर्दशा का प्रभाव**

अगर कुंडली में शनि की महादशा में शनि की अंतर्दशा चल रही हो, तो यह जातक के लिए सबसे अहम अवधि होती है। शनि की अंतर्दशा कुल तीन साल और तीन दिन तक चलती है। इस दौरान कई प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मान-सम्मान में कमी होने की आशंका रहती है। साथ ही, स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना आवश्यक होता है। इन दो साल की अवधि में वात रोग, कफ, ज्वर आदि होने की संभावना रहती है। हालांकि, आपको किसी ऐसे व्यक्ति से लाभ मिल सकता है, जिसकी आपने उम्मीद भी न की हो।

**उपाय : 'महामृत्युंजय मंत्र' नियमित रूप से विधिपूर्वक जाप करें।**

**बुध की अंतर्दशा का प्रभाव**

जब शनि की महादशा में बुध की अंतर्दशा चल रही हो तो यह जातक के भाग्य में भी वृद्धि कर सकती है। इसकी कुल अवधि दो साल, आठ महीने और नौ दिन तक होती है। इस दौरान मनुष्य के सुख-सौभाग्य और संपत्ति में वृद्धि होने के योग बने रहते हैं। साथ ही, समाज में मान-सम्मान बढ़ता है और कारोबार में उन्नति के मार्ग खुलते हैं। इस अवधि में जातक को मित्रों से सहयोग भी मिलता है। लेकिन बुध की अंतर्दशा में जातक को अपने पुत्र, भाई या बहन के स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक होता है।

**उपाय : श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।**

**शनि की महादशा में केतु की अंतर्दशा का प्रभाव**

अगर शनि की महादशा में केतु की अंतर्दशा चल रही हो, तो इस अवधि के दौरान जातक को धैर्य रखना आवश्यक होता है। केतु की अंतर्दशा कुल एक साल, एक महीना और एक दिन तक रहती है। माना जाता है कि इस दौरान घर-परिवार में पुत्र या पुत्री से विवाद होने की आशंका अधिक रहती है। ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक होता है। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना और विरोधियों से सतर्क रहना भी जरूरी होता है। आर्थिक मामलों में बाधाएं या रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है।

**उपाय : सफेद-काले कुत्ते को रोटी खिलाएं या सफेद-काले कंबल का दान करें।**

**शुक्र की अंतर्दशा का प्रभाव**

जब शनि की महादशा में शुक्र की अंतर्दशा चल रही हो तो इस अवधि को अच्छा माना जाता है। यह कुल तीन साल



और दो महीने तक चलती है। इस दौरान जातक को समृद्धि और मान-सम्मान प्राप्त हो सकता है। संतान की ओर से भी सुख मिलने के योग होते हैं। कृषि के क्षेत्र से जुड़े लोगों को उन्नति और व्यवसाय के क्षेत्र में प्रगति मिलने के योग बनने लगते हैं। जो जातक आयात निर्यात का व्यापार करते हैं उन्हें अधिक लाभ मिलने की संभावना होती है।

**उपाय : दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।**

**सूर्य की अंतर्दशा का प्रभाव**

अगर शनि की महादशा में सूर्य की अंतर्दशा चल रही हो तो इस अवधि मनुष्य को सजग रहना चाहिए। यह अवधि कुल ग्यारह महीने और 12 दिन की होती है। इस दौरान अनेक प्रकार की समस्याएं सामने आ सकती हैं। जातक को उदर विकार या नेत्र संबंधी परेशानी होने की आशंका रहती है। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सतर्कता बरतनी चाहिए। मान-सम्मान में कमी और धन संबंधी परेशानी की संभावना बन सकती है। परिवार में जीवनसाथी और पुत्र के स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना आवश्यक होता है।

**उपाय : आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें और सूर्यदेव को जल अर्पित करें।**

**चंद्रमा की अंतर्दशा का प्रभाव**

जातक को चंद्रमा की अंतर्दशा में सबसे अधिक सावधान रहना जरूरी होता है। शनि की महादशा में चंद्रमा की अंतर्दशा कुल एक साल और सात महीने तक रहती है। इस अवधि के दौरान जीवनसाथी और अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना आवश्यक होता है। किसी भी छोटी सी परेशानी को नजरअंदाज न करें। चिकित्सक से परामर्श लेना फायदेमंद होता है। अन्यथा यह आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। ऐसे में इस अवधि के दौरान मन को शांत रखना चाहिए और जल्दबाजी में कोई भी निर्णय लेने से बचना चाहिए। जल संबंधी कार्यों में भी सावधान रहना आवश्यक होता है।

**उपाय : सफेद चीजों जैसे- चावल, चांदी, सफेद तिल आदि का दान करें।**

# धुरंधर द रिवेंज की सफलता के बीच रणवीर सिंह ने की आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात



अभिनेता रणवीर सिंह फिलहाल अपनी लेटेस्ट फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' की सक्सेस को इन्जॉय कर रहे हैं। फिल्म अब तक 1671 करोड़ का कलेक्शन जुटाने में कामयाब हुई है। इसी बीच अभिनेता को आरएए-सएस के हेड क्वार्टर में देखा गया। इस दौरान रणवीर सिंह सिंपल व्हाइट कुर्ता-पजामा में दिखे। रणवीर सिंह हाल ही में नागपुर में आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार गोलवलकर स्मृति स्थल व स्मारक स्थल पहुंचे और फिर मोहन भागवत से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि मुलाकात का यह सिलसिला 4 घंटे तक चला। अभिनेता शाम 4 बजे नागपुर में आरएए-सएस के हेडक्वार्टर पहुंचे थे और करीब 8 बजे वहां से मुंबई के लिए रवाना हुए थे। हालांकि दोनों के बीच किन विषयों को लेकर बातचीत हुई, यह साफ नहीं हो पाया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस मुलाकात में 'धुरंधर: द रिवेंज' की सफलता और संघ के प्रभावी कामकाज को लेकर विस्तार में बातचीत हुई है। सोशल मीडिया पर भी अभिनेता के नागपुर जाने और मोहन भागवत से मिलने की फोटो तेजी से वायरल हो रही हैं। इससे पहले अभिनेता संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रखे गए कार्यक्रम का भी हिस्सा बने थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी वीडियो जारी कर संघ को 100 साल पूरे होने की बधाई दी थी। रणवीर सिंह संघ के कार्य और कार्य करने के तरीके से बहुत प्रभावित हैं। अभिनेता की 'धुरंधर: द रिवेंज' की वजह से हर तरफ चर्चा हो रही है। फिल्म में अभिनेता की एक्टिंग और एक्शन दोनों की भर-भर कर तारीफ हो रही है। फिल्म का हर किरदार शानदार रहा। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के बाद अभिनेता की यह पहली सुपरहिट फिल्म रही है, जिससे 1671 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है। अभी तक यह रिकॉर्ड बाहुबली-2 और पुष्पा-2 जैसी फिल्मों के नाम रहा है, लेकिन फिल्म इनका रिकॉर्ड तोड़ने के भी बहुत करीब है।



# नेशनल पेट डे पर कुब्रा सैत ने मजेदार अंदाज़ में जताया अपनी पेट शिफू सैत के प्रति प्यार

इस नेशनल पेट डे पर कुब्रा सैत ने अपने फैंस को अपनी प्यारी बिल्ली शिफू सैत से मिलवाते हुए, उसके साथ अपने प्यारे और शरारती रिश्ते की एक झलक दिखाई है, जो जितना क्यूट है, उतना ही मजेदार भी है।

हाल ही में सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में कुब्रा मज़ेदार अंदाज़ में अपनी फेलाइन साथी पर खूब प्यार लुटाती नजर आ रही हैं, जो देखते ही देखते चर्चा का विषय बन गया है हालांकि उससे बात करते हुए ओवर-द-टॉप अंदाज में गुनगुनाती कुब्रा सैत की इस क्लिप को खास बना रहा है शिफू के प्रति प्यार जताने का उनका ह्यूमरस अंदाज़। हालांकि इन सबसे बेफिक्र उनकी बिल्ली शिफू, भी कहीं न कहीं इसे एंजॉय करती नज़र आ रही है, जिससे हर पेट पैरेंट तुरंत रिलेट कर सकता है। यकीन मानिए कुब्रा की एक्सप्रेसिव सिंगिंग और ओवर-द-टॉप क्यूट बातों ने एक साधारण पल को भी बेहद एंटरटेनिंग बना दिया है। यह वही अनफिल्टर्ड और कैंडिड इंटरैक्शन है, जो दिखाता है कि पालतू जानवर हमारे अंदर के सबसे बेफिक्र और असली रूप को बाहर ले आते हैं।

सोशल मीडिया पर यह वीडियो फैंस के साथ गहराई से जुड़ गया है, क्योंकि कई लोग इसमें अपनी ही हरकतों की झलक देख रहे हैं। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि पालतू जानवरों के लिए प्यार हमेशा शांत और सधा हुआ नहीं होता, बल्कि कभी-कभी वह मस्तीभरा और बिल्कुल बेपरवाह भी हो सकता है। शायद यही वजह है कि यह इतनी बड़ी संख्या में लोगों के दिलों को छू रहा है।

फिलहाल अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत प्रोफेशनल मोर्चे पर भी लगातार अपने कामों में व्यस्त हैं। वैसे सैक्रेड गेम्स और 'सन ऑफ सरदार 2' जैसे प्रोजेक्ट्स के साथ हर बार अपनी वर्सेटिलिटी साबित कर चुकीं कुब्रा सैत ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन,हर बार अपनी छाप छोड़ना जानती हैं, लेकिन इस बार लगता है उनसे बाज़ी मार ले गई हैं उनकी प्यारी फरी को-स्टार शिफू सैत।


# 'कॉकटेल 2' के गाने 'जब तलक' के सेट पर छाई थी पॉजिटिव एनर्जी : शाहिद कपूर



अभिनेता शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'कॉकटेल 2' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। इस बीच मेकर्स ने बुधवार को फिल्म के पहले गाने 'जब तलक' को रिलीज कर दिया है, जिसे शाहिद कपूर ने बेहद खास बताया। उन्होंने बताया कि गाने की शूटिंग के दौरान सेट पर बहुत ही खुशनुमा और पॉजिटिव एनर्जी थी। शाहिद के लिए यह गाना खास इसलिए है क्योंकि यह फिल्म का पहला गाना है। शाहिद कपूर ने कहा, इस गाने की शूटिंग के दौरान सेट पर बहुत पॉजिटिव एनर्जी थी। हम सबने साथ में बहुत अच्छा समय बिताया। सब कुछ आसान, खुशनुमा और सहज लग रहा था। यही चीजें स्क्रीन पर भी दिख रही हैं। मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक इस गाने में मौजूद ईमानदारी और खुशी को स्क्रीन पर महसूस करेंगे और खुद को इससे जोड़ पाएंगे। जब तलक गाने में युवा जोश, धूप और खुशमिजाजी का खूबसूरत एहसास है। प्रीतम ने गाने को कंपोज किया है, जबकि अरिजीत सिंह और अकासा ने इसे अपनी आवाज दी है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।

अभिनेत्री कृति सेनन ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब तलक' में एक बहुत अच्छा और फील-गुड एहसास है। इसकी शूटिंग करना दोस्तों के साथ गर्मियों की छुट्टियां बिताने जैसा था। सिसली के खूबसूरत नजारे, हंसी-मजाक, संगीत और मस्ती से भरा माहौल था। शाहिद और रश्मिका के साथ काम करना बहुत मजेदार रहा। इंटरनेशनल क्रू और डांसर भी गाने की एनर्जी में पूरी तरह शामिल थे और इसे गुनगुना रहे थे।

रश्मिका मंदाना ने भी अपनी खुशी जताते हुए कहा, मेरे लिए 'जब तलक' गाना प्यार, दोस्ती और उन बेफिक्र पलों के बारे में है जिन्हें आप हमेशा याद रखना चाहते हैं। गाने में सुकून और खुशमिजाजी भरा एहसास है। शाहिद और कृति के साथ काम करना भी शानदार और मजेदार रहा। उनके साथ काम करके बहुत मजा आया। 'कॉकटेल 2' 2012 में आई हिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। इस नई फिल्म में पूरी तरह नई स्टार कास्ट नजर आएगी। फिल्म की कहानी लव रंजन और तरुण जैन ने लिखी है। यह फिल्म पुरानी फ्रैंचाइजी की कहानी को नए अंदाज में आगे बढ़ाएगी। फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण ऐतिहासिक कदम... रुपाली गांगुली ने जताई खुशी

अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण वाले बिल को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जताई है। रुपाली ने कहा कि यह बिल साल 2023 में पास होने के बाद अब लागू होने जा रहा है, जिससे अगले चुनाव से संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी। रुपाली गांगुली ने कहा, सालों लगे, लगभग 27-28 साल लग गए। 2023 में बिल पास हुआ और अब जाकर यह लागू होने वाला है। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पहले लगता था कि कोई पीछे से आ तो नहीं रहा, अब यह है कि मेरे पीछे मेरी सरकार है। अभिनेत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए इतने बड़े सुधार मोदी जी के आने के बाद ही संभव हो पाए। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पहले के समय में बच्चियों को जन्म के समय ही मार दिया जाता था या दूध में डुबो दिया जाता था, लेकिन अब ऐसी खबरें सुनाई नहीं देतीं।

रुपाली ने कहा, मोदी जी हर महिला को अपनी मां, बहन और बेटी के रूप में देखते हैं। उन्होंने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। मैं बहुत गर्व महसूस कर रही हूं कि मेरे देश में अब संसद में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के प्रसिद्ध वाक्य एक बाई शिकली तर पूर्णा परिवार शिकतो का हवाला देते हुए कहा कि एक महिला पढ़ जाती है तो पूरा परिवार पढ़ जाता है। हम बहुत लंबा सफर तय कर चुके हैं, लेकिन अभी भी बहुत काम बाकी है।

रुपाली गांगुली ने कहा कि समाज में अभी भी कई घरों में लड़कियों के साथ भेदभाव होता है, लेकिन अब धीरे-धीरे माइंडसेट बदल रहा है। उन्होंने अपनी पसंदीदा फिल्म 'धुरंधर' और टीवी शो 'अनुपमा' का उदाहरण देते हुए कहा कि ये कहानियां समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। 'अनुपमा' में पहली बार टीवी पर 'जय श्री राम' का नारा लगाया गया और रामनवमी दिखाई गई, जो पहले नहीं होता था।

महिलाओं के आरक्षण का पॉलिसी पर क्या असर पड़ेगा? इस सवाल पर रुपाली गांगुली ने कहा कि जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ आएंगी तो नीति-निर्माण में बड़ा बदलाव आएगा। महिलाएं एक मां, बेटी और बहन के नजरिए से सोचती हैं। उनकी सोच में भावनात्मक दृष्टिकोण ज्यादा होता है, जो शिक्षा, महिला सुरक्षा और परिवार से जुड़े मुद्दों पर बेहतर नीतियां बनाने में मदद करेगा। हां लेकिन मेरा ये कतई कहना नहीं है कि पुरुषों में भावनाएं नहीं हैं। उनमें भी होती है।

उन्होंने कहा, हम सशक्तिकरण की बात करते रहते हैं, लेकिन अब महिलाओं को असली शक्ति मिल गई है। जब महिलाएं खुद नीतियां बनाएंगी तो शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आएगा।

पीएम मोदी के साथ ही रुपाली ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी तारीफ की और कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और रात में बाहर निकलने की स्थिति को बेहतर बनाया है। अंत में रुपाली गांगुली ने कहा, मेरे सेट पर हेयरड्रेसर से लेकर सभी महिलाएं इस खबर से बहुत उत्साहित हैं। यह बदलाव ग्रासरूट स्तर तक पहुंच गया है। मैं मोदी जी को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने वो कर दिखाया जो कोई और नहीं कर सकता था।

# छोटे उस्तादों के साथ थिरकीं नीरू बाजवा जवाक के सेट से शेयर की मस्ती भरी झलक



पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा जल्द ही फिल्म 'जवाक' में नजर आएंगी। गुरुवार को नीरू ने सॉन्ग 'जवाक' की शूटिंग का मजेदार बीटीएस वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो इसलिए भी खास और मजेदार लग रहा है क्योंकि इसमें नीरू बच्चों के साथ मस्ती कर रही हैं और उनकी एनर्जी को मैच करते हुए डांस कर रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, संभलकर...छोटे-छोटे बच्चों में भी बहुत ज्यादा टैलेंट होता है। वाहेगुरु हमेशा आपको खुश और तरक्की में रखे। हमारी फिल्म जवाक जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

शूटिंग के दौरान बच्चों के साथ उनका यह मजेदार वीडियो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है।

सॉन्ग 'जवाक' काफी मजेदार है। इसमें नीरू बच्चों के साथ डांस करती दिख रही हैं। गाने को वरी राय ने लिखा है, जबकि संभी ने इसका संगीत तैयार किया है। गाना सभी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं।



फिल्म 'जवाक' का निर्देशन जतिंद्र महुअर जबकि निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में नीरू बाजवा के साथ गुरी घुमन, निर्मल ऋषि, बी.एन. शर्मा, राणा रणबीर और रविंदर मांड मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को लेकर मुख्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

नीरू बाजवा पंजाबी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया है और दर्शकों का खूब प्यार बटोरा है। अब उनकी नई फिल्म 'जवाक' को लेकर काफी उत्सुकता है। यह फिल्म पंजाबी भाषा में है और इसमें नीरू की मजबूत अभिनय शैली एक बार फिर देखने को मिलेगी।

अभिनेत्री हिंदी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आई थीं। इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में अभिनेत्री नीरू ने 'डिंपल' नाम का एक महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, रवि किशन और दीपक डोबरियाल भी हैं। यह फिल्म 2012 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है।